CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 5 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 244 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है : खड़गे पेज 2



एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप: आशीष लिमाए ने गोल्ड जीता खेल टाइम्स



फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात सम्पादकीय



अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश, कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला पेज 12


# भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन से गले मिले पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, रेड कार्पेट वेलकम दिया
- पहले ही रूस के कई मंत्री पहुंच चुके थे दिल्ली

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति की पालम हवाई अड्डे पर अगवानी की। पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ एक कार में सवार होकर निकल गए। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके हैं। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल हैं। एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।



## विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती मोदी सरकार : राहुल गांधी

- पहले विदेशी मेहमानों से विपक्षी नेताओं को मिलने दिया जाता था

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे, तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था। यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है, लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए, लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं।



### पक्के इरादे का दूसरा नाम है भारतीय नौसेना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। श्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के सालों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता व आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया है। इससे हमारा सुरक्षा सिस्टम और मजबूत हुआ है। मैं इस साल की दिवाली कभी नहीं भूल सकता, जो मैंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ मनाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक पर करीब साढ़े तीन घंटे की चर्चा और उस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद राज्यसभा ने बिना किसी संशोधन के इसे लोकसभा को लौटने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसे बुधवार को लोकसभा की मंजूरी मिल गई थी। चर्चा के दौरान विपक्ष ने इसे जहां राजस्व वसूली का प्रयास बताते हुए विधेयक की आलोचना की, वहीं सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसे जन स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुनिया में 80 देश सिगरेट की कीमतों को निरंतर बढ़ाते रहते हैं, ताकि इसके उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। भारत भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिगरेट महंगाई सूचकांक के मानकों के अनुसार इस पर कर एवं शुल्क की दरों में संशोधन करता है।

### राजस्थान में तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस कोल्डवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3.2डिग्री सेल्सियस और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8डिग्री सेल्सियस, कल्पा में -1.5डिग्री सेल्सियस, कुकुमसेरी में -3.9डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2डिग्री सेल्सियस- 3डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी।

# बीएलओ के काम के दबाव को कम करें: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: राज्य व केंद्र सरकार अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम न कर पाने पर बीएलओ के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए। टीवीके के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। यदि बीएलओ टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो ईसी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध कराएं। टीवीके वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि हमारे पास 35 से 40 बीएलओ की जानकारी है, जिन्होंने एसआईआर के दौरान बहुत ज्यादा काम के दबाव की वजह से आत्महत्या की है। ये सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। इन्हें धारा 32 आरओपीए के तहत नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर वे समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करेंगे, तो उन्हें 2 साल की जेल होगी। उत्तर प्रदेश में बीएलओ के खिलाफ 50 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्हें (चुनाव आयोग) इस पर गर्व है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देखिए, यह कानूनी प्रक्रिया है, तो इसे करना ही होगा। कोई बीमार हो सकता है। मौत के अन्य स्वास्थ्य कारण भी हो सकते हैं। राज्य सरकारें इन कर्मचारियों को तैनात करती हैं। इसलिए हम राज्यों को बता सकते हैं कि जहां भी कर्मचारियों को समस्या हो रही है, उनकी जगह किसी और को नियुक्त किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त कर्मचारी, एसआईआर सहित, वैधानिक कर्तव्यों को पूरा के लिए चुनाव आयोग के -**शेष पृष्ठ दो पर**

SIR में लगे 29 BLO की अब तक हो चुकी है मौत



# विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन सोनिया गांधी बोलीं- कैसे सांस लें

शाह टाइम्स ब्यूरो




- बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आए थे और 'मौसम का मजा लें' का बैनर हाथों में था। पीएम मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था 'मौसम का मजा लीजिए।' सांसद नारे लगाते हुए सरकार से संसद में प्रदूषण की समस्या पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। सदस्यों ने कई बार सदन में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया और इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव भी लगातार लोकसभा अध्यक्ष को दे रहे हैं। बाद में श्रीमती गांधी ने कहा कि बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उनके जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किस मौसम का आनंद लें। बाहर का हाल देखिए। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सरकार को ठोस कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है कि हम एक-दूसरे पर उंगली उठाएं। श्रीमती गांधी ने प्रदूषण के संकट को लेकर बुधवार को एक अखबार में लेख भी लिखा था, जिसमें खनन की इजाजत देने की सरकार की नीति की आलोचना की गई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिन से सक्रिय हैं।

## सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे: गडकरी

- संसद में बोले : बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा, 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा।

उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था।

### रुपया 90.43 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपये में गुरुवार को और गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में यह 90.43 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 18.50 पैसे गिरकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया गुरुवार को 21.50 पैसे की गिरावट में 90.36 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.43 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। रुपया बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट में बंद हुआ था।

## इंडिगो की 400 उड़ानें रद्द, आज भी जारी रहेगी परेशानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गई अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं।

दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में गुरुवार को उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बताई गई है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की हैं। शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है। इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव किए जा रहे हैं, जो अगले 48 घंटे तक (शुक्रवार शाम तक) जारी रहेंगे। इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं।




### सुषमा स्वराज के पति पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पर पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसम्बर को निधन हो गया। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था।

## भाजपा को 959, कांग्रेस को 313 करोड़ चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

- टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ दिए
- भाजपा को मिला चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा

**नई दिल्ली।** भाजपा को साल 2024-25 में इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये कांग्रेस से करीब तीन गुना राजनीतिक चंदा मिला। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा को इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये 959 करोड़ रुपये मिले।

कांग्रेस को मिले कुल चंदे 517 करोड़ में से 313 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये हासिल हुए। बीते साल की रिपोर्ट बताती है कि तृणमूल कांग्रेस को कुल 184.5 करोड़ का चंदा मिला, जिसमें 153 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट से आए। कांग्रेस की वार्षिक डोनेशन रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि भाजपा की रिपोर्ट अपलोड नहीं हुई है। इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था हैं, जिसके जरिये राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से सियासी दलों तक पहुंचाया जाता है। देश में कंपनियां राजनीतिक दलों को सीधे दान नहीं देती। इसलिए, वे इलेक्टोरल ट्रस्टों के जरिये राजनीतिक दलों तक चंदा पहुंचाती हैं। इलेक्टोरल ट्रस्टों की रिपोर्ट बताती है कि फरवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म किए जाने के बाद भी भाजपा की फंडिंग कम नहीं हुई। पार्टी को प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट से 757.6 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक ट्रस्ट से 150 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट से 30.1 करोड़, ट्रायम्फ ट्रस्ट से 21 करोड़, जन कल्याण ट्रस्ट से 9.5 लाख और आइंजिगार्टिंग ट्रस्ट से 7.75 लाख रु. मिले। 2018-19 में भी टाटा ग्रुप के पीईटी ने 3 दलों को 454 करोड़ रुपये बांटे थे। इनमें से 356 करोड़ रुपये भाजपा को मिले थे।



## तृणमूल कांग्रेस ने विधायक कबीर को किया निलंबित

- भरतपुर विधायक ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का दिया था प्रस्ताव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया। भरतपुर विधायक कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव रखा था, जिस पर उठे राजनीतिक बवाल के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने संबंधी उनके प्रस्ताव से पूरे पश्चिम बंगाल में विवाद उत्पन्न हो गया था, जिस पर पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से प्रतिक्रियाएं आ रही थीं। विधायक कबीर को पार्टी से निलंबित करने की घोषणा वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता एवं कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती की छह दिसम्बर को नोएडा में होने वाली रैली रद्द

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बड़ा दिल दिखाते हुए शनिवार (6 दिसंबर) को नोएडा में होने वाली अपनी विशाल जनसभा को अचानक रद्द कर दिया। यह रैली बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल (नोएडा) पर होनी थी, जिसमें पश्चिमी यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड से लाखों कार्यकर्ता पहुंचने वाले थे। पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद ही पोस्ट कर प्रस्तावित रैली रद्द करने का ऐलान कर दिया। उन्होंने रैली रद्द करने की वजह आमजन को होने वाली दिक्कतों को बताया। उन्होंने अपने लंबे पोस्ट में कहा कि मेरे जाने पर वीआईपी सुरक्षा के नाम पर जो भारी-भरकम सरकारी इंतजाम होते हैं, उससे आम लोगों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को खासी दिक्कत होती है, घंटों इंतजार करना पड़ता है, धक्का-मुक्की भी होती है। मेरी वजह मेरे अपने लोगों को तकलीफ हो, यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसलिए इस बार मैं खुद नहीं आऊंगी।

### योगी ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परिजनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने एक्स पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में कहा है कि देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तत्पर, अपने अदम्य साहस, शौर्य और निष्ठा से राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परि. जनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई दी।

# टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मुद्दा गूंजा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **लोकसभा में शिव सेना के संभाजीराव ने उठाया**

लोकसभा में गुरुवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मामले में उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले से देश के करीब 25 लाख शिक्षकों के भविष्य अधर में लटकने का मामला उठाया गया।

शिव सेना के धैर्यशील संभाजीराव माने ने शून्यकाल के दौरान कहा कि देश भर के शिक्षकों के प्रश्न को आज बहुत ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। कोर्ट के निर्णय पर देश के 25 लाख शिक्षकों का भविष्य निर्भर है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) लागू होने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा को लागू किया गया जिसमें पहले भर्ती किए गए शिक्षक इस परीक्षा से बाहर थे, लेकिन अब देश भर के सभी शिक्षक जो 53 साल से नीचे के हैं, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है। अगर कोई पात्रता परीक्षा पास नहीं करेगा, तो उसे नौकरी से हटा दिया जाएगा। केंद्र सरकार से आग्रह है कि यह सभी शिक्षक अपनी स्थानिक परीक्षा पास करके भर्ती हुए हैं, तो केंद्र सरकार उनकी तरफ से पार्टी बनकर सुप्रीम कोर्ट में जाए, ताकि शिक्षकों के साथ कोई अन्याय नहीं हो।

### रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार बार-बार कहती है कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है जो सटीक रूप से देश के आर्थिक हालात को बयां करता है। खड़गे ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि रुपये की कीमत लगातार गिर रही है और इससे साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। उनका कहना था कि भले ही सरकार बार-बार कहती हो कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपये का लगातार कमजोर होना संकेत देता है कि आर्थिक स्थिति क्या है।

### कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने राज्यसभा में उठाया रुपये में गिरावट का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद विवेक के तन्खा ने राज्यसभा में रुपये में ऐतिहासिक गिरावट का मुद्दा उठाते हुए गुरुवार को कहा कि यह आम लोगों, कंपनियों और निर्यातकों तथा आयातकों को एक समान प्रभावित कर रहा है। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि पिछले पांच साल में रुपया 20-27 प्रतिशत टूट चुका है। इसका मतलब यह हुआ कि अब लोगों की खरीदने की क्षमता 25 प्रतिशत कम हो चुकी है। इसी साल रुपये में पांच प्रतिशत की गिरावट रही है, जो साल 2022 के बाद सबसे अधिक है और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है।

# यूपी में 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन मिलने का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **नहीं करना होगा आवेदन, लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: होगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी। इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे। नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः चयन होगा। इसके अलावा जो व्यक्ति अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में जोड़ लिए जाएंगे। लाभार्थी की सहमति एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर डीबीटी के जरिए समय पर पेंशन भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली का पायलट परीक्षण अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में शुरू किया जाएगा। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। सभी जिलों को 30 दिनों के भीतर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लाभार्थी हैं।

# यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस: अजय राय

**लखनऊ, वार्ता**



■ **अच्छा प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा विस टिकट**

कांग्रेस ने यूपी में पंचायत चुनाव 2026 अकेले लड़ने का फैसला किया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है इस फैसले से समाजावादी पार्टी के साथ उसकी दोस्ती नहीं टूटेगी। सूत्र ने महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह से वहां महायुति के तीनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, वह यहां भी हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस आगामी पंचायत चुनाव इसलिए अकेले लड़ने जा रही है, क्योंकि वर्ष 2027 के चुनाव में उसे अपनी जमीन अभी से तैयार करनी है। पार्टी का मानना है कि वह जब वर्ष 2026 का पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी, तभी उसके जनाधार के साथ-साथ संगठन की मजबूती पर भी काम होगा। कांग्रेस की को. शिश है कि 75 जिला पंचायतों समेत सभी नगर पंचायतों में अकेले चुनाव लड़कर वह विधानसभा की भी तैयारी करे। जो प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, पार्टी उन्हें वर्ष 2027 के चुनाव में टिकट दे सकती है। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी और इसी पंचायत चुनाव परिणाम के आधार पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट प्रदान किया जाएगा। सपा के साथ गठबंधन वाले सवाल पर अजय राय ने स्पष्ट किया किया कि यह राष्ट्रीय नेतृत्व का काम है। हम प्रदेश के 403 विधानसभा सीट पर संगठन सृजन का कार्य कर रहे हैं।

## पंच प्रण पर ध्यान देना देश के हर व्यक्ति का कर्तव्य: योगी

# आत्मनिर्भर व विकसित होगा 47 का भारत

**गोरखपुर, वार्ता**



**हमें ऐसा भारत चाहिए, जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आत्मनिर्भर व विकसित भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताते हुए कहा कि भारत विक. सित तब हो सकता है, जब हर व्यक्ति पंच प्रण पर ध्यान दे।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवा. सियों के सामने लक्ष्य रखा कि 2047 में देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर, विकसित भारत चाहिए। जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो। वहां जाति, भाषा, क्षेत्र का विवाद और अभाव न हो। कोई नागरिक आपदा का शिकार न हो। एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने सीएम योगी की मौजूदगी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया और कहा कि यह हर नागरिक पर समान रूप में लागू होते हैं।

**पहला प्रण:** हर भारतवासी को पूर्वजों, संस्कृति, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। महाराणा प्रताप, गुरु गो. विद सिंह महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह उसी परंपरा के नायक हैं, जिसे हर भारतवासी विरासत कहता है। **दूसरा प्रण:** सीएम ने कहा कि बीच के कालखंड में हर देशवासी भूल गया कि जब दुनिया अंधकार में थी, तब भारत बड़ी ताकत था। देश जब आजाद हुआ, तब दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा महज डेढ़ फीसदी रह गया था। अब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। **तीसरा प्रण:** सैन्य बलों का सम्मान सैनिक, यूनिफॉर्म धारी फोर्स (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) का सम्मान करना है। **चौथे प्रण** की चर्चा कर सीएम योगी ने कहा कि सिामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा होने से रोकना होगा। हमारी पहचान राष्ट्रीयता के आधार पर होनी चाहिए। **पांचवें प्रण** के रूप में नागरिकों कर्तव्यों का निर्वहन का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि दूसरों के ऊपर कानून लागू होगा और हमारे ऊपर नहीं होगा। यही प्रवृत्ति ही सारी समस्याओं की जड़ है

### संस्कृति समाप्त होने पर पहचान को खो देता है राष्ट्र

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवा. जी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं। योगी ने कहा कि संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग-अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।



**सेंसेक्स** 85265.32
**निफ्टी** 26033.75



**सोना रु.** 129867
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 179919
प्रति किलो



# लिवाली से सूचकांकों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**



डॉलर के मुकाबले रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भी बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में तेजी से प्रमुख सूचकांक चार दिन बाद बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक (0.19 प्रतिशत) चढ़कर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 47.75 अंक यानी 0.18 फीसदी की बढ़त में 26,033.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में गिरावट जारी रही। निफ्टी मिडकैप-100 सूचकांक 0.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.24 प्रतिशत लुढ़क गया। रुपया आज सुबह के कारोबार में 90.43 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक टूट गया, जिससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि बाद में सार्वजनिक तथा निजी बैंकों के माध्यम से रिजर्व बैंक के डॉलर बेचने से रुपये ने वापसी की। आईटी में सबसे अधिक तेजी रही। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे। मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,212 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ जिनमें 1,740 में गिरावट और 1,380 में तेजी रही, जबकि 92 कंपनियों के शेयर गत दिवस के स्तर पर ही बंद रहे। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। टीसीएस का शेयर 1. 54 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा में 1. 28 प्रतिशत और इंफोसिस में 1.24 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल, भारती एयरटेल, सनफार्मा, बीईएल, ट्रेंट, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। इटरनल में 0.69 प्रतिशत की गिरावट रही। मारुति सुजुकी का शेयर 0.54 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.33 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.68 प्रतिशत की तेजी में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 फीसदी टूट गया।

# सोना का भाव नीचे गिरा चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 800 रुपये से ज्यादा गिरावट आई, जबकि चांदी की कीमत 3,000 रुपये से ज्यादा गिर गई।

सोना आज 1,30,799 रुपये पर खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसमें गिरावट आई और 12.26 बजे यह 595 रुपये यानी 0.46 फीसदी गिरावट के साथ 1,29,867 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है। चांदी भी आज 1,82,621 पर खुली, लेकिन दोपहर बाद 12.26 बजे यह 2,433 रुपये यानी 1. 33 फीसदी की गिरावट के साथ 1,79,919 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। मजबूत वैश्विक रुझानों और रुपये में भारी गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश मांग के लिए समर्थन मिलने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 670 रुपये चढ़कर 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई है। हालांकि चांदी ने छह दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ दिया और इसकी कीमत 460 रुपये की गिरावट के साथ 1,80,900 रुपये प्रति किला. ग्राम रह गई।

# चावल-गेहूं, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,860.39 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,848.55 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल 30 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 47 रिंगिट फिसलकर 4,106 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 प्रतिशत चढ़कर 51.69 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सूरजमुखी तेल 18 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति 15



रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सरसों तेल की कीमत भी दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.23 रुपये, मसूर काली 8167. 57 रुपये, मूंग दाल 10101.75 रुपये, उड़द दाल 10385.59 रुपये, तुअर दाल 10584.88 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.55 रुपये और चावल 3860.39 रुपये प्रति क्विंटल।

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरा. जगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी- भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बीएलओ के...** अधीन हैं। अगर उन्हें कोई समस्या आ रही है, तो राज्य सरकार उनकी कठिनाई को दूर कर सकती है, जिसके लिए 3 निर्देश जारी किए गए, निर्देशों के अनुसार राज्य अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करे ताकि काम के घंटे कम किए जा सकें। जहां किसी व्यक्ति के पास ड्यूटी से छूट मांगने के लिए कोई खास कारण हो, राज्य सरकार ऐसी अपील पर विचार करेगी और उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगी। अगर कर्मचारियों के किसी दिक्कत का समाधान नहीं हो पाता है, तो पीड़ित व्यक्ति कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में 2 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और अन्य राज्यों में वोटर्स लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। राज्यों सरकारों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सलाह दी थी कि वह केरल में स्थानीय निकाय चुनावों की चल रही तैयारियों को देखते हुए एसआईआर फार्म जमा करने की समय सीमा को और बढ़ा दे। बेंच ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों के पास भरे हुए फार्म अपलोड करने के लिए पर्याप्त समय होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि इसे और आगे बढ़ाया जाए, ताकि जो लोग इससे वंचित रह गए हैं, उन्हें भी मौका मिल सके। चुनाव आयोग ने 30 नवम्बर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। पहले 4 दिसम्बर की समय सीमा थी। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसम्बर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसम्बर को जारी किया जाएगा।

# लखनऊ विवि की बड़ी खोज: पान के पत्ते में मिला अल्जाइमर के उपचार का सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **अल्जाइमर से सोचने व समझने की शक्ति घटती है**


**लखनऊ।** धार्मिक/सांस्कृतिक व स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पान के पत्ते ने अब अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की नई उम्मीद जगाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की बायोजेरोन्टोलॉजी और न्यूरो बायोलॉजी प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों की एक टीम ने पान के पत्ते में पाए जाने वाले एक विशेष प्राकृतिक तत्व हाइड्रॉक्सीचाविकोल को दवा के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया है।

अल्जाइमर रोग को दुनियाभर में डिमेंशिया का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इस बीमारी में धीरे-धीरे याददाश्त और सोचने- समझने की क्षमता कम होती जाती है। अभी तक इस रोग का पूरा इलाज मौजूद नहीं है और जो दवाएं मिलती हैं वे सीमित राहत ही दे पाती हैं। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार नई दवाओं की तलाश में जुटे हैं। गुरुवार को शोध का नेतृत्व कर रहे डा. नितीश राय ने बताया कि शोध के दौरान कम्प्यूटर आधारित तकनीकों से यह देखा गया कि हाइड्रॉक्सीचाविकोल शरीर के उन प्रोटीनों पर कैसे असर डालता है, जो अल्जाइमर से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान ऐसे 88 जीनों की पहचान की गई, जो इस तत्व और बीमारी दोनों से जुड़े पाए गए। इनमें से सीओएमटी, एचएसपी 90एए1 और जीएपीडीएच नाम के तीन प्रोटीन सबसे अहम साबित हुए। ये प्रोटीन दिमाग में संदेश पहुंचाने और मस्तिष्क को. शिकाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध से यह भी पता चला कि यह तत्व इन प्रोटीनों से अच्छी तरह जुड़ता है और बीमारी से जुड़े कई कारणों पर एक साथ असर डाल सकता है। इसमें दवा जैसे गुण पाए गए हैं और यह शरीर में आसानी से अवशोषित हो सकता है। इसलिए भविष्य में इसे मौखिक दवा यानी गोली के रूप में विकसित किया जा सकता है। डा. नितीश राय के मुताबिक यह खोज अभी शुरुआती चरण में है और इसे आगे प्रयोगशाला व मरीजों पर परीक्षणों के बाद ही उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पान के पत्ते में पाया जाने वाला यह तत्व सस्ता, सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध हो सकता है, इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पाइपलाइन टूटने से कई इलाकों में पानी सप्लाई ठप्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार मेट्रो स्टेशन के नीचे मंगलवार शाम पानी की बड़ी पाइपलाइन फटने के बाद मरम्मत का काम तेज गति से चल रहा है।

घटना के दौरान सड़क भी धस गई और आसपास के इलाकों में पानी फैल गया, जिससे वजीराबाद रोड का एक हिस्सा बंद करना पड़ा। इलाके में ट्रैफिक और पानी की सप्लाई दोनों प्रभावित हुई। घोंडा विधानसभा के विधायक अजय महावर ने गुरुवार को बताया कि यमुना विहार मेट्रो स्टेशन के पास पुरानी लाइन को बदलने का काम चल रहा था, इसी दौरान पाइप फट गया और सड़क बैठ गई। उन्होंने कहा कि रास्ता बंद होने से लोगों को दिक्कत जरूर हुई है, लेकिन पाइप बदलने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि गुरुवार देर शाम तक काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद यातायात भी सामान्य हो सकेगा। जल संकट से प्रभावित इलाकों के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने



हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं और टैंकरों के माध्यम से सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। रोहताश नगर विधानसभा में अशोक नगर, हरदेवपुरी, ईस्ट ज्योति नगर, दुर्गापुरी एक्सटेंशन, नाथू कॉलोनी के दोनों हिस्से, राम नगर, चंद्रलोक, भगवानपुर खेड़ा, जगजीवन नगर, जगतपुरी और एमएस पार्क जैसे कई इलाकों में सप्लाई ठप रही। जलबोर्ड ने बताया कि रोहताश नगर, बाबरपुर और गोकुलपुरी विधान सभा सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। रोहताश नगर के विधायक जितेंद्र महाजन ने बताया कि उनकी विधानसभा में आठ टैंकर लगातार सप्लाई दे रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड में जे.ई हेमंत गौतम ने कहा कि पाइपलाइन को ठीक करने का काम युद्धस्तर पर जारी है और उम्मीद है कि आज रात तक पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी।

## ठंड-प्रदूषण का डबल अटैक कई इलाकों में हवा बहुत खराब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा लगातार जानलेवा बनी हुई है। गुरुवार की सुबह शहर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत, खाँसी और आंखों में जलन हो रही है। ऐसे में स्वास्थ्य समस्या देखने को मिल रही है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, राव तुला राम मार्ग के आसपास का एक्यूआई 344 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। इसी तरह अक्षरधाम, गाजीपुर और आनंद विहार जैसे इलाकों में भी एक्यूआई 318 दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। आने वाले दिनों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। पहाड़ों पर बर्फबारी से दिल्ली में ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार 5 दिसंबर को आसमान अधिकतर साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 22 और 6 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है।

अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 46 प्रतिशत रही। वहीं, लोधी रोड सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां न्यूनतम पारा 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, रिज में 7.2, पालम में 8.1 और आया नगर में 7.3 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखी। इसके चलते दृश्यता कम रही और लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# डेरी संचालक हत्याकांड में साजिश कर 3 शार्प शूटरों ने चलाई थीं गोलियां, दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** डेरी संचालक रतन लोहिया हत्याकांड में साउथ दिल्ली स्पेशल की टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। हत्यारोपितों में कुछ की पहचान सामने आ चुकी है। गोली मारने वाले मुख्य तीन आरोपी यूपी के पेशेवर शार्प शूटर बताए जा रहे हैं। तीन अन्य लोग बैकअप के लिए एक अलग कार में सवार थे, जिनमें से एक फरीदाबाद के तिगांव थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। सभी हमलावर तिगांव से वारदात वाली सुबह करीब चार बजे दो कारों में सवार होकर निकले थे।

वहीं, आया नगर में पहुंचकर तीन शूटर कार से बाहर डेरी संचालक के इंतजार में वारदात स्थल पर खड़े हो गए जबकि, दूर खड़ी दूसरी कार में तीन अन्य आरोपी थे, जिन्होंने रतन के वहां पहुंचने पर निशानदेही की थी। हत्या की घटना के करीब तीन घंटे बाद ही वारदात में प्रयुक्त दो में से एक कार को स्पेशल सेल टीम ने फरीदाबाद के चांदपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में गांव लेहडोला से लावारिस हालत में बरामद किया था।

पुलिस को पता चला है कि बदमाशों संग करीब छह महीने पहले छतरपुर मेट्रो स्टेशन के बाहर गोलियों से छलनी किए गए अरुण की ननिहाल से भी एक-दो स्वजन थे। इसीलिए स्पेशल सेल की टीम ने बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे फरीदाबाद के तिगांव में एक बार फिर दबिश दी। दूसरी कार और हत्यारोपितों की तलाश जारी है। हालांकि, दक्षिणी जिला पुलिस ने अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। बुधवार को स्पेशल सेल की टीम ने तिगांव गांव में एक संदिग्ध हत्यारोपी व उसके परिवार के सदस्यों के घर पहुंचे थे, तो वहां सभी के घर ताले लगे थे। पुलिस ने जब पड़ोसियों से पूछताछ की तो किसी ने बताया कि परिवार के सदस्य बीते 30 नवंबर की रात को करीब 11.30 बजे के आसपास गाड़ियों में बैठकर कहीं चले गए थे, जो वापस नहीं लौटे हैं। जबकि हत्या की वारदात सुबह 6.25 बजे अंजाम दिया गया था। यह माना जा रहा है कि सुनियोजित साजिश के तहत डेरी संचालक की हत्या की गई

सूत्रों के मुताबिक, डेरी संचालक की हत्या में जांच के दौरान पुलिस को सबसे पहला और बड़ा इनपुट मिला। करीब छह महीने पहले रंजिश में आया नगर के ही रहने वाले जिस अरुण लोहिया की हत्या की गई थी, उसके अंतिम संस्कार में चिता के समक्ष खड़े होकर ननिहाल पक्ष के एक व्यक्ति ने बदला लेने के लिए चार गुना गोली मारने की कसम खाई थी।

## डेढ हजार किलो नकली देशी घी व 55 लीटर एसेंस बरामद किया

**नई दिल्ली।** क्या आपके घर में आने वाला पैकेट वाला देशी घी असली है या नकली। असल में आउटर-नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की डिस्ट्रिक्ट इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने बंसल एग्रो फूड इंडस्ट्रीज, खेड़ा कलां, अलीपुर स्थित फैक्टरी में छापेमारी करके डेढ हजार किलो नकली देशी घी और 55 लीटर एसेंस बरामद किया है। कई हजार किलो नकली देशी घी मार्किट में सप्लाई होने के बाद घरों में चला गया था। कहां कहां और किस किसको सप्लाई किया गया। पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार करके उनको भी पकडने और नकली घी जब्त करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डीआईयू को अलीपुर इलाके में नकली देसी घी बनाने की फैक्ट्री चलने की जानकारी मिली थी।

## यूनिवर्सिटी का नाम जांच में आने से छात्रों के परिजन परेशान

**नई दिल्ली।** अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों के परिजनों ने केंद्र व राज्य सरकार को पत्र लिखकर छात्रों के भविष्य पर ध्यान देने की मांग की है। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री, डीजी हेल्थ व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को ये पत्र लिखा गया है। परिजनों की ओर से कहा गया है कि आतंकवाद और दिल्ली बम धमाके से जुड़े मामले में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ डॉक्टर और अन्य स्टॉफ की गिरफ्तारी हुई है। सेंट्रल और स्टेट एजेंसियां जांच कर रही हैं। अल-फलाह यूनिवर्सिटी और उसके मेडिकल कॉलेज को सीधे टेरर हब या टेरर से जुड़ा कैंपस बताया जा रहा है। इससे यूनिवर्सिटी की छवि को नुकसान हुआ है।

# मृतक की पत्नी को मिली दस लाख की सहायता राशि

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करावल नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित यमुना नदी के किनारे पर हुए एक दुखद हादसे में जान गंवाने वाले मृतक कुलदीप नैलवाल की पत्नी को आज विधि एवं न्याय मंत्री तथा करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

ज्ञात हो कि 4 अक्टूबर 2025 को कुलदीप नैलवाल का सोनिया विहार के यमुना नदी में फिसलकर गिर जाने के कारण दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से निधन हो गया था। पीड़िता दीपा नैलवाल को दिल्ली सचिवालय में चेक प्रदान करते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त की और कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

सरकार तथा स्थानीय प्रशासन पीड़ित परिवार के संपर्क में है और सभी आवश्यक मदद प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मंत्री कपिल मिश्रा ने पीड़िता दीपा नैलवाल की नौकरी का जल्द इंतजाम करने और बेटी की शिक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने की बात कही।



करावल नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित यमुना नदी के किनारे पर हुए एक दुखद हादसे में जान गंवाने वाले मृतक कुलदीप नैलवाल की पत्नी को न्याय मंत्री कपिल मिश्रा दिल्ली सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का चेक प्रदान करते हुए।

## एक नजर

### दिल्ली में पहली बार भारतीय स्वदेशी मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय व्यापार, वाणिज्य, संस्कृति और नवाचार की उभरती शक्ति को प्रदर्शित करने की ऐतिहासिक पहल करते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज घोषणा की कि देश का पहला सबसे बड़ा "भारतीय स्वदेशी मेला" 1 मई से 5 मई तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। स्वदेशी उत्पादों का यह महा-उत्सव भारत में अब तक आयोजित होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक होगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल", "लोकल टू ग्लोबल" और "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प को सशक्त रूप से आगे बढ़ाएगा।

यह मेला स्वदेशी जागरण मंच, लघु उद्योग भारती, एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम तथा देशभर के अनेक प्रमुख राष्ट्रीय व्यापार संगठनों, महासंघों और चौंबरों के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जाएगा ख्र यह जानकारी आज नई दिल्ली में हुई कैट द्वारा गठित "स्वदेशी मेला आयोजन बोर्ड" की राष्ट्रीय बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन डॉ. रामगोपाल गोयल ने की। ज्ञातव्य है की 25 नवंबर को नई दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय ट्रेड लीडर्स मीट में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव कैट को दिया था। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चाँदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की "भारतीय स्वदेशी मेला भारत की उद्यमशीलता शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य उत्सव होगा। यह लाखों व्यापारियों, कारीगरों, निर्माताओं और स्टार्टअप्स को अपने व्यापार को बढ़ाने, नए बाजार खोजने और भारत की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने का राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

### लापरवाही पर अदालत ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** उत्पीड़न के मामलों में बढ़ती लापरवाही पर गुजरात हाईकोर्ट ने अहमदाबाद साइबर क्राइम सेल को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि तकनीकी युग में साइबर अपराध को हल्के में लेना बेहद खतरनाक है और पुलिस की निष्क्रियता पीड़ितों के लिए दूसरी सजा बन रही है।यह टिप्पणी अदालत ने कपिल मोमराज शर्मा की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। शर्मा ने जून 2025 में दो आरोपियों पंकज प्रसून और प्रणय कुमार सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अपमानजनक संद. ेशों की शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन महीनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस पर न्यायमूर्ति एम.आर. मेंगदेय ने अहमदाबाद साइबर क्राइम सेल को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत का निपटारा आठ सप्ताह के भीतर किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि साइबर अपराध पीड़ितों को समय पर न्याय देने के लिए तेज जांच और ठोस कार्रवाई जरूरी है।

### टिंडर ने 2026 के लिए पेश किए ट्रेंड्स

**नई दिल्ली।** साल खत्म होने को आ गया है, लेकिन स्पष्टता की शुरुआत अभी हो रही है। टिंडर के ईयर इन स्वाइप 2025 में पता चला है कि सिंगल्स ने रोमांस पर रीसेट बटन कैसे दबाया है। ये सिंगल्ध्स भ्रम को छोड़कर, इरादों को डिकोड करके और कनेक्शन में मजे की फिर से खोज करके आगे बढ़ रहे हैं। यदि 2024 इंटेंशनल डेटिंग के बारे में था, तो 2025 प्लॉट के बाद की शांति बन गया। इस साल के वायरल ट्रेंड्सख्र' बॉयफ्रेंड्स एंबैरसिंग हैं' मीम्स से लेकर सोलो सॉफ्ट लॉन्चेस के उदय तक – ने दिखाया कि सिंगल्स प्यार से दूर नहीं भाग रहे, वे बस इसे अपनी शर्तों पर फिर से परिभाषित कर रहे हैं। टिंडर की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मेलिसा हॉब्ले ने कहा, "हम सबके पास पहले से ही काफी कुछ चल रहा है और डेटिंग को एक और डेडलाइन की तरह महसूस नहीं होना चाहिए।

### 'इत्ती सी खुशी' में किया अन्विता का अपहरण

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो 'इत्ती सी खुशी' अपनी उम्मीद, मोहब्बत और पारिवारिक गर्मजोशी भरी कहानी से दर्शकों से जुड़ रहा है। यह शो अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की कहानी बताता है, जो हमेशा अपने परिवार को प्राथमिकता देती आई है ख्र पिता सुहास (वरुण बडोला) और भाई-बहनों का हर मुश्किल समय में साथ देती रही है। अपनी यात्रा में वह दो बिलकुल अलग पुरुषों के बीच फँस जाती है: विराट (रजत वर्मा), जिनके स्थिर प्यार से उसे ताकत मिलती है, और संजय (ऋषि सक्सेना), जिनकी पृष्ठभूमि में छुपी योजनाएँ उसके संसार को खतरे में डाल देती हैं। इस दौरान उसकी माँ हेतल (नेहा एस.के. मेहता) अपनी अनपेक्षित हरकतों से घटनाओं में मोड़ ला देती हैं, जबकि संजय की माँ माधुरी (उत्कर्षा नायक) अन्विता को परिवार में स्वीकार करने में संकोच कर नई तनाव पैदा करती हैं। आने वाले एपिसोड में, विराट, सुहास, चिड़िया (अन्विता की बहन) और हेतल अन्विता की शादी में विराट को पहुँचाने की कोशिश करते हैं, मगर संजय की कड़ी सुरक्षा उन्हें रोक देती है, और जब तक विराट पहुँचता है विवाह समारोह पहले ही संपन्न हो चुका होता है। शादी को स्वीकार न करते हुए विराट अन्विता का अपहरण कर ले जाता है और उसे अपने फार्महाउस पर ले जाता है।

# नहीं रहे पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल

■ लोकसभाध्यक्ष सहित अनेक केन्द्रीय मंत्रियों, आरएसएस एवं भाजपा नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का दोपहर घर पर हृदय आघात आने से आकस्मिक निधन हो गया। स्वराज कौशल पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज के पति थे। उनकी पुत्री सांसद बाँसुरी स्वराज एवं अन्य परिजन उनको एम्स अस्पताल लेकर गये पर सभी प्रयासों के बाद डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल से सांसद बाँसुरी स्वराज के आवास लाया गया और वहां से सभी अंतिम रस्में पूर्ण कर लोधी रोड़ श्मशान घाट ले जाया गया जहाँ उनकी पुत्री बांसुरी स्वराज ने सनातन रीति अनुसार सूर्यास्त से पहले अपने पिता स्वराज कौशल की चिता को अगणि देकर अंतिम संस्कार पूरा किया। सांसद बांसुरी स्वराज के आवास पर पहुंच कर लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, गजेन्द्र शेखावत एवं किरण रिजूजू, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी एवं सांसद कमलजीत सहरावत,आदि ने पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल के शव पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजली दी।लोधी रोड़ श्मशान घाट पर हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं दिल्लीवासियों की उपस्थिती में शव को अगणि के सुपुर्द किये जाने से पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधानसभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, आर.एस.एस. से इंद्रेश कुमार , दिल्ली सरकार के मंत्री के आलावा राष्ट्रीय एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा पदाधिकरियों, वरिष्ठ कानून. विदों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शव पर पुष्प चक्र अर्पित कर कहा की पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन केवल सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज की निजी क्षति नही बल्कि उनके निधन से देश ने एक कुशल अधिवक्ता एवं स्टेटसमैन खो दिया है।लोधी रोड़ श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार से पहले दिल्ली पुलिस की एक तुकड़ी ने पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल को अंतिम सलामी दी।

# अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशियों पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ईस्ट जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने शास्त्री पार्क इलाके में अवैध तरीके से रह रहे एक नाबालिग समेत पांच बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। यह लोग भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर नदी के रास्ते भारत में दाखिल हुए और फिर दिल्ली में आकर बस गए थे। सभी बिना वैध दस्तावेज के रह रहे थे। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान नजमा खातून (45), राबिया खातून (22), मो. इमरान (21) और मो. यूनुस अली (20) के तौर पर हुई। पांचवां तीन साल का बच्चा है। सभी को शहजादा बाग, सराय रोहिल्ला में रखा गया है, वहां से आगे निर्वासन की कार्रवाई होगी। ईस्ट जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 2 दिसंबर को गाजीपुर सब्जी मंडी में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी की सूचना मिली। टीम ने वहां पहुंचकर एक संदिग्ध व्यक्ति को उठाया, लेकिन गहन पूछताछ में वह बांग्लादेशी साबित नहीं हुआ। हालांकि, पूछताछ के दौरान उसने शास्त्री पार्क स्थित पाँच अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के बारे में पुख्ता जानकारी दी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने शास्त्री पार्क से पांचों बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ लिया। सभी के पास बांग्लादेशी पहचान दस्तावेज मिले।



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने दिल्ली स्थित अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में केन्द्रीय विद्यालय व माइलस्टोन एनजीओ के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा पर मनोरंजक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

# ई रिक्शा में सफर के दौरान चोरी की थी लाखों की ज्वेलरी , महिला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के करोल बाग थाने की टीम ने महिला चोर को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से 33 लाख रूपये की चोरी की ज्वेलरी बरामद की है। आरोपी महिला ने ई रिक्शा में सफर के दौरान चोरी की थी। दिल्ली के मध्य जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऋषि कुमार ने बताया कि 21नवंबर को करोल बाग थाने में 33 लाख रूपये की ज्वेलरी की चोरी के बारे में एक ई एफआईआर के जरिए शिकायत मिली थी।शिकायत करने वाले ने बताया कि 20.नवबर को, वह और उसका साथी ज्वेलरी रिपेयर के काम के लिए करोल बाग गए थे। सामान रिपेयर करवाने के बाद, उन्होंने अपने स्टोर पर लौटने के लिए एक ई-रिक्शा किराए पर लिया।दुकान पहुँचने पर उन्हें पता चला कि सोने और ज्वेलरी के सामान वाला बैग ट्रांजिट के दौरान चोरी हो गया था।

इसके बाद एसीपी करोलबाग की देखरेख में एसएचओ करोलबाग करुणा सागर, के नेतृत्व में एसआई साहिल दहिया, कांस्टेबल कमलजीत, खुशहाल और महिला कांस्टेबल मीरा की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी कैमरों का एनालिसिस , टेक्निकल सर्विलांस कर संदिग्ध की पहचान सुल्तानपुरी, की रहने वाली 35 साल की महिला के रूप में हुई और उसे उसके घर से पकड़ लिया गया।पुलिस ने उसके घर की तलाशी के दौरान, शिकायतकर्ता के बैग से चोरी हुई सभी ज्वेलरी बरामद हुईख्रजिनकी कीमत लगभग 33 लाख रूपये थी, ।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि घटना वाले दिन, वह शिकायतकर्ता के साथ उसी ई-रिक्शा में सवार हुई थी। जैसे ही सफर शुरू हुआ, उसने देखा कि शिकायतकर्ता ने मालाबार लोगो वाली जैकेट पहनी हुई थी और उसे लगा कि उसके पास कीमती सामान होगा। सही मौके का इंतजार करते हुए, उसने चुपके से शिकायतकर्ता के बड़े बैग में हाथ डाला और उसके अंदर से एक छोटा बैग निकाला जिसमें, जैसा कि उसे बाद में पता चला ज्वेलरी थी।

# स्पेशियसनेस एग्जीबिशन 6 से

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आज के समय में जहाँ सब कुछ तेजी से चल रहा है और लोग मोबाइल-कंप्यूटर में व्यस्त हैं, नई दिल्ली की कलाकार सुतापा अलग नजरिया पेश करती हैं, वे हमें रुकने, गहरी सांस लेने और प्रकृति से फिर से जुड़ने का न्योता देती हैं। यह



है सुतापा दासगुप्ता की आगामी एकल प्रदर्शनी (सोलो एग्जिबिशन) – 'स्पेशियसनेस'। यह प्रदर्शनी शनिवार, 6 दिसंबर को शाम 5:30 बजे ओपन पाम कोर्ट, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड पर शुरू होगी। यह बुधवार, 10 दिसंबर तक रोज सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी।स्पेशियसनेस प्रदर्शनी में 25 से अधिक अमूर्त कलाकृतियों का एक संग्रह प्रस्तुत किया जाएगा, जो जापानी दर्शन ष्यूटोरीष पर आधारित हैं। सुतापा दासगुप्ता अपनी कलाकृतियों के बारे में कहती हैं: हम प्राकृतिक दुनिया से अलग नहीं हैं, बल्कि उसकी एक झलक हैं। ये कृतियाँ हमें याद दिलाती हैं कि हम रोजमर्रा की जिंदगी की भागदौड़ से कहीं ज्यादा बड़ी और खूबसूरत चीज का हिस्सा हैं। सुतापा दासगुप्ता मूल रूप से कोलकाता की रहने वाली हैं और उन्होंने मशहूर कलाकार सुनील माधव सेन से कला की शिक्षा ली है।

## दिमाग की सेहत को नुक्सान पहुंचा रहा डीजल का धुंआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अध्ययन में सामने आया है कि डीजल वाहनों से निकलने वाला धुआं दिमाग की प्रतिरक्षा कोशिकाओं माइक्रोग्लिया को कमजोर कर सकता है। शोध के अनुसार, पुराने डीजल इंजनों से उत्सर्जित कण माइक्रोग्लिया की सफाई, सूजन नियंत्रण और जीन गतिविधि को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। दिमाग की सुरक्षात्मक प्रणाली पर बढ़ते खतरे के बावजूद महानगरों में वाहनों की संख्या दिनों-दिन तेजी से बढ़ रही है। अध्ययन में खुलासा हुआ है कि डीजल के धुएं में मौजूद अत्यंत सूक्ष्म कण माइक्रोग्लिया की स्वाभाविक कार्यक्षमता में रुकावट पैदा करते हैं। माइक्रोग्लिया दिमाग और मेरुमज्जा की प्रतिरक्षा कोशिकाएं होती हैं, जिनका कार्य रोगाणुओं से सुरक्षा देना, मृत कोशिकाओं की सफाई करना, न्यूरोनल नेटवर्क बनाए रखना और चोटों की मरम्मत करना होता है। जब यह गतिविधियां प्रभावित होती हैं तो दिमाग में क्रोनिक न्यूरोइन्फ्लेमेशन की स्थिति बनती है, जिसके कारण न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्टर्न फिनलैंड के शोधकर्ताओं ने किया है और इसे जर्नल एनवायरमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित किया गया है। माइक्रोग्लिया कोशिकाओं के अध्ययन के लिए इंसानी स्टेम सेल से विकसित मॉडल माइक्रोग्लिया का उपयोग किया गया। इसमें पुराने और आधुनिक डीजल इंजनों से उत्सर्जित कणों की तुलना की गई, ताकि यह समझा जा सके कि दोनों प्रकार के इंजन दिमाग की प्रतिरक्षा को. शिकाओं को किस तरह प्रभावित करते हैं।

# महिलाओं को बनाया जाएगा सशक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की दीनदयाल जन आजीविका योजना के तहत गुरुवार को शाहदरा और उत्तर-पूर्वी जिले में महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। दोनों जिलों के जिलाधिकारियों के नेतृत्व में हुए इस सत्र में महिलाओं को कोऑपरेटिव सोसाइटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल तरीके से समझाई गई, ताकि वे अपने समूहों को औपचारिक रूप दें और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकें। कार्यक्रम में शाहदरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह परिहार, एडीएम शाहदरा राजीव रंजन और एडीएम उत्तर-पूर्वी कमलेश कुमार उपस्थित रहे। दोनों जिलों के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर भी सत्र में शामिल हुए। दिल्ली स्टेट कोऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर के प्रिंसिपल ने महिला समूहों को विस्तार से बताया कि कोऑपरेटिव बनाकर वे बैंकिंग सुविधाओं, सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता का अधिक प्रभावी उपयोग कर सकती हैं।

अधिकांश स्वयं सहायता समूह महिलाओं द्वारा संचालित होने के कारण यह प्रशिक्षण उनके लिए नया अवसर माना जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि कोऑपरेटिव संरचना अपनाने से महिलाएं संगठित तरीके से काम कर पाएंगी, आय बढ़ाने के अधिक साधन विकसित होंगें और स्थानीय स्तर पर महिला नेतृत्व को और मजबूती मिलेगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बुजुर्ग ज्वैलर की धारदार हथियार से हमला कर हत्या, हत्यारा मौके पर ही गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी क्षेत्र में एक ज्वेलर की सुबह दुकान पर एक युवक ने चाकू जैसे धारदार हथियार से हत्या कर दी। युवक को तुरंत ही उनके भाई व पड़ोसी ने मिलकर पकड़ लिया व उनकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया,पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मोदीनगर के गोविंदपुरी में एलआईसी ऑफिस के पास स्थित गिरधारी लाल ज्वेलर्स के मालिक गिरधारी लाल सुबह दुकान पर बैठे थे तभी एक युवक मुंह पर मास्क लगाकर दुकान में घुसा व गिरधारी लाल की आंखों में लाल मिर्च डाल कर उनपर हथियार से हमला कर दिया, तभी गिरधारी लाल का भाई दुकान में आ गया व उसने हत्यारे को पकड़ लिया। हत्यारे ने छूटकर भागने की कोशिश की लेकिन पड़ोसियों की सहायता से उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। सारी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है, गिरधारी लाल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

हत्यारे को पुलिस पकड़ कर ले गई है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक वी सभी व्यापारी नेता घटनास्थल पर पहुंचे, गोविंदपुरी क्षेत्र का बाजार बंद कर व्यापारियों ने पुलिस के समक्ष रोष जताया, एसीपी ने व्यापारियों को समझाया वो 72 घंटे के अंदर सारा मामला खोलने का वादा किया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से क्षेत्र में रोष व्याप्त है। एडीसीपी, डीसीपी, एसीपी एसएचओ सहित सभी पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## हरित पट्टी हो रही बदहाल

**साहिबाबाद।** उद्यान विभाग बीते करीब दो माह से लगातार ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बने सेंट्रल वर्ज को सुंदर बनाने का कार्य कर रहा है, लेकिन देखरेख के अभाव में क्षेत्र में बनी हरित पट्टियां बदहाल होती जा रही हैं। जगह-जगह पेड़ों की टूटी टहनियां और अवशेष पड़े हुए हैं, जिससे लोगों को सुबह-शाम सैर करने में दिक्कत हो रही है। कई स्थानों पर हरित पट्टी में लगी बेंचें भी टूटने लगी हैं। वसुंधरा के सेक्टर-1 से 19 तक लिंक रोड और हिंडन के किनारे हरित पट्टी बनी हुई है। इंदिरापुरम के कई स्थानों पर तथा मोहन नगर जोन में राजेंद्र नगर, शालीमार गार्डन, लाजपत नगर समेत कई क्षेत्रों में ग्रीन बेल्ट विकसित की गई है।

# रिहायसी इलाके में लाइट जाते ही चल जाते हैं आधा दर्जन से ज्यादा डीजल जनरेटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जहाँ एक तरफ सरकार व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली एनसीआर में वायु व ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए अभियान चला रखे हैं व इन पर दिल्ली एनसीआर में पूर्ण रूप से रोक भी है वही शहर की पाश कालोनी आर.डी.सी राजनगर में कोर्ट गेट के पास लाइट जाते ही लगभग आधा दर्जन से ज्यादा डीजल जनरेटर चालू हो जाते हैं।

जिनसे होने वाले वायु व ध्वनि प्रदूषण वहाँ से आने जाने वाले लोग व वहाँ रहने वाले लोगो का जीवन दुर्भर हो गया है। आपको बता दें कि पहले भी इनकी सूचना कई बार खबर या अन्य माध्यम से दी जा चुकी है पर आज तक इन पर कोई नियंत्रण नही हो सका है। जहाँ शहर की हवा इतनी प्रदुषित है वहाँ प्रशासन की नाक के नीचे ये सब होना गंभीर बात है।



वायु व ध्वनि प्रदूषण से लोगों को हो रहे हैं परेशानी

## श्री शिवमहापुराण कथा महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लायंस क्लब हिंडन रीवर द्वारा 5 दिवसिय श्री शिवमहापुराण कथा महोत्सव का आयोजन रायल किड्स स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। पं. कमल नयन शास्त्री (श्री महाकाल नगरी उज्जैन) द्वारा प्रथम दिवस में कथा व्यास पीठ से देवराज बाह्मण एवं विदुग चंचुला प्रसंग पर बहुत ही सुंदर भाव से कथा का प्रवचन दिया।



कथा प्रारंभ से पहले राजनगर सैक्टर-7 के पार्क सें कलश यात्रा सुबह 11 बजे से राजनगर के विभिन्न मार्गो से होकर कथा स्थल पर विश्राम लिया। इस कथा का आयोजन कराने में ला राजेश गर्ग, ला रवि प्रकाश गुप्ता, ला विजय गर्ग, ला दीपक कुमार अग्रवाल, ला अतुल भूषण, ला रानू खट्टर, ला आशु गुप्ता, ला संजीव अरोड़ा, ला शिखा, ला देवेन्द्र मिश्रा, ला सतेन्द्र बालियान, ला राजीव बालियान, ला गौरव अग्रवाल, ला गौरव गोयल, ला प्रदीप अग्रवाल, ला विकास आनंद, ला ललित मित्तल, ला शुभम् गर्ग का विशेष सहयोग रहा।

## मुरादनगर में खुला सैमसंग गैलेक्सी आउटलेट शोरूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर गांव उखलारसी के सामने रैपिड ट्रेन पिलर नंबर 900 के निकट सैमसंग गैलेक्सी आउटलेट (शोरूम) का हवन व पूजन कर शुभारंभ किया गया। जिसमें राजनीतिक समाजसेवी व्यापारी पत्रकार व गणमान्य लोगों शामिल हुए। सभी ने प्रबंधक चौधरी जितेंद्र सिंह कुंडू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रबंधक चौधरी जितेंद्र सिंह कुंडू ने बताया कि सैमसंग गैलेक्सी आउटलेट (शोरूम) में सैमसंग के मोबाइल लैपटॉप व टैबलेट सहित अन्य सामान उचित रेट व विशेष छूट पर मिलेगा।

नगर में पहली बार सैमसंग गैलेक्सी आउटलेट (शोरूम) खुला है। जिसमें सैमसंग कंपनी का ओरिजनल सामान मिलेगा। इस मौके पर दैनिक मनस्वी वाणी मुख्य संपादक संदीप सिंघल मोदीनगर, गन्ना मिल समिति सोसायटी के चौयरमेन राजन चौधरी, रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष व पूर्व मोदीनगर गन्ना मिल समिति सोसायटी चौयरमेन अमरजीत बिड्डी, वरिष्ठ भाजपा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चौधरी विकास तेवतिया, वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सुधन रावत, रालोद पूर्व राष्ट्रीय महासचिव ज्ञानेंद्र नरबार रालोद पूर्व जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य अमित त्यागी सरना, सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, मोदीनगर जाट समाज अध्यक्ष रूपेश पूनिया, सपा नेता तेजेंद्र चौधरी वरिष्ठ रालोद नेता सतेन्द्र तोमर, जाट समाज अध्यक्ष यशवीर चौधरी उधोग व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंवर शहजाद चौधरी, सभासद शिवा चौधरी, नगरपालिका ईओ डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, जाट समाज अध्यक्ष सलेश चौधरी रालोद विधानसभा अध्यक्ष पंडित अरूण शर्मा राला. द राष्ट्रीय सचिव खेल प्रकोष्ठ दीपक चौधरी, भाजपा नेता ऊषा चौधरी डॉ राजपाल तोमर, प्रधान दिनेश चौधरी प्रधान नीरज त्यागी दैनिक लोकतंत्र वाणी मुख्य संपादक अनुज शर्मा श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष रजनीश शर्मा, पत्रकार संजय तिवारी पत्रकार योगेश गौड़, पत्रकार अनिल गौतम, पत्रकार अनिल मित्तल, दैनिक मुरादनगर की शान सुर्दशन, भाकियू किसान सभा उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्यागी, आमिर लियाकत बोस पत्रकार राशिद अली सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य में

## मुकेश शुक्ला को राज्य पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु एक गरिमामय समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और 'दिव्यंगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति' के रूप मे राज्य पुरस्कार मुकेश शुक्ला, अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक भारत उत्तर प्रदेश को प्रदान किया। मुकेश शुक्ला को यह सम्मान उनके प्रदेश-व्यापी दिव्यांग सेवा कार्यों, स्पेशल ओलंपिक भारत, उत्तर प्रदेश के माध्यम से लाखों दिव्यांजनों को खेल, कला, स्वास्थ, रोजगार, सहित सर्वांगीण विकास के प्रयासों तथा सामाजिक समावेशन के क्षेत्र में किए गए बहुआयामी प्रयासों के लिए दिया गया। पुरस्कार समारोह के पश्चात मुकेश शुक्ला ने कहा कि हम सीएम का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमारे काम को पहचान दी और यह पुरस्कार हमें अपने कार्य के विस्तार तथा निरंतर समर्पण के लिए और अधिक संकल्पित करता है। उन्होंने कहा की देश में रहने वाले दस प्रतिशत दिव्यांग जनों की सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा विकसित भारत की कल्पना तभी साकार होगी जब अंतिम पंक्ति में खड़े दिव्यांग व्यक्तियों को सामर्थ्य और समर्थन दिया जाएगा। समाज के सभी व्यक्तियों को एक दिव्यांग व्यक्ति का हाथ थामकर उसे साथ लेकर चलना चाहिए।

अवैध यूनिपोल होर्डिंग्स पर ठेकेदार की फर्म मैसर्स अनिल कुमार पर लगा दस लाख का जुर्माना

# जुर्माना जमा नहीं करने पर फर्म को काली सूची में डाल अग्रिम जमानत धनराशि जब्त करने की थी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगरपालिका ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने लगे अवैध यूनिपोल पर संज्ञान लेते हुए विज्ञापन ठेकेदार की फर्म मैसर्स अनिल कुमार पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगा और 7 दिनों में जुर्माना नगरपालिका कोष में जमा कराने का नोटिस भेजा है। 7 दिनों में जुर्माना जमा नहीं करने पर फर्म को काली सूची मे डालने व अग्रिम जमानत धनराशि जब्त करने की चेता. वनी दी है। बता दें कि नगरपालिका ने दिल्ली मेरठ रोड के दोनों ओर विज्ञापन के लिए यूनिपोल लगाने का ठेका निकाला था। जिसका ठेका मैसर्स अनिल कुमार को दिया गया था। ठेके मानक के अनुसार 18 यूनिपोल व 4 शौचालयों पर विज्ञापन लगाने का ठेका दिया था। लेकिन वर्तमान में करीब 39 यूनिपोल होर्डिंग्स दिल्ली मेरठ रोड के किनारे पर लगा है। दैनिक शाह टाइम्स अखबार ने अवैध यूनिपोल होर्डिंग्स की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। नगरपालिका ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अवैध यूनिपोल होर्डिंग्स के मामले को संज्ञान में लेकर यूनिपोल होर्डिंग्स लगाने वाले ठेकेदार की फार्म को नोटिस भेजा है। जिसमें ठेके के शर्त के अनुसार मैसर्स अनिल कुमार की फर्म को 18 यूनिपोल होर्डिंग्स व 4 शौचालय का ठेका स्वीकृति किया। नोटिस में 14 यूनिपोल होर्डिंग्स अवैध बताए गए हैं। ठेकेदार की फर्म मैसर्स अनिल कुमार पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। तथा 7 दिनों में जुर्माना नगरपालिका कोष में जमा करने का नोटिस भेजा है। यदि 7 सात दिनों जुर्माना जमा नहीं करने पर अग्रिम जमानत धनराशि जब्त करने व फर्म को काली सूची में डालने की चेतावनी दी है। नगरपालिका ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह बताया कि अवैध यूनिपोल की खबर अखबारों में छपी थी। उसका संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराई गई थी। जांच में 14 अवैध यूनिपोल होर्डिंग्स पाए गए थे। अवैध यूनिपोल होर्डिंग्स के मामले में ठेकेदार की फर्म मैसर्स अनिल कुमार पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नगरपालिका कोष में 7 दिनों में जमा कराने का नोटिस दिया।



## मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने बढ़ते पल्मोनरी एम्बोलिज्म मामलों पर दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने पल्मोनरी एम्बोलिज्म जिसे आम भाषा में "लंग अटैक" भी कहा जाता है, उनके बढ़ते मामलों को देखते हुए गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनी जारी की है। यह खतरनाक स्थिति अब युवाओं, वर्किंग प्रोफेशनल्स और मध्यम आयु वर्ग के लोगों में तेजी से बढ़ रही है। पल्मोनरी एम्बोलिज्म तब होता है जब शरीर में बना ब्लड क्लॉट फेफड़ों तक पहुंचकर ब्लड फ्लो को रोक देता है। यह मिनटों में जानलेवा बन सकता है, इसलिए शुरुआती लक्षणों की पहचान और सही आदतें अपनाना बेहद जरूरी है। हाल ही में मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली में आये कई केस बताते हैं कि आज की बदलती जीवनशैली- लंबे समय तक बैठे रहना, सेडेंट्री वर्क, पानी की कमी, और खराब एयर क्वॉलिटी-एक "साइलेंट लेकिन डेडली" माहौल तैयार कर रहे हैं, जो ब्लड क्लॉट्स बनने की संभावना बढ़ाते हैं। एक 22 वर्षीय UPSC अभ्यर्थी हफ्तों की लगातार पढ़ाई और लंबे समय तक बिना हिले बैठे रहने के कारण अचानक सांस फूलने के बाद बेहोश हो गया। उसकी टांग में बना ब्लड क्लॉट फेफड़ों तक पहुंच गया, जिससे गंभीर पल्मोनरी एम्बोलिज्म हुआ। वहीं एक मध्यम आयु के डायबिटिक कैब ड्राइवर को घंटों लगातार गाड़ी चलाने के बाद अचानक तेज सांस फूलने पर मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जांच से पता चला की उन्हें डीप वेन थ्रोम्बोसिस है, जिसका क्लॉट फेफड़ों तक पहुंच चुका था। एक दुर्लभ केस में 50 वर्षीय पेशेवर व्यक्ति के दोनों फेफड़ों में बड़े पैमाने पर क्लॉट्स पाए गए। आगे की जांच में पता चला कि उन्हें प्रोटीन S डेफिशियेंसी थी। जो एक जेनेटिक क्लॉटिंग डिसऑर्डर, जो अक्सर विशेष जांच के बिना पकड़ में नहीं आता।



# एसआरएमआईएसटी में विज्ञान सप्ताह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली -एनसीआर कैम्पस गाजियाबाद में आज दिनांक 04/ 12 /2025 को विज्ञान सप्ताह का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान के प्रति छात्रों में जिज्ञासा, नवाचार और शोध भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिस में विज्ञान सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और विशेषज्ञ सत्रों के माध्यम से विद्यार्थी को आधुनिक विज्ञान की अवधारणाओं से रूबरू कराया जाएगा।




कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ,मुख्य अतिथि प्रो. आशुतोष शर्मा (प्रेसिडेंट इण्डियन नेशनल साइंस एकेडमी ) एवं गेस्ट ऑफ द ऑनर प्रो.इंद्रनील मन्ना , निदेशक डॉ संजय विश्वनाथन, डीन प्रो. आर.पी महापात्रा, एवं डीन आईक्यूएसी प्रो.धौम्या भट्ट भी मौजूद रही है, मुख्य अतिथि ने कहा कि "विज्ञान सप्ताह जैसे कार्यक्रम छात्रों में शोध के प्रति उत्सुकता जगाने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। भारत की समस्याओं का निदान करने पर ध्यान देना चाहिए, एवं गेस्ट ऑफ द ऑनर प्रो.इंद्रनील मन्ना ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के समस्याओं समाधान करने पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए, जो मिल का पत्थर साबित हो, तत्पश्चात गेस्ट ऑफ डिस्टिंकशन डॉ. राज .के .श्रीमल्ला ने स्वास्थ्य तकनीक और चिकित्सा विज्ञान जैसे क्षेत्रों पर अपना दृष्टिकोण उजागर किया है।

उन्होंने छात्रों को नए विचारों पर काम करने और भविष्य के वैज्ञानिक नवाचारों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया. अतिथियों का स्वागत संस्थान की डीन आईक्यूएसी प्रो.धौम्या भट्ट ने किया, संस्थान के निदेशक डॉ. संजय विश्वनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि "विज्ञान जीवन का आधार है और युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना समय की आवश्यकता है। उक्त विषय पर डीन प्रो.आर.पी महापात्रा ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इस प्रकार के आयोजन न केवल ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा की ओर प्रेरित भी करते हैं।

इस अवसर पर कई प्रमुख कार्यक्रम आयोजित की गईं, जिनमें -विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता, वैज्ञानिक प्रयोगों का लाइव डेमो, विशेषज्ञों द्वारा प्रेरणादायक व्याख्यान छात्रों ने अत्यधिक उत्साह के साथ अपने-अपने वैज्ञानिक मॉडल और विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं ने पर्यावरण संरक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य तकनीक जैसे क्षेत्रों में नए दृष्टिकोणों को उजागर किया। उन्होंने छात्रों को नए विचारों पर काम करने और भविष्य के वैज्ञानिक नवाच. ारों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# महामाई जनकल्याण सेवा समिति करेगी 6 दिसम्बर को मां भगवती जागरण व भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महामाई जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा राधा कृष्णापुरम कॉलोनी ग्राम मोरटी में पिछले 9 वर्षो से लगातार महामाई भगवती का भव्य जागरण एवं भंडारा किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती की असीम अनुकंपा से राधा कृष्णापुरम कॉलोनी मोरटी में महामाई जनकल्याण सेवा समिति एवं समस्त कॉलोनीवासियो के संयुक्त तत्वाधान में दसवां भव्य जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष महामाई जन कल्याण सेवा समिति के सभी सदस्य एवं कॉलोनी वासी इस आयोजन को उत्सव की तरह मनाते हैं। सभी कॉलोनीवासियों एवं भक्तगणों में इस आयोजन हेतु अत्यधिक हर्ष एवं उत्साह रहता है। इस वर्ष दिनांक 6 दिसंबर 2025 को राधा कृष्णापुरम कॉलोनी मोरटी में मां भगवती के 10 में भव्य जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जागरण में विभिन्न लोकप्रिय भजन गायकों द्वारा अपनी मधुर आवाज से लोगों को रिझाया जाएगा एवं विभिन्न कलाकारों द्वारा झांकियो के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति जैसे अघोरी की झांकी, शंकर पार्वती की झांकी, राधाकृष्ण की झांकी, मां कालरात्रि की झांकी, मां दुर्गा की झांकी एवं नरसिंह भगवान की झांकियां से जागरण के इस कार्यक्रम को आकर्षक बनाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समिति के कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्रा, उपकोषाध्यक्ष अनंत देव हुड्डा, संस्कृतिक महामंत्री प्रेम सागर यादव, प्रमुख सलाहकार सुशील कुमार, संरक्षक सुखवीर पाल, अध्यक्ष राहुल त्यागी एवं सदस्य प्रदीप कुमार यादव, अरुण त्यागी, कांति प्रसाद ग्राम प्रधान मोरटी, प्रिंस त्यागी, सुशील त्यागी, अनिल त्यागी, राहुल गुप्ता, अर्जुन सिंह फौजी, रोहित त्यागी वासु हार्डवेयर, वीरेंद्र चौधरी, बंगाली दादा, सुरेंद्रपाल, शिव मेडिकल स्टोर सौरभ चौधरी, साध्वी ज्वेलर्स, गंगा एसोसिएट्स नीरज त्यागी, संजय गुप्ता, राकेश तिवारी, विनोद कुशवाहा, कुशल पाल रोहिल्ला, डॉ कमल सिंह, वर्षा ऑटोमोबाइल, संजू शटरिंग एंड हार्डवेयर, विनोद अग्रवाल, हिमांशु इलेक्ट्रिकल, पाल बिल्डर, प्रदीप त्यागी पूर्व प्रधान मोरटी, हिमांशु प्लाईवुड, नवल त्यागी, कपिल त्यागी, राम सिंह ठेकेदार, सतीश शर्मा, दीपक शर्मा, कांता प्रसाद, ओमपाल मिस्त्री, सौरभ बिल्डर, पाल फैब्रिकेटर, विश्राम, अनुज दीक्षित, रंजीत ठेकेदार, जितेंद्र शर्मा, अवधेश कुमार, धनंजय यादव, मोनू पाल, हरिओम त्यागी, पंडित सुनील शुक्ला एवं अन्य सभी कॉलोनीवासी एवं ग्रामवासियों आदि के सहयोग एवं प्रेरणा से मां भगवती का दसवां भव्य जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जा रहा है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में गत वर्षो की भांति बी. डी.एस बैच 2025-29 के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस उत्सव का आयोजन बी.डी. एस 2024-28 बैच के विद्यार्थियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवीन विद्यार्थियों अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिनमें ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग और इंस्ट्रुमेंटल प्रस्तुतियां तथा आकर्षक रैम्प वॉक शामिल थे।




इन कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी अतिथियों व छात्रों का मन मोह लिया। रंगारंग कार्यक्रम में फैशन-शो का भी आयोजन किया गया जिसमें जजों ने सर्वसम्मति से मिस्टर फ्रेशर योगांश पोनिया तथा मिस फ्रेशर जारा खान को चुना गया। जिन्हें आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने ताज पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी, सभी डीन एवं सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के लिए कामना भी की। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि आई.टी.एस डेंटल कॉलेज का हमेशा से ही यह प्रयास रहा है कि दंत चिकित्सा के नए-नए तरीकों से अपने संस्थान के डॉक्टरों और विद्यार्थियों को अवगत करता रहे जिससे कि इलाज करते समय मरीजों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाया जा सके।

इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी दंत चिकित्सक भी मौजूद रहें जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जीवन में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित भी किया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद**

**पत्रांक / न०पा०परि०मु० / 2025–26** **दिनांक: 05.12.2025**

**-:: सार्वजनिक सूचना ( निलामी ) ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय में काफी पुराना स्क्रैप है, जो कि निकाय परिषर में एकत्रित है। एवं वार्ड नं0-06 में एन0एच0 58 उखलारसी पेट्रोल पम्प के सामने वाली गली में पालिका की दुकान सं0-01 व दुकान नं0-02 एंव मौहल्ला कच्ची सराये में स्थिति 01 कोठरी को किराये पर उठाये जाने हेतु नीलामी दिनांक 16-12-2025 अपरान्ह 3:00 बजे पालि. का कार्यालय में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति तिथि व समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं। शारायतनमे/कार्य की अधिकतम जानकारी किसी भी कार्य दिवस में, कार्य समय से कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। (नोट: स्क्रैप की निरिक्षण किसी भी कार्य दिवस में कार्यलय में आकर देखा जा सकता है।)

**( डॉ० शैलेन्द्र कुमार सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, मुरादनगर ( गा०बाद )**

# फ्रॉड का दिलचस्प मामला लालच में फंस गया स्कैमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फ्रॉड का एक दिलचस्प मामला सामने आया है। यहां स्कैमर खुद शिकार बन गया। राजधानी के एक व्यक्ति ने ChatGPT के जरिए एक नकली पेमेंट लिंक बनाया, जिसमें स्कैमर की जियोलोकेशन और उसके चेहरे की तस्वीर कैप्चर हो गई। इसके बाद व्यक्ति ने साइबर ठग को गिड़गिड़ाने पर मजबूर कर दिया। व्यक्ति को फेसबुक पर महंगे सामान को सस्ते में खरीदने का मैसेज मिला। ठग ने खुद को उसके कॉलेज का सीनियर बताया और आईएएस ऑफिसर बताया और कहा कि उसके एक दोस्त का तबादला हो गया है, जो एक सीआरपीएफ ऑफिसर है। इसलिए वह अप्लायंसेज और फर्नीचर भारी डिस्काउंट बेच रहा है। इस पर शक होने पर व्यक्ति ने लालच करने की बजाय समझ दिखाई और फ्रॉड करने वाले शातिर को एक्सपोज करने का निर्णय लिया। दरअसल, क्योंकि ठग ने जिस सीनियर की बात की थी, व्यक्ति के पास पहले से उसका मोबाइल नंबर था। उसने भुगतान करने की जगह चौटजीटीपी का इस्तेमाल कर एक वेबपेज बनाया, जिससे जियोलोकेशन/फ्रंट-कैमरा कैप्चर लिंक कोड जेनरेट किया।

इसके बाद उसने स्कैमर को लिंक भेजकर कहा कि इस पर ाट कोड अपलोड कर दे ताकि उसे पेमेंट करने में आसानी हो। इस पर ठग लालच में आ गया और तुरंत उस लिंक पर क्लिक कर दिया। इससे व्यक्ति के पास उसकी लो. केशन और फोटो आ गई। फिर क्या था व्यक्ति ने स्कैमर को यह बात बताई तो वह रहम की भीख मांगने लगा। व्यक्ति ने ठग को उसकी फोटो भेजते हुए कहा कि तुम्हारी लोकेशन पर राजस्थान पुलिस को भेज दिया है, अब जेल में खूब मजे करना।

# आईटीओ से शुरुआत, मिस्ट स्प्रे सिस्टम की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदूषण पैदा करने वाले किसी भी स्रोत या पहलू का प्रभावी समाधान निकाला जाए। सरकार की इसी प्रतिबद्धता के तहत मुख्यमंत्री ने आईटीओ पर स्थापित मिस्ट स्प्रे सिस्टम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सिस्टम की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने और इसे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जन-भागीदारी से ही प्रदूषण पर जल्द और स्थायी तरीके से नियंत्रण पाया जा सकता है। मुख्यमंत्री के साथ इस निरीक्षण दौरे में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान इस सिस्टम की बारीकी को समझा, प्रदूषण नियंत्रण में उसकी उपयोगिता की जानकारी ली और कहा कि दिल्ली की सभी सड़कों को स्थायी रूप से धूल व कूड़ा रहित बनाने की विस्तृत योजना तैयार की जा रही है।

**मिस्ट स्प्रे सिस्टम: धूल नियंत्रण की तकनीकी पहल**

मिस्ट स्प्रे सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसे विशेष रूप से सड़क की धूल और हवा में मौजूद प्रदूषकों को नियंत्रित करने के लिए विकसित किया गया है। यह प्रणाली बिजली के खंभों पर स्थापित होती है और इसमें हाई-प्रेशर पंप तथा नोजल लगे होते हैं, जो आरओ-उपचारित जल को अत्यंत महीन रूप में स्प्रे करते हैं। वर्तमान में सरकार दिल्ली के प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट पर चरणबद्ध रूप से ऐसे लगभग 300 से अधिक मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाने की प्रक्रिया में है। आईटीओ पर इस तकनीक के सफल उपयोग ने इसे अन्य व्यस्त और प्रदूषण-प्रभावित क्षेत्रों में विस्तारित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्य कर रही है, जिसमें जनता की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उठ रही वॉटर स्प्रिंकलर्स की मांग को ध्यान में रखते हुए कई प्रावधान किए गए हैं और एनडीएमसी क्षेत्र में मिस्ट स्प्रे सिस्टम का पायलट प्रयोगों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अब दिल्ली की सभी सड़कों के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीओ में बिजली के खंभों पर इलेक्ट्रिक मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया गया है और इसके प्रारंभिक परिणाम सकारात्मक हैं। फिलहाल नौ प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट के आसपास ऐसे मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं, जहां प्रदूषण का स्तर सर्वाधिक दर्ज होता है। धीरे-धीरे इस व्यवस्था को पूरे शहर में विस्तारित किया जाएगा, ताकि अधिक प्रभावी और व्यापक परिणाम प्राप्त किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमसीडी, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी सहित सभी संबंधित एजेंसियों को प्रदूषण से जुड़े अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से भी अपील की कि वे डब्ब 311 ऐप का उपयोग जरूर करें। इसे नोडल प्लेटफॉर्म के रूप में अधिक सशक्त किया जा रहा है। यदि कहीं गड्ढा हो, धूल उड़ रही हो या प्रदूषण की गंभीर समस्या दिखाई दे, तो उसकी शिकायत ऐप पर दर्ज करें। सभी एजेंसियों को निर्देश है कि ऐसी शिकायतों का 72 घंटे के भीतर समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार राजधानी के विभिन्न नौ हॉटस्पॉट पर मिस्ट सिस्टम लगाने की प्रक्रिया जारी है और इसकी सफलता को देखते हुए इसे शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा।

# नर्सरी एडमिशन की दौड़ शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लगभग 1753 निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नर्सरी, केजी में दाखिले के लिए आवेदन प्रकिया (चार दिसंबर) से शुरू हो गई है। दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म 27 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। यह आवेदन सामान्य श्रेणी (75 फीसदी ओपन सीटों) के लिए ही किया जा सकेगा। स्कूलों में अभिभावकों को फॉर्म भरने के लिए ज्यादा दौड़ भाग नहीं करनी होगी। दरअसल कुछ स्कूलों में ऑफलाइन फॉर्म व कुछ स्कूलों में ऑनलाइन फॉर्म भरे जा सकेंगे। जबकि इस बार कुछ स्कूल क्यूआर कोड से भी फॉर्म भरने की सुविधा दे रहे हैं। बीते साल की तरह 75 सामान्य श्रेणी की सीटें 100 अंक वाले फॉर्मूले से ही भरी जाएंगी। जबकि 25 फीसदी सीटें आर्थिक पिछड़े वर्ग व वंचित वर्ग के बच्चों के लिए होंगी। इन स्कूलों के लिए अलग से आवेदन प्रक्रिया चलेगी। अभिभावक फॉर्म जमा करने के आखिरी दिन तक स्कूलों से आवेदन फॉर्म ले सकते है और जमा भी कर सकते है। पहली सूची प्रतीक्षा सूची के साथ 23 जनवरी को जारी होगी। वहीं आवेदन की रेस से पहले कई स्कूलों ने दाखिले संबंधी जानकारी स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी है। स्कूलों में ऑफलाइन सुबह से ही मिलने शुरू हो जाएंगे। स्कूलों दाखिले में किसी प्रकार की मनमानी ना करें इसके लिए पहले ही शिक्षा निदेशालय की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। कोई भी स्कूल नर्सरी दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया बंद नहीं कर सकते हैं।

# थप्पड़ मारने पर चाकू से किए 17 बार वार, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में बीती रात नाबालिग ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छिनने की कोशिश की। व्यक्ति ने जब उसके थप्पड़ मारकर उसका धमकाया। नाबालिग ने उसपर चाकू से करीब 17 वार करके हत्या कर दी। उससे पहले नाबालिग ने एक अन्य युवक पर भी मोबाइल फोन लूटने का विरोध करने पर गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया था। उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गया था। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ हत्या और हत्या की कोशिश की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और लूटा गया मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। पुलिस नाबालिग के साथ के लडकों के बारे में पता करके उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रेम नगर पुलिस को बीती रात दस बजकर 33 मिनट दो लोगों को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। सडक पर काफी खून पड़ा था। क्राॅइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया,जिसकी पहचान 33 साल के विनोद के रूप में हुई। उसके भाई के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। विनोद के शरीर पर एक दर्जन से ज्यादा चाकू के निशान थे। इस बीच पुलिस को संजय गांधी अस्पताल में एक ओर घायल दीपक नामक युवक के भर्ती होने की जानकारी मिली। जिसकी गर्दन पर चाकू का निशान था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दीपक की हालत स्थिर बताई। दीपक के बयान पर पुलिस ने हत्या की कोशिश व लूट का मामला दर्ज किया।

दीपक से पता चला कि वह प्रेम नगर इलाके में ही परिवार के साथ रहता है। वह प्रेम नगर फेज-2,कटारिया मोड़ के पास था। उसी वक्त एक छोटी हाईट का लडका आया और मोबाइल फोन छिनने लगा। विरोध करने पर अचानक लडके उसकी गर्दन पर चाकू मारकर मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गया था। उसको स्थानीय लोगों ने भर्ती कराया था।



आईटीओ से मिस्ट स्प्रे सिस्टम की शुरूआत करतीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

# सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते इंडिगो की स्थानीय उड़ानें रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आज सुबह से इंडिगो एयरलाइंस की कुल 95 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इनमें 48 प्रस्थानऔर 47 आगमनवाली उड़ानें शामिल हैं, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मार्गों को प्रभावित कर रही हैं। इस बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द होने के कारण हवाई अड्डे पर यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर व्यवधान उत्पन्न हो गया है। गुरुवार को मुंबई, दिल्ली और बंगलूरू जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर करीब 250 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरलाइन की समय पर उड़ान भरने की छवि पर भी गहरा असर पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरुवार को मुंबई हवाई अड्डे पर 86 उड़ानें (41 आगमन और 45 प्रस्थान) रद्द हुईं। वहीं, बंगलूरू में 73 उड़ानें और दिल्ली हवाई अड्डे पर 95 उड़ानें (48 प्रस्थान और 47 आगमन) रद्द की गईं।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस मामले में संज्ञान लिया है और इंडिगो से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एयरलाइन अधिकारियों के अनुसार, इंडिगो नागरिक उड्डयन नियामक के नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट नियमों को लागू करने के बाद से ही चालक दल (क्रू) की कमी की समस्या का सामना कर रही है। इस कमी के कारण एयरलाइन का परिच. ालन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। डीजीसीए ने इंडिगो प्रबंधन को इस स्थिति से उबरने के लिए भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। भारतीय पायलटों के संगठन, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (थ्प्च), ने इंडिगो पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

संगठन का कहना है कि दो साल का समय मिलने के बावजूद, एयरलाइन ने नए फ्लाइट ड्यूटी नियमों को लागू करने के लिए कोई तैयारी नहीं की। पायलट एसोसिएशन ने डीजीसीए से अपील की है कि जब तक इंडिगो अपने स्टाफ की कमी को पूरा नहीं करती और नए फ्लाइट ड्यूटी नियमों का पालन नहीं करती, तब तक उसके फ्लाइट शेड्यूल को मंजूरी न दी जाए।

# फोन न देने पर मारा चाकू, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : भलस्वा डेयरी इलाके में बीती रात मोबाइल फोन नहीं देने तक इंतजार किये बगैर ही एक युवक को बाइक सवार बदमाश ने चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके वारदात में शामिल एक नाबा. लिग समेत दो को पकड़ लिया है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक,फोन और चाकू जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भलस्वा डेयरी पुलिस को बीती रात एक युवक को चाकू मारने और लूटपाट करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित अखिलेश ने बताया कि वह रात करीब सवा दो बजे अपने घर लौट रहा था, जब वह मुकुंदपुर की गली नंबर 2 में अपने घर के पास पहुंचा, तो मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उससे कुछ दूरी पर रुके। उनमें से एक उसके पास आया और अपना मोबाइल फोन देने को कहा। उसके जवाब का इंतजार किए बिना उसने उसकी बाईं जांघ में चाकू घोंप दिया, उसका फोन लूटकर आरोपी बाइक से फरार हो गए। उसे उसका भाई मुकेश नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल उपचार के लिये ले गया था।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी विजय कुमार वत्स की देखरेख में एसएचओ एस एस यादव के निर्देशन में पुलिस टीम वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। गली नंबर 2 राजीव नगर भलस्वा डेयरी में रहने वाले आरोपी समीर को गिरफ्तार किया।

# 8.78 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गईः स्वास्थ्य मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आज दिल्ली सचिवालय में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की क्रियान्वयन समीक्षा की। इस अहम बैठक में दिल्ली स्वास्थ्य विभाग एवं ट्यूबरक्लोसिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे। मंत्री ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिल्ली में अब तक हुई प्रगति का आकलन किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि दिल्ली सरकार ने टीबी के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है। दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार 100-दिन के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दिल्ली में 8.78 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इस कैंपेन के जरिए लगभग 3.8 लाख एक्स-रे किए गए हैं। साथ ही स्लम इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत लगभग 95,001 लोगों की चेस्ट एक्स-रे से स्क्रीनिंग कर टीबी की जांच की गई।

मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक क्रोनिक संक्रामक ट्यूबरक्लोसिस उन्मूलन को लेकर बनाए गए लक्ष्य "टीबी मुक्त भारत अभियान" के तहत दिल्ली सरकार का मिशन इस श्रेणी में अग्रणी बना हुआ है, जो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के "विजन हेल्थ-फॉर-ऑल" को सार्थक करता है। दिल्ली सरकार ने लगभग 50 लाख लोगों की ट्यूबरक्लोसिस की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में टीबी के मरीजों के बेहतर इलाज और समुचित देखभाल के लिए अब 190 डायग्नोस्टिक केंद्र और 365 उपचार केंद्र स्थापित किए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि और सकारात्मक संकेत यह है कि जनवरी से लेकर नवंबर 2025 के बीच के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लक्ष्यों में से दिल्ली ने 99 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। हमारी सरकार की इस उपलब्धि और महत्वपूर्ण जन-भागीदारी वाले शानदार पहल के लिए इस वर्ष दिल्ली को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री जेपी नड्डा ने प्रतिष्ठित जन भागीदारी अवॉर्ड से सम्मानित किया, जो जन भागीदारी पर आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था पर हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टीबी मरीजों की निगरानी, ट्रैकिंग, नियंत्रण, मरीजों को पोषण, आर्थिक सहायता और मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए नि-क्षय मित्र पहल के तहत दिल्ली में 4313 नागरिकों ने अपना पंजीकरण कराया है, जिन्होंने अबतक कुल 2,23,457 भोजन पैकेट वितरित किए हैं और 1,03,593 टीबी मरीजों को दवा और फॉलो-अप के लिए सहयोग प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली बहुत जल्द एक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। टीबी को लेकर हम जो प्रगति देख रहे हैं, वह स्वास्थ्य विभाग और टीबी मुक्त अभियान से जुड़े अधिकारियों के मजबूत टीम वर्क, जन-भागीदार और हमारे स्वास्थ्य कर्मचारियों की अथक मेहनत का परिणाम है।

# पहले कैब बुक की फिर चालक को धक्का देकर लूट लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में एक युवक ने कैब बुक की। शौच के बहाने रास्ते में कैब को रोककर चालक से जबरन चाबी छिनकर कैब लेकर फरार हो गया। वारदात को अंजाम देने वाले अशोक विहार सोनीपत हरियाणा के आरोपी अमन को पुलिस ने गिरफ्तार करके लूटी गई कैब को भी जब्त कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार के दिन बवाना पुलिस को कैब लूटने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस पेट्रोल पंप सेक्टर-3, बवाना सरकारी स्कूल के पास पहुंची। टिकरी बॉर्डर के रहने वाले अंकित ने बताया कि जब वह डीटीयू विश्वविद्यालय के पास रोहिणी में वैगनआर वाहन चला रहा था। रात करीब साढ़े दस बजे उसे सोनीपत के लिए बुकिंग मिली। मादादेव चौक के पास से एक युवक मिला। उसको कैब में बैठाकर जब वह वहां से निकला। करीब 11 बजे सरकारी पेट्रोल पंप सेक्टर-3, बवाना हुंचा, तो उस लडके ने शौच करने के बहाने कैब को रूकवा लिया। वह भी शौच करने लगा।

जब वह कैब चलाने के लिये ड्राइविंग सीट पर बैठ ही रहा था। लडके ने अचानक से कैब की चाबी जबरन छिनकर कैब लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी लडके की बुकिंग की डिटेल ली और अन्य बोर्डर एरिया पर मामले की जानकारी दी।

एसीपी जोगिन्द्र सिंह की देखरेख में एसएचओ रंजनीकांत के निर्देशन में पुलिस टीम ने मैनुअल और टेक्निकल इनपुट के आधार पर आरोपी अमन को गिरफ्तार करके कैब जब्त कर ली।



स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह सचिवालय में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की क्रियान्वयन समीक्षा की बैठक में ट्यूबरक्लोसिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

# ड्रग ट्रैफिकिंग अवेयरनेस पर वर्कशॉप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली।दिल्ली पुलिस ने एयरो सिटी, दिल्ली में एक खास ट्रेनिंग सेशन-कम-वर्कशॉप किया, जिसमें इलाके में ड्रग ट्रैफिकिंग के गंभीर मुद्दे पर बात की गई। वर्कशॉप में एयरो सिटी के सभी 11 बड़े होटलों से लगभग 85 चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर (सीएसओ) शामिल हुए।सभी पार्टिसिपेंट्स ने एंटी-ड्रग्स ई-प्लेज ली।



दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि यह सेशन अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के एसीपी अनिल श्रम,और इंस्पेक्टर राकेश दुहन समेत फैकल्टी मेंबर्स ने किया। सीएसओ को दिल्ली में मौजूदा ड्रग सिनेरियो, आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले नशीले पदार्थों के प्रकार, उनके लक्षण और तस्करी की चीजों की सप्लाई में योगदान देने वाले मुख्य सोर्स राज्यों के बारे में पूरी जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में ड्रग के इस्तेमाल से शारीरिक और मानसिक सेहत पर पड़ने वाले बुरे असर के बारे में भी बताया गया।

वर्कशॉप की एक खास बात मानस पोर्टल (1933) का परिचय और डेमोंस्ट्रेशन था ख्र यह ड्रग से जुड़ी जानकारी देने के लिए एक कॉन्फिडेंशियल प्लेटफॉर्म है। ऑफिसर्स को पोर्टल के फीचर्स के बारे में बताया गया, खासकर मुखबिरों की पहचान छिपाने और उनकी सिक्योरिटी पर इसके खास जोर के बारे में। इसके अलावा, सभी मौजूद पार्टिसिपेंट्स ने एंटी-ड्रग्स ड्रग्स ई-प्लेज भी लिया।इस पहल को बहुत पसंद किया गया, जिसमें शामिल सीएसओ, खासकर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अभिरूप बनर्जी, कंसल्टेंट सिक्योरिटी, और नवीन सहगल, एजीएम एयरो-सिटी सिक्योरिटी ने एयरो सिटी में ड्रग्स के खतरे से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस की सक्रिय कोशिशों की तारीफ की। उम्मीद है कि लॉ एनफोर्समेंट और प्राइवेट सिक्योरिटी के बीच सहयोग दिल्ली के मुख्य हॉस्पिटैलिटी और कमर्शियल हब में से एक में सतर्कता बढ़ाने और ड्रग-फ्री माहौल पक्का करने में अहम भूमिका निभाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित गदो के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255012A | ऑर्थोपेडिक रोबोट फॉर स्पाइन सर्जरी (स्पेसिफिकेशन एज़ पर पीडीऍफ़ अटैच्ड) | 01 नग | 22.12.2025 |

**निविदा शर्तें** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **टेंडर नोटिस सं. 82255012A दिनांक: 03.12.2025** **3749/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर /उत्तर रेलवे; ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS साइट (**www.ireps.gov.in**) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या:** 258997TSDSSB | |
| **कार्य का विवरण:** ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में वंदे भारत रेकों के कोचों में तीन वर्ष की अवधि के लिए विनाइल रैपिंग और विनाइल साइनज की आपूर्ति, लागू करने एवं पुनर्स्थापना का प्रावधान। | |
| **अनुमानित लागत:** ₹ 1,36,73,784.96/- (GST सहित) | |
| **बयाना राशि:** ₹ 2,18,400.00/- | |
| **कार्य अवधि:** 36 माह | |
| **निविदा खुलने की तिथि, समय:** 24.12.2025, 16:00 बजे | |
| **निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट:** उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** दिनांक 02.12.2025, 18:57 बजे से प्रभावी है। | |

**सं.: 258997TSDSSB दिनांक: 04.12.2025** **3757/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की सीमा 5 को हो रही समाप्त

**पंजीकरण की समय सीमा बढाने की हो रही है मांग, मात्र 30% संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की जताई जा रही है संभावना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के जरिए बनाए गए उम्मीद पोर्टल पर देशभर की वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय सीमा कल 5 दिसंबर को समाप्त होने जा रही है। तमाम प्रयासों के बावजूद पोर्टल पर देशभर में फैली 8 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों में से मात्र 30% संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन होने की संभावना जताई जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट के जरिए उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने से मना करने के बाद अब महज सरकार से इस पोर्टल की समय सीमा बढ़ाई जाने की उम्मीद लगाई जा रही है। संसद में भी इस मुद्दे को लेकर सांसदों के जरिए आवाज बुलंद की गई है और उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की गई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी केंद्र सरकार से पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि जितना समय दिया गया था वह काफी नहीं था। देशभर में फैली वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए और अधिक समय की जरूरत है जिसे बढ़ाया जाना चाहिए। बोर्ड की तरफ से इस सिलसिले में केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरण रिजूजी को एक पत्र लिखकर मिलने का समय भी मांगा गया है। केंद्र सरकार ने वक्फ कानून 2005 के लागू होने के बाद वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए एक उम्मीद पोर्टल बनाया था और तमाम मुतवाल्लियों से उम्मीद पोर्टल पर अपनी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन करने की अपील की थी।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पहले तो पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन करने से मूतवल्लियो को मना किया था लेकिन बाद में पंजीकरण के लिए राजी हो गया और देश भर में वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। लेकिन बार-बार वक्फ पोर्टल के सुस्त पढ़ने और तकनीकी खराबी होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। पोर्टल पर संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन और डॉक्यूमेंट के अपलोड करने में दिक्कतें आने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। बोर्ड ने इस सिलसिले में प्राप्त शिकायतों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाई जाने की मांग की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी समय सीमा बढ़ाए जाने से इनकार कर दिया है।

इसके बाद बोर्ड ने सरकार से उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की है और इस सिल. सिले में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के लिए पत्र भी भेजा है लेकिन अभी तक केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री की तरफ से मिलने का समय नहीं दिया गया है। बोर्ड प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री से मिलने के लिए बोर्ड के महासचिव की तरफ से लेटर लिखे जाने की बात स्वीकार की है। स्वयं बोर्ड महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजददी ने भी केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखने की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि हमने उनसे मिलने का समय मांगा है और अगर समय मिलेगा तो हम मिलने जरूर जाएंगे और अपने साथ बोर्ड के नेताओं के अलावा अन्य मुस्लिम संगठनों के जिम्मेदारों को भी लेकर जाएंगे और मंत्री से गुजारिश करेंगे कि वह उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जारी रखने के लिए उसकी समय सीमा बढ़ाने पर गौर करें।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए उम्मीद पोर्टल की समय सीमा सरकार के जरिए बढ़ाई जाएगी और सभी वक्फ संपत्तियों का उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर हथियार की प्रदर्शनी, पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** इलाके में दहशत, वर्चस्व कायम करने और गैंगस्टरों की निगाहों में आने के लिये सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों की वीडियो बनाकर अपलोड करने वाले बदमाश दिव्यांश को बाहरी जिला की एएटीएस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पिस्टल और दो कारतूस बरामद किये हैं। इंस्पेक्टर राजपाल मीणा के निर्देशन में पुलिस टीम को बीते बुधवार को जानकारी मिली कि एक बदमाश सुल्तानपुरी इलाके में गैर-कानूनी हथियार के साथ घूम रहा था, और कहा जा रहा है कि वह पिछली रात हुए झगड़े के बाद दो लोगों पर हमला करने की योजना बना रहा था। यह भी पता चला कि संदिग्ध ने लोकल युवाओं में डर पैदा करने और अपनी क्रिमिनल इमेज को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो अपलोड किए थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: 33-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26** **दिनांक : 04.12.2025**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | टीआरडी दिल्ली डिवीजन पर ट्रैक के संबंध में महत्वपूर्ण इम्प्लांटेशन वाले OHE स्ट्रक्चर का विस्तार और रेट्रो–रिफलेक्टिव टाइप नंबर प्लेट के साथ क्षतिग्रस्त/गायब /फीकी लोकेशन नंबर प्लेटों को बदलना और क्षतिग्रस्त/गायब बॉन्ड को बदलना। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 5,52,82,686.49/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 4,26,400/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.12.2025 (10:30 बजे) से 29.12.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.12.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3753/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खड़ी कार में घुसी बुलेट, दो युवक गंभीर घायल

## भीषण टक्कर से बाइक सवार युवक फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के राष्ट्रीय राजमार्ग–9 पर गुरुवार सुबह उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब फ्लाईओवर पर खड़ी कार में तेज रफ्तार बुलेट बाइक जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक फ्लाईओवर से लगभग 30 फीट नीचे सर्विस लेन पर जा गिरा। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे गाजियाबाद से हापुड़ जा रही एक कार का टायर अचानक पंचर हो गया। चालक ने गाड़ी को फ्लाईओवर पर ही साइड में खड़ा कर दिया। उसी दौरान पीछे से बुलेट बाइक पर आ रहे दो युवक कार को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अचानक कार सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर सीधे कार में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे सर्विस लेन पर जा गिरी। दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे, जिनमें से एक करीब 30 फीट नीचे सड़क पर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक घायलों की पहचान 25 वर्षीय



अयान निवासी बिजनौर, थाना चांदपुर और 21 वर्षीय अली निवासी मोहल्ला पटियापाड़ा, बिजनौर के रूप में हुई है। घटना की सूचना 112 पर मिलते ही कॉलेज गेट चौकी इंचार्ज नवीन गौतम टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अयान को जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अली को सरस्वती अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन क्रेन की मदद से हटवाकर कब्जे में ले लिए। अभी तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं दी है, लेकिन पुलिस अपने स्तर पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर पर वाहन खड़ा करना बेहद खतरनाक होता है, इसी कारण ऐसे हादसे होते हैं।

# धान के खेत में लगी भीषण आग, किसान का भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बझेड़ा कला में उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक खेत में रखे धान के पुलों में भीषण आग भड़क उठी। धधकती लपटों ने कुछ ही मिनटों में पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी तेजी से हुई कि वहां मौजूद किसानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।



ग्रामीणों ने धुआं उठता देखा तो मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन तेज हवाओं के चलते लपटें और भड़कती चली गईं। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। खेत मालिक किसान ने बताया कि धान की फसल कटाई के बाद पुलों को सुरक्षित रखा गया था, लेकिन अचानक उठी आग ने पल भर में सब राख कर दिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आग को आसपास के खेतों में फैलने से रोक दिया। दमकल विभाग का कहना है कि अगर कुछ देर की भी देरी हो जाती तो आग बड़ा रूप ले सकती थी और आसपास की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंच सकता था। इस घटना में किसान के कई कुंटल धान के पुले पूरी तरह जलकर खाक हो गए, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी मिलते ही थाना कपूरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया।

पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की आग की घटनाएं किसानों की मेहनत और आजीविका पर बड़ा प्रहार होती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि किसान को उचित मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाए ताकि उसकी आर्थिक भरपाई हो सके।

# युवक की रहस्यमयी मौत, घर के बाहर ताला अंदर मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोयना में बुधवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब 29 वर्षीय युवक अनुज का शव उनके ही घर के फर्श पर संदिग्ध हालात में मिला। हैरानी की बात यह रही कि घर का मुख्य दरवाजा बाहर से ताला लगा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।



जानकारी के अनुसार दीवाली के दौरान किसी बात पर पति–पत्नी में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद अनुज की पत्नी नीशू, बेटे वाशु और बेटी माही को लेकर मायके चली गई थीं। तब से अनुज अकेले ही उसी मकान में रह रहा था। उसका छोटा भाई अजय, मां चंद्रवती और भाई संजू गांव के दूसरे मकान में रहते हैं। छोटे भाई अजय ने बताया कि बुधवार शाम से अनुज का कोई पता नहीं था। रात करीब साढ़े आठ–नौ बजे वह उनके घर पहुंचा तो बाहर से ताला लगा देखकर हैरान रह गया। शक होने पर वह छत पर चढ़ा और झरोखे से झांककर देखा तो अनुज फर्श पर पड़ा था। शोर मचाने पर पड़ोसी और परिजन वहां आ गए। सभी ने मिलकर ताला तोड़ा और अंदर पहुंचे। डॉक्टर को बुलाया गया, लेकिन उन्होंने अनुज को मृत घोषित कर दिया। गांव में चर्चा है कि अनुज ने कुछ लोगों से कमेटी उठाई थी और पैसे लौटाने में देरी चल रही थी। इसी वजह से वह अक्सर घर को बाहर से ताला लगाकर ही रहता था। गांव के कुछ युवकों के साथ उसके करीबी संबंध थे, जिनके साथ वह अक्सर खाना–पीना और घूमना करता था। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं मामला हत्या का तो नहीं है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया जा चुका है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। हत्या, आत्महत्या या हादसा हर संभावना पर पुलिस काम कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं।

# भाजपा कार्यालय पर अभियानों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, प्रीत विहार में आज महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से एसआईआर अभियान तथा एमएलसी / स्नातक चुनाव अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दोनों ही अभियान संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिनके सफल संचालन के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि एसआईआर की तिथि बढ़ा दी गई है, जो कार्यकर्ताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एसआईआर के दौरान



जो फर्जी वोट, डबल वोट या अस्तित्वहीन वोट हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से कटवाया जाए। साथ ही स्कूल–कॉलेजों में जाकर अधिक से अधिक ग्रैजुएट वोटरों से संपर्क कर उनकी वोट बनवाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें, ताकि अभियान को मजबूत किया जा सके और अधिक से अधिक लोगों को वोटर लिस्ट से जोड़ा जा सके। बैठक में जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष कपिल एसएम, पायल गुप्ता, पिंकी त्यागी, कविता बाना, सुमित पर्चा, प्रवीण शर्मा, विक्रांत शर्मा, आशीष चौधरी, दिनेश त्यागी, सुनील वर्मा, दीपक गौड़, तरुण चौहान, अमित सिवल, कुणाल चौधरी, शिवम ठाकुर, पवन गर्ग, ललित मोदी, यशपाल सिंह सिसोदिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी अभियानों को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना पर सहमति बनी।

# 17 साल की शादी के बाद पति की दरिंदगी, गर्म इस्त्री से झुलसाई पत्नी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 17 साल से विवाहित और दो बच्चों की मां एक महिला को उसके ही पति और रिश्तेदारों ने मिलकर अमानवीय यातनाएं दीं। 24 सितंबर 2025 की रात महिला को घर में बंधक बनाकर गर्म इस्त्री से जगह–जगह दागा गया। चीखें सुनकर पड़ोसी पहुंचे तो उसकी जान बच सकी।

महिला द्वारा अदालत में दिए गए प्रार्थना–पत्र के अनुसार, रात करीब 11 बजे पति मनोज के साथ आए चार रिश्तेदार श्रीचंद, रोहताश, संजय और सुभाष ने उसे दबोच लिया। किसी ने हाथ पकड़े, किसी ने पैर, जबकि दो लोगों ने दोनों ओर से पकड़कर उसे बेबस कर दिया। इसी दौरान मनोज ने गर्म इस्त्री लेकर




उसके हाथों, भुजाओं, शरीर और निजी अंगों पर कई बार दागा। दर्द से कराहती महिला की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग मौके पर आए तो आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के तुरंत बाद पीड़िता बाबूगढ़ थाने पहुंची, लेकिन वहां उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। उल्टे उससे कोरे कागज़ों पर हस्ताक्षर करवाए गए और उसका आधार कार्ड व मोबाइल भी ले लिया गया। जान का खतरा होने के कारण महिला लगातार जगह बदलकर छुपकर रहने को मजबूर है। आरोपियों द्वारा उसे लगातार धमकी दी जा रही है कि अगर किसी से कुछ कहा तो अंजाम बुरा होगा। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह के मुताबिक, अदालत के आदेश पर पति मनोज सहित पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं बलात्कार, मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

# पशु कटान करने वाल चार आरोपी गिरफ्तार, 150 किलो मांस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अवैध पशु कटान पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में भैंस प्रजाति का मांस, अवशेष और पशु कटान में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरण बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौहल्ला कोटला मेवातियान, कब्रिस्तान के सामने वाली गली में स्थित एक मकान पर छापेमारी की। यहाँ चारों आरोपी अवैध रूप से पशु कटान करते हुए पकड़े गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 150 किलोग्राम भैंस का मांस, अवशेष और पशु कटान में प्रयुक्त होने वाले उपकरण एक दांव, दो कुरी, एक चाकू, एक



मसकरा आदि बरामद किए। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोज पुत्र साबिर, निवासी कोटला मेवातियान, थाना हापुड़ नगर, आबिद पुत्र इलियास, निवासी सहरे वाली गली सिकन्दरगेट, थाना हापुड़ नगर, शाहरूख पुत्र साबिर, निवासी आवास विकास कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर और आज़ाद पुत्र याकूब, निवासी कोटला मेवातियान, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ थाना हापुड़ नगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को सिम्भावली पुलिस चैकिंग अभियान के दौरान ग्राम वैट नहर पटरी स्थित बक्सर रेग्यूलेटर के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में एक युवक को रोका। पूछताछ और तलाशी लेने पर उसकी पहचान आकिल पुत्र यामीन निवासी ग्राम वैट, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आकिल एक शातिर और खतरनाक किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास, गैंगस्टर, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से पुलिस की निगाह में था और क्षेत्र में भय व आतंक फैलाता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ नया मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसी कार्यवाही आगे भी होती रहेगी।

### प्रतिबंधित पशु कटान करने वाला आरोपी गिरफ्तार जिंदा पशु व भारी मात्रा में उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध की रोकथाम व प्रतिबंधित पशु कटान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धौलाना थाना पुलिस को गुरुवार को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित पशु कटान की तैयारी कर रहे एक आरोपी को धर–दबोचा। आरोपी के पास से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु सहित कटान में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान ग्राम गालंद नहर पुल से मसूरी की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। घेराबंदी कर जांच करने पर एक व्यक्ति पकड़ा गया, जिसकी पहचान असलम पुत्र एजाज निवासी जाफर कॉलोनी, थाना मसूरी, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु, दो तेजधार छुरियां, एक गंडासा, एक लकड़ी का गुटका तथा रस्सी आदि उपकरण बरामद किए हैं, जिनका उपयोग अवैध कटान में किया जाना था। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिबंधित पशु कटान करने वालों के खिलाफ पुलिस का

# गन्ने के खेत में ले जाकर किया हत्या करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव गढ़ावली निवासी युवक ने गांव निवासी युवक पर बाइक से उतार कर घायल करने और गन्ने के खेत में ले जाकर गोली मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी जसपाल सिंह ने बताया कि दो माह पूर्व उसकी गांव निवासी व्यक्ति से डीजे पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय ग्रामीणों ने दोनों का समझौता करा दिया, लेकिन उसकी समय से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद बुधवार को उसके साथ गांव से गढ़ नगर जाने के दौरान आरोपी ने उसको जंगल में रोक कर बाइक से उतारकर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद आरोपी उसको गन्ने के खेत में लेकर पहुंच गया और तमंचे से गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया, लेकिन उसके शोर मचाए जाने पर आरोपी उसको अंजाम भुगताने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मजदूरों पर लाखों की नकदी व जेवर चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी व्यक्ति के घर से करीब एक लाख की नकदी समेत लाखों रुपये की कीमत के जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने घर में काम कर रहे दो मजदूरों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घर पर पुताई और टेल पत्थर का काम चल रहा है। दोनों ही काम को अलग अलग स्थान के मजदूरों के द्वारा किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि दो दिसंबर को उनकी पत्नी किसी कार्य से बाहर गई थी जबकि वह घर की छत पर बैठे हुए थे, घर के नीचे दो मजदूर काम कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि दोपहर के समय जब वह मकान के नीचे आए तो देखा कि सेफ का दरवाजा खुला हुआ था। उसको देखकर वह दंग रह गए। पीड़ित ने बताया कि उनके घर से करीब एक लाख की नकदी और लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने नीचे मकान में काम कर रहे दोनों मजदूरों पर नकदी और गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जनसेवा केंद्र संचालक के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी गौरव ने बताया कि वह स्याना चौपले पर जनसेवा केंद्र संचालन करता है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी दुकान पर दो युवक शराब पीकर आए और मोबाइल का चार्जर मांगने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके और उसके भाई सौरभ के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने न्यायालय में शिकायती पत्र देकर उल्लेख किया है कि करीब एक माह पूर्व वह घर पर काम कर रही थी। तभी पड़ोसी व्यक्ति उसके घर पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ आ गया और गाली गलौज करने लगा। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान उसकी बेटिंया बीच बचाव करने के लिए आई तो आरोपी ने एक बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 35 ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में मिली वित्तीय अनियमिताएं

**मथुरा।** लेखा परीक्षक को ग्राम पंचायतों के अभिलेखों की जांच कर निरंतर खामियां मिल रही हैं। अब तक 35 ग्राम पंचायतों के अभिलेखों के 50 बिंदुओं पर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। जिससे ग्राम प्रधान व पंचायत सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला लेखा परीक्षक ने जनपद की 495 ग्राम पंचायतों के अभिलेखों का आडिट किया जा रहा है। लेखा परीक्षक की टीम ग्रामों के अभिलेखों की जांच कर रही है कि किस किस खर्चे में वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं या नहीं। जिले की 35 ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनिमितताएं उजागर हुई हैं। जिसमें बल्देव ब्लाक की ग्राम पंचायत मादौर, हसनपुर, नवीपुर, इब्राहिमपुर, मांट ब्लाक की ग्राम पंचायत जैसवां, डांगौली एकक्एक आपत्ति, राया ब्लाक की ग्राम पंचायत खलौआ में तीन, भूडासानी, खडिया, नौहझील ब्लाक की ग्राम पंचायत अहमदपुर, बिरजू गढ़ी, मडुआका, मानी गढ़ी, भूरेका, गोवर्धन ब्लाक की सीह, महरौली, दौलतपुर में एकक्एक आपत्तियां मिली हैं। इनके अलावा लेखा परीक्षक ने जनपद के मांट ब्लाक की ग्राम पंचायत पीरी, नौहझील ब्लाक की ग्राम पंचायत सुरीर कलां, सागौली, नोशेरपुर, गोवर्धन ब्लाक की ग्राम पंचायत फोंडार, अहमल, नंदगांव ब्लाक की नवीपुर, बलदेव ब्लाक की जुगसाना, किशनपुर, चौमुहां ब्लाक की ग्राम पंचायत सहदपुर, पासौली, देवपुरा, रहेडा, बझेड़ा, बिलोडा, तातारपुर में एक–एक आपत्ति, राया ब्लाक की ग्राम पंचायत खांडिया में दो, पडारारी में तीन आपत्तियां मिली हैं। डीपीआरओ ने बताया कि 18 ग्राम पंचायतों में 21 आपत्तियां मिली हैं। इन आपत्तियों को निस्तारण के निर्देश उन्होंने सभी ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों को दिये हैं।

# केएम हॉस्पिटल के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों स्कूली बच्चे सहित आमजन हुए लाभान्वित



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्षध्केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी सदा ही किसान हितैषी के साथ–साथ गरीबों की हर संभव मददगार रहे है, ठंड की शुरूआत हो चुकी है मौसम में परिवर्तन होने के कारण बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्होंने मथुरा के विभिन्न स्कूलों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया हुआ हैं, जिसमें केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम और वृंदावन की चन्द्रोदय संस्था का विशेष सहयोग मिल रहा है। एटीवी कॉलौनी स्थित ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों सहित स्कूली बच्चों ने चिकित्सीय जांच व परामर्श का नि:शुल्क लाभ उठाया। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम विश्वविद्यालय और केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई दिनों से विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रहे हैं और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए केएम अस्पताल में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी जांचें नि:शुल्क होंगी। ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा केएम विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जा रहा है यह स्वास्थ्य परीक्षण अभियान छात्र–छात्राओं और आम जनमानस, दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी है। शिविर में केएम चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों लोगों के दांत, ब्लड ग्रुप, नेत्र, अन्य मौसमी बीमारियों की जांच की गई है। केएम मेडीकल कालेज एवं हॉस्पिटल के चिकित्सकों में बाल रोग विभाग की डा. प्रियंका सोनी, डा. विराज, डा. दीपक, डा. अश्वनी ने स्कूल के बच्चों और अन्य जनमानस के साथ भाग लिया।

# गांजा बेचने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के दो थानों की पुलिस ने आज दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए कीमत का मादक पदार्थ बरामद किया है। ये बदमाश काफी दिनों से अवैध रूप से गांजा को पश्चिम बंगाल व अन्य जगहों से लाकर एनसीआर क्षेत्र में बेचने का काम कर रहे थे। थाना थाना फेस-वन पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 64 किलोग्राम गोल्डन मिर्ची गांजा तथा दूसरे से दस किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 25 से 30 लाख रुपए बताई जा रही है।





डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना फेस-वन पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से पश्चिम बंगाल राज्य से ट्रेन द्वारा अवैध गांजा की तस्करी एनसीआर-दिल्ली क्षेत्र में करने वाला अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर निताई सरकार उर्फ चूपा पुत्र केस्टोलाल सरकार को झुण्डपुरा बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से 64 किलोग्राम अवैध गांजा (गोल्डन मिर्ची) बरामद किया है। बरामद अवैध गांजे की अनुमानित कीमत करीब 15 से 20 लाख रुपये है।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह गांजा पश्चिम बंगाल से ट्रेन में पांच किलोग्राम से छह किलोग्राम के छोटे-छोटे पैकेट की पैंकिग कर ट्रेन के अलग-अलग बोगियों में रखकर लाता है तथा दिल्ली आकर ट्रेन से उतार लेता है। वह पश्चिम बंगाल से बडी मात्रा में विशेष किस्म का गोल्डन मिर्ची गांजा लाकर दिल्ली में पूर्व में चुराई गयी ई-रिक्शा में रखकर फुटकर विक्रेताओं को सप्लाई कर मुनाफा कमाता है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त वर्ष 2019 में अपनी पत्नी के साथ 17 किलोग्राम गांजा की तस्करी करते हुए थाना सेक्टर-39 क्षेत्र से पकड़ा गया था। अभियुक्त करीब आठ साल से अवैध गांजा की तस्करी कर रहा है, जिसके विरूद्ध दिल्ली व एनसीआर के थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

वहीं थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा पकडे गए दूसरे अभियुक्त के बारे में जानकारी देते हु डीसीपी ने बताया कि थाना नोएडा पुलिस एक सूचना के आधार पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक अभियुक्त मौहम्मद इमरान उर्फ शाहरूख उर्फ मुराद उर्फ दिल्ला पुत्र साहबुद्दीन को गंदे नाले की पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से दस किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह कम दामों में गांजा खरीदकर लाता है तथा आस-पास के क्षेत्र में अधिक दाम में बेचकर मुनाफा कमाता है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के गांजा स्त्रोत के संबंध में जानकारी की जा रही है।

# दोस्तों ने किया चार दिन से लापता मनीष का कत्ल, फिर नहर में फेंकी डेड बॉडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव के रहने वाले दो दोस्त व पतलाखेड़ा गांव का रहने वाला तीसरा दोस्त शनिवार से लापता हुए थे, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। पूछताछ के लिए पुलिस कई लोगों को हिरासत में ले चुकी है।



बुधवार को दो लापता दोस्तों को भी पुलिस ने तलाश लिया और सख्ती से पूछताछ की। पुलिस को पूछताछ में दोनों दोस्तों ने तीसरे दोस्त की हत्या की बात स्वीकारी है, जिसके शव को खेरली नहर में फेंका जाना बताया गया है। बृहस्पतिवार को पुलिस एसडीआरएफ की टीम के साथ नहर में शव की तलाश करेगी।

अस्तौली गांव के रहने वाले नारायण सिंह ने सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका बेटा मनीष अपने गांव निवासी एक दोस्त और पतलाखेड़ा निवासी अन्य दोस्त के साथ पिछले शनिवार की सुबह घर से कार लेकर गया था, जो लौटा नहीं। सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने के बावजूद भी सुराग नहीं लग सका।

पीड़ित परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही पुलिस की दो टीमें मामले की जांच करते हुए तीनों लोगों की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को पुलिस ने दो दोस्तों हिरासत में ले लिया और सख्ती से पूछताछ की गई।

बताया जाता है कि दोनों आरोपित दोस्तों ने मनीष की हत्या की बात करते हुए शव को खेरली नहर में फेंकने की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मनीष की हत्या कर शव को खेरली नहर में फेंके जाने की आशंका के चलते शव को तलाशा जाएगा।

# दस पुलिस कर्मी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के प्रमुख स्थानों पर तैनात किए गए पुलिसकर्मी अचानक निरीक्षण में गैरमौजूद मिले। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर रात दो बार किए निरीक्षण गैरमौजूद मिले दस पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। डायल-112 के प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कमिश्नरेट क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तर से निगरानी तंत्र बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में कमिश्नरेट की सीमाओं एवं सभी प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए आवश्यकता के अनुसार पीआरवी वाहनों की ड्यूटी लगाई गई है।

सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने व जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की निगरानी करने के लिए मंगलवार रात दो बार अचानक निरीक्षण कराया गया।

**दो बार किया गया अचानक निरीक्षण:** पहला अचानक निरीक्षण रात आठ बजे कराया गया। इस दौरान कुल चार वाहनों में से महज एक वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी ही निर्धारित स्थान पर मिले। तीन वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी गैरमौजूद मिले। इसके बाद रात दस बजे दोबारा अचानक निरीक्षण कराया गया। इस दौरान दो पीआरवी वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी ही अपने निर्धारित स्थान पर मिले। शेष दो वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी गैरमौजूद मिले।

**इन पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड:** पीआरवी वाहनों पर गैरमौजूद मिले पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक रतन सिंह, मुख्य आरक्षी छोटेलाल सिंह, अखलीम अली, सुमित कुमार, आरक्षी राजू कुमार, प्रशांत बालियान, रविंद्र कुमार, कृष्णवीर, गौरव चौधरी और होमगार्ड नवींद्र सिंह हैं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के समुचित व समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। यह समीक्षा डीएम कैंप कार्यालय, सेक्टर-27 नोएडा स्थित सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें डिप्टी सेक्रेटरी भारत निर्वाचन आयोग अजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा वंदना त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, सभी उप जिलाधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहे।



बैठक में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नये मतदाता पंजीकरण, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं के नाम विलोपन, स्थानांतरण प्रविष्टियों के सत्यापन तथा बूथ स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने कहा जिन विधानसभाओं में निर्वाचन कार्य धीमी गति से हो रहा है वहां तेजी लाने हेतु सकारात्मक कार्य किये जाएं, जिससे सभी विधानसभाओं में निर्धारित समय के अन्तर्गत में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 का कार्य संपन्न हो सके, इसके साथ ही डाटा मैपिंग करते समय या उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजते हुए प्रत्येक बिंदु का पुनरावलोकन किया जाएं, जिससे कि रिपोर्ट में त्रुटि न रहे। कार्य करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी बीएलओ निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन कार्य सुनिश्चित करें। युवाओं एवं प्रथम बार मतदान करने वाले पात्र नागरिकों के पंजीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब या त्रुटि पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### मार्क अस्पताल मामले में स्वास्थ्य और बिजली विभाग की जांच पूरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-66 स्थित मार्क अस्पताल में ऑक्सीजन पाइपलाइन फटने के मामले में स्वास्थ्य और बिजली विभाग की जांच पूरी हो गई है। दोनों ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट आनी बाकी है। लिहाजा अस्पताल की जांच की पूरी रिपोर्ट एक हफ्ते के बाद ही डीएम को भेजी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने इसके लिए एक हफ्ते का समय मांगा है। एक महीने पहले अस्पताल में दो दिन लगातार ऑक्सीजन की पाइपलाइन फटी थी, जिसके बाद सीएमओ ने अस्पताल को सील कर दिया था। मामले की जांच के लिए बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग से संबंधित जांच पूरी हो गई है। अग्निशमन विभाग से संबंधित जांच होनी है। अस्पताल की ऑक्सीजन गैस पाइपलाइन फटने के बाद अस्पताल के प्रबंध निदेशक किसी निजी कार्य में थे। लिहाजा मामले की जांच टीम से अग्निशमन से संबंधित उपकरणों की ऑडिट के लिए एक हफ्ते का और समय मांगा है। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम के प्रमुख डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से एक हफ्ते का और समय मांगा गया है। जांच के दौरान अस्पताल के प्रमुख का होना जरूरी है। लिहाजा एक हफ्ते के बाद जांच पूरी कर ली जाएगी। रिपोर्ट डीएम को सौंप दी जाएगी।

### तीन स्कूलों में खेल सुविधाओं का औचक निरीक्षण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्ध नगर की ओर से बृहस्पतिवार को शहर के तीन स्कूलों में खेल सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया गया। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली के नेतृत्व में टीम ने बाल भारती पब्लिक स्कूल, विश्व भारती पब्लिक स्कूल और डीपीएस स्कूल सेक्टर-30 में मैदानों और खेल उपकरणों की स्थिति की विस्तृत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकांश ग्राउंड के पोल और अन्य सुविधाएं मानकों के अनुरूप पाई गईं। बाल भारती और डीपीएस स्कूल में खेल मैदानों की स्थिति संतोषजनक रही। पोल, नेट और अन्य उपकरण सुरक्षित और निर्धारित मानकों के तहत ठीक पाए गए। हालांकि, विश्व भारती पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में पोल पर जंग मिलने की शिकायत दर्ज की गई। जंग लगे पोल को देखते हुए टीम ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। स्कूल प्रबंधन को पोल पर पेंट कराने और समय-समय पर मेंटेनेंस सुनिश्चित करने के लिए कहा गया, ताकि छात्रों के लिए खेल के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा समस्या न उत्पन्न हो। मौके पर डॉ. परवेज अली ने कहा कि जिले में खेल सुविधाओं की गुणवत्ता को बनाए रखना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे आकस्मिक निरीक्षण जारी रहेंगे।

### पथिक स्टेडियम में सुविधाओं को और बेहतर करने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी कर विशेषज्ञ कंपनियों से सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सुझाव मांगे हैं। साथ ही क्रिकेट सहित प्रत्येक खेल मैदान का तकनीकी मूल्यांकन कराया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव के लिए निजी क्षेत्र की मदद भी ली जा सकती है। दरअसल, ग्रेनो प्राधिकरण द्वारा 38 एकड़ में विकसित किए गए शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में क्रिकेट, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बॉस्केटबॉल, स्केटिंग, फुटबॉल व स्विमिंग आदि खेलों की सुविधाएं मौजूद हैं। बेहतर ढांचागत संसाधन के बाद भी जिले के खिलाड़ियों को इसका ज्यादा फायदा नहीं मिल पा रहा है। प्रशिक्षण के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने मौजूदा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने बताया कि खेल परिसर को और अधिक उपयोगी कैसे बनाया जा सके,इसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति जारी प्रस्ताव मांगे गए हैं। अच्छा प्रस्ताव मिलने पर उसे धरातल पर उतारा जाएगा। विशेषज्ञों से सुझाव भी लिया जाएगा। चयनित संचालक को खेल अकादमी स्थापित करने और अन्य लाभकारी गतिविधियों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता होगी। लंबे समय के लिए स्टेडियम के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। होनहारों के प्रशिक्षण की विशेष व्यवस्था होगी। निजी क्षेत्र को सौंपी जा सकती है जिम्मेदारी प्राधिकरण के मुताबिक खेल परिसर के संचालन और रखरखाव में निजी क्षेत्र की मदद ली जा सकती है। खेलों के लिए प्रशिक्षक की नियुक्ति किए जाने की तैयारी भी चल रही है।

# सेक्टर-आठ में कल से गुलदाउदी की प्रदर्शनी लगेगी

**नोएडा।** सेक्टर-8 स्थित नर्सरी में छह और सात दिसंबर को गुलदाउदी की प्रदर्शनी लगेगी। नोएडा प्राधिकरण और फ्लोरिकल्चर सोसाइटी की ओर से इसका आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रवेश निशुल्क होगा। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, नोएडा और आसपास के औद्योगिक और शिक्षण संस्थानों भाग लेंगे। इसके अलावा आवासीय कॉलोनियों के भी प्रतिभागी भी पुष्प पेश करेंगे। इस बार उत्सव को और भी आकर्षित बनाने के लिए फॉलिएज, कोलियस, फर्न और गुलाब को भी शामिल किया गया।

# गेलेक्टिक सिटी बिल्डर्स, निदेशकों पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोर्ट के आदेश पर ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस ने गेलेक्टिक सिटी बिल्डर्स के छह डायरेक्टर्स समेत आठ लोगों के खिलाफ 17.11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

एग्रीमार्ट केमिकल्स इंडिया लिमिटेड के पीड़ित डायरेक्टर ने भवन बिक्री के नाम पर रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपितों से जानमाल के खतरे की आशंका जताते हुए पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है।।सेक्टर स्वर्ण नगरी निवासी सहदेव एग्रीमार्ट केमिकल्स इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। वह किराए पर फैक्ट्री के लिए कार्यालय लेने के संबंध में नॉलेज पार्क पांच स्थित गेलेक्टिक सिटी कंपनी के डायरेक्टर रामवीर सिंह से मुलाकात करने पहुंचे थे।

**कर्मियों में झांसे में आकर कराई बुकिंग:** उनकी मुलाकात फैक्ट्री के कर्मी रमन नागर व अंकित कुमार से हुई। उन्होंने कार्यालय के लिए निर्माणाधीन भवन दिखाया।

कर्मियों ने प्रोजेक्ट में निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने व निर्माण चार माह में पूरा होने का आश्वासन दिया। आरोप है कि कर्मियों के झांसे में आकर उन्होंने 500 स्क्वायर फिट का एरिया बुक करा 21 हजार रुपये बुकिंग शुल्क जमा कर दिया। बिल्डर ने भवन का 29.75 लाख में सौदा तय किया। एग्रीमेंट के कागजात तैयार कराए।

**चेक और नगद के जरिए दे डाले 17.11 लाख रुपये:** पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में चेक व नगदी समेत 17.11 लाख रुपए बिल्डर को अदा कर दिए। बाकी की राशि बैनामा के समय देने की बात तय हुई। करीब चार माह बाद सहदेव निर्माण स्थल पर पहुंचा तो वहां कोई काम पूरा नहीं मिला। रमन व अंकित से बात की तो एक माह में पूरा होने की बात बोल कर टाल मटोल करते रहे।

पीड़ित परेशान होकर 21 जून 2025 को बिल्डर के कार्यालय पहुंचा। वहां फैक्ट्री के डायरेक्टर्स रामवीर सिंह, अक्षित पोद्दार, सिद्धार्थ जैन, ऋषभ जैन, अभिनव कुमार जैन, पवन जैन और कर्मी रमन और अंकित मिले। पीड़ित ने तय समय में निर्माण पूरा नहीं होने के चलते दी गई धनराशि वापस मांगी।

**पैसे वापस मांगे तो की मारपीट:** पीड़ित का आरोप है कि फैक्ट्री के डायरेक्टर्स व कर्मचारियों ने रुपए लौटाने से मना करते हुए गाली गलौज व मारपीट की।

दोबारा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया डायरेक्टर्स व आरोपित कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मासूमों को नाले में फेंका, डिलीवरी ब्वॉय ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र में एक सौतेले पिता द्वारा दो मासूम बच्चों को नाले में फेंककर मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। समय रहते दो डिलीवरी ब्वॉय ने बच्चों की जान बचाई है। पुलिस ने मामले में आरोपी सौतेले पिता पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

तहरीर के अनुसार सोमवीर सिंह और उनका साथी दीनवंदू दोनों जेप्टो में कार्यरत हैं। दो दिसंबर की रात करीब नौ बजे दोनों डिलीवरी खत्म कर चौहान मार्केट तिराहे पारस टिएरा सोसाइटी सेक्टर-137 के पास से गुजर रहे थे। तभी नाले की दिशा से बच्चों के रोने और मदद के लिए चिल्लाने की आवाज आई। आवाज सुनते ही दोनों युवक तुरंत नाले की ओर भागे।

मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि दो छोटे बच्चे नाले के गंदे पानी और दलदल में बुरी तरह फंसे हुए थे और खुद को बाहर निकालने की स्थिति में नहीं थे। सोमवीर और दीनवंदू ने बिना देर किए नाले में उतरकर एक चार साल की बच्ची और एक ढाई साल के बच्चे को बाहर निकाला। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके पिता आशीष ने उन्हें नाले में फेंका है। इससे वह हैरान रह गए। बाद में पता चला कि आरोपी आशिष दोनों बच्चों का सौतेला पिता है और उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहता था। इसी कारण उसने बच्चों को जान से मारने की नीयत से नाले में धक्का दे दिया।

दोनों बच्चों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को निगरानी में रखा है। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने मामले में सोमवीर सिंह की शिकायत पर बीएनएस की धारा-109 (1) बीएनएस की धारा-93 (12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करने वाले अभिभावकों द्वारा त्याग करने) की धाराओं में केस दर्ज किया है।

**पहले पति से हुए बच्चों को पसंद नहीं करता आरोपी:** कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच में पता चला है कि महिला का पहले पति से झगड़ा होता था। वह महिला से मारपीट करता था। इस कारण महिला ने पहले पति को छोड़ा था। महिला के पहले पति से वर्तमान में एक चार साल की लड़की और ढाई साल का पुत्र है। महिला वर्तमान में गृहणी है और नौकरी की तलाश कर रही है। महिला और आरोपी दोनों ही कानपुर के रहने वाले हैं।

गांव में रहने के दौरान महिला आरोपी के संपर्क में आई थी। महिला अपने पति को छोड़कर दोनों बच्चों के साथ आरोपी के साथ किराये के मकान में रह रही है। वर्तमान में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले एक आरोपी के साथ शादी कर पिछले एक साल शाहदरा से रह रही है। आरोपी पहले पति से हुए दोनों बच्चों को साथ नहीं रखना चाहता था। इसी कारण उसने दोनों बच्चों की हत्या की साजिश रही। आरोपी बुधवार रात को अपनी पत्नी को मंगल बाजार में टैटू बनवाने के बहाने ले गया था। इस दौरान पत्नी जब टैटू बनवाने लगी तो आरोपी ने पत्नी से कहा कि उसके सिक्योरिटी इंचार्ज का फोन आ रहा। उसने अत्यंत आवश्यक काम से बुलाया है, इसलिए वह जा रहा है।

इसके बाद आरोपी सीधा घर पहुंचता और दोनों बच्चों को साथ लेता है। दोनों बच्चों को साथ ले जाने के बाद वह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित करीब दस फीट गहरे नाले में फेंक देता है। नाले में पानी कम रहने के साथ कीचड़ का मलबा होने के कारण दोनों बच्चे दलदल में फंस जाते हैं। वहीं आरोपी मौके से फरार हो जाता है।

# हनीट्रैप में फंसाकर किसान से साढ़े पांच लाख ठगे, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना कोतवाली पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का खुलासा कर दो सगी बहनों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक लाख 90 हजार रुपये नगद बरामद हुए। आरोपियों ने किसान को फंसाकर साढ़े पांच लाख रुपये ठगे थे। पुलिस के मुताबिक खेड़ी भनोता गांव के रहने वाले किसान विकल सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़ित के अनुसार कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उधर से एक लड़की बोल रही थी। उसने अपनी फंसाकर प्रेम का इजहार किया। पीड़ित के अनुसार जो लड़की बात कर रही थी, उसकी सहेली बनकर एक अन्य लड़की भी उससे बात करने लगी।

दोनों लड़कियों का नाम विनिशा और खुशी है। पीड़ित के अनुसार दोनों ने उनको प्रेम जाल में फंसाया तथा धीरे-धीरे करके ऑनलाइन उनसे अपने खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

इसके बाद शादी का झांसा दिया और शादी से पहले गोवा घूमने चलने की बात कही। इसके लिए पीड़ित को कासना स्थित एक पार्क में पांच लाख रुपये लेकर आने के लिए कहा। पीड़ित रुपये लेकर पहुंचा तो आरोपी लड़कियों के दो साथी मौके पर पहुंचे और युवक से पांच लाख रुपये छीन लिए। इसके बाद उसे धमकाया की यह बात किसी को बताई तो उसके स्क्रीनशॉट और वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़ित ने किसी तरह घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी विनिशा, खुशी और दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विनीशा और खुशी दोनों सगी बहनें हैं और कासना में रहती हैं। दीपांशु इनका दोस्त है।

# दनकौर में संदिग्ध अवस्था में मिला शव, आंखों के पास चोट के निशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के मुख्य बाजार में गुरुवार सुबह एक दुकान के बाहर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने पाया कि मृतक की आंखों के पास चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे अनहोनी की आशंका जताई जा रही है।

मृतक की पहचान दनकौर निवासी राजू के रूप में हुई है, जो क्षेत्र में मजदूरी करता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजू को बुधवार देर शाम तक काम करते देखा गया था। हालांकि, देर रात उसके साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सुबह बाजार खुलने पर दुकान के बाहर उसका शव मिलने से लोगों में दहशत फैल गई।

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में आगामी 13 दिसंबर को जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। इस लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, दीवानी वाद, एम०वी० एक्ट एवं ई-चालान वाद, आर्बिट्रेशन मामले, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व, सेवा संबंधित और पेंशन के मामले, तथा प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत एवं बीएसएनएल बिल सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह-सहमति के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कराने हेतु जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज न्यायालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आम नागरिकों को सरल, सहज एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अत: सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित वादों का पूर्व चिन्हांकन कर समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि 13 दिसंबर को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके और नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

# सीईओ ने किया सेक्टरों में बने फ्लैटों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम ने गुरुवार को को सेक्टर-27, 93, 110 व 66 में प्राधिकरण द्वारा निर्मित श्रेणीवार फ्लैटों व भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान भवनों की स्थिति खराब मिलने पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए। उनके साथ ओएसडी, विशेष कार्य अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सेक्टर-27 व 93 में बने विभिन्न श्रेणियों के फ्लैटों, वहीं सेक्टर-93, 110 व 66 में बनाए गए श्रमिक कुंज भवनों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। कई भवन पूर्व में आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन लंबे समय से इनकी मरम्मत नहीं होने से हालात जर्जर दिखे।

सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी भवनों का विस्तृत ऑडिट कर Redevelopment Policy के तहत इन्हें दोबारा विकसित करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने इस संबंध में समिति गठित कर एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

साथ ही, यह भी कहा गया कि प्राधिकरण द्वारा निर्मित सभी पुराने भवनों का परीक्षण कर उनकी मरम्मत, पुनर्विकास या आवश्यकतानुसार ध्वस्तीकरण पर स्पष्ट योजना तैयार की जाए, ताकि निवासियों को सुरक्षित और बेहतर आवास उपलब्ध कराया जा सके।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग, पुलिस मामले की जांच में जुटी



मृतका का फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान मेरठ के खिवाई कस्बे की रहने वाली शहरीन के रूप में हुई है। उसका विवाह करीब छह साल पहले 2018 में बागपत पुराने कस्बे के फिरोज के साथ हुआ था। शहरीन के तीन बच्चे हैं। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले शहरीन के साथ मारपीट करते थे। कई बार पंचायतें भी हुईं और पुलिस में शिकायतें भी दर्ज कराई गईं। शहरीन के भाई महरूफ अली ने बताया कि उनकी बहन की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना रात में हुई और सुबह उन्हें फोन पर मौत की सूचना दी गई। फिलहाल, पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और नियमानुसार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने किया कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित चकबंदी कार्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चकबंदी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव, रिकॉर्ड रूम की स्थिति, साफ-सफाई, और कार्यालय रजिस्टरों की जांच करते हुए कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि चकबंदी कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए कार्यालय व्यवस्था बिल्कुल व्यवस्थित रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि रिकॉर्ड्स, नक्शे, खसरा-खतौनी अभिलेख, लंबित मामलों और मुक. दमों की फाइलों का अवलोकन किया। जिलाधिक. ारी ने चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों को क्रमवार व्यवस्थित किया जाए और पुराने रिकॉर्ड को सुरक्षित बॉक्स फाइलों में संरक्षित किया जाए। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष जताते हुए कहा कि सरकारी दफ्तरों का वातावरण जनता के भरोसे को मजबूत करता है, इसलिए परिसर में धूल, गंदगी और बिखरे कागज नहीं दिखने चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले निरीक्षण तक साफ-सफाई और व्यवस्था में स्पष्ट सुधार दिखना चाहिए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चकबंदी अधिकारी, संबंधित राजस्व कर्मी और अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।



## रटौल में बंदरों का आतंक, दो महिलाओं को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा और रटौल कस्बें में बंदरो के जुड़ ने अलग अलग दो महिलाओं पर हमला बोल गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

लहचौड़ा निवासी 70 वर्षीय जगवती पत्नी परमानंद अपने घर में काम कर रही थी तभी एक बंदरो का जुड़ वहा पहुंचा और वृद्ध महिला पर हमला बोल घायल कर दिया जिससे परिजनों ने महिला को नीजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। इसके अलावा रटौल कस्बें में 25 वर्षीय इसराना पत्नी मुस्तकीम घर पर रस्सी से कपड़े उतार रही थी तभी बंदरो ने उस पर हमला बोल घायल कर दिया। कस्बें के लोगो ने बताया कि रटौल क्षैंत्र में बंदरो का आतंक बना हुआ है जिस कारण लोग परेशान है। आय दिन बंदर लोगो पर हमला बोल घायल करते रहते है। लोगो ने उच्च अधिकारियों से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।



## शादी के बाद दुल्हन नकदी व जेवरात लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के एक युवक की शादी दिल्ली में हुई थी। एक सप्ताह पत्नी घर पर रही फिर घर से लाखों के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गयी तलाश में पहुंचा पति तो वह वहा नही मिली पति अपने को ठगा महसूस कर रहा है। ललियाना निवासी सन्नी पुत्र जसवीर ने बताया कि उसकी शादी गांव के ही एक व्यक्ति ने दो लाख रूपये लेकर मंजनू का टीला दिल्ली से डेड माह पहलेअक्टूबर माह में करायी थी। पांच आदमी शादी में गये थे और फेरे के बाद दुल्हन को अपने घर ले आये थे। एक सप्ताह दुल्हन घर पर रही फिर उसके परिजन भाई,मां और दुल्हन की बहन उसे लेने पहुंचे तो उन्होंने उसे भेज दिया। दुल्हन अपने साथ पचास हजार रूपये और जेवरात भी ले गयी थी। दो दिन पहले परिजन नव विवाहिता पत्नी को लेने पत्नी के घर दिल्ली पहुंचे तो उन्हें वहां कोई नही मिला। आस पडौस में पता किया तो पता चला वह लोग किराये का मकान लेकर रहते थे और अब कहीं और चले गये है। युवक और उसके परिजन अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। वही उन्हें यह भी डर है कही दुल्हन दोबारा घर आकर दहेज का मुकदमा उन पर न कर दे वहीं वह बिचोलिया से भी अपने पैसा वापस देने की मांग की है।



## एक नजर

## जनवरी से बागपत की 41 PACS होंगी डिजिटल, डीएम ने समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक कर PACS कम्प्यूटरीकरण परियोजना की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनवरी से शुरू होने वाले तीसरे चरण में बागपत को 41 PACS समितियों को हर हाल में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी। सरकार PACS कम्प्यूटरीकरण पर 2925.39 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जिसके तहत देशभर की सभी कार्यात्मक PACS को ERP आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर, साझा लेखा प्रणाली (CAS) और MIS से जोड़ा जा रहा है। इससे PACS में ऋण वितरण से लेकर खाद-बीज बिक्री, खरीद-बिक्री, भंडारण, सदस्यता प्रबंधन और पीडीएस जैसी सभी सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। बागपत जिला तीसरे चरण में शामिल है और जिले की 41 समितियों को जनवरी से पहले इन्फ्रास्ट्रक्चर, हार्डवेयर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन और डेटा माइग्रेशन के लिहाज से पूरी तरह तैयार करना होगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि PACS सचिवों का प्रशिक्षण दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक हर हाल में पूरा हो जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना की प्रगति में आ रही चुनौतियों पर अलग-अलग विभागों से रिपोर्ट ली। उन्होंने सहकारिता विभाग, नाबार्ड, DIC और बैंक अधिकारियों से कहा कि PACS कम्प्यूटरीकरण केवल तकनीक का सवाल नहीं है-यह किसानों को तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं देने की दिशा में बड़ा बदलाव है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना का लक्ष्य PACS को ग्रामीण सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करना है। केंद्र सरकार चाैबै को पीएम किसान समृद्धि केंद्र, CSC, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र, उर्वरक-बीज वितरण, पीडीएस, LPG/डीजल डीलरशिप जैसी सुविधाओं का बहुउद्देशीय केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। बैठक में सहकारिता विभाग, नाबार्ड, बैंक प्रबंधक और जिला सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुलडोजर चलाकर हाईवे किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटवाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर खेकड़ा तहसील के समीप अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। तहसील प्रशासन की टीम और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकारियों ने बुलडोजर चलाकर हाईवे किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमणों पर कार्रवाई की। इस दौरान चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई मविकला के पास बढ़ते अवैध अतिक्रमण को लेकर की गई। इस अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया। नायब तहसीलदार वंशिका सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और NHAI अधिकारियों के सहयोग से अतिक्रमण हटवाया। अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा और किसी तरह का कोई विरोध देखने को नहीं मिला। नायब तहसीलदार वंशिका सिंह ने कर्मचारियों और अधिका. रियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 7 सितंबर से शुरू होंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसकी तैयारियां पुरी की जा चुकी है। 7 सितंबर से कार्यक्रम शुरू होंगे जैन समाज के महामंत्री अजय जैन उर्फ काले जैन ने बताया कि दिगंबर जैन कॉलेज के फील्ड में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में होने वाला यह महोत्सव 6 दिनों तक चलेगा जिसकी तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। 24 तीर्थंकरों की 24 प्रतिमाएं पंचकल्याणक विधान के माध्यम से शुद्ध होकर दिल्ली रोड स्थित मंदिर में विराजमान की जाएंगे महामंत्री अजय जैन का कहना है कि 7 दिसंबरको घट यात्रा एवं मंडप प्रतिष्ठा होगी 8 सितंबर को ग्रभ कल्याणक 9 दिसंबर को जन्म कल्याणक 10 को तब कल्याणक 11 को केवल ज्ञान महोत्सव और 12 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक एवं प्रतिमाओं का शुद्धिकरण के साथ महोत्सव संपन्न होगा आचार्य सौरभ सागर महाराज नगर में जैन समाज द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में रोजाना की भांति श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि सभी श्रद्धालु महाराज श्री की भक्ति में डूबे हुए हैं उनके प्रवचन सुनकर सभी श्रद्धालु पुण्य कमा रहे हैं महाराज श्री रोजाना श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देकर सभी की मंगल कामनाएं करते हैं।



## पशुपालन विभाग पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत निरपुडा में एक अज्ञात बीमारी के कारण पिछले 20 दिनों में कम से कम 18 पशुओं की मौत हो गई है। इस घटना से पशुपालकों में भारी चिंता बनी हुई है, जिससे परेशान होकर ग्रामवासियों ने पशु चिकित्सा विभाग पर घोर लाप. रवाही का आरोप लगाया है। स्थानीय पशुपालकों के अनुसार, पशुओं में मुंहपका और खुरपका जैसी बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं, जिससे पशुओं की मौत लगभग 04 दिनों के भीतर हो रही है। निवर्तमान ग्राम प्रधान मुनेश देवी, ग्राम पंचायत सदस्य वीरेंद्र राणा और शुभम राणा उर्फ पहलवान ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों में सुधीर पुत्र धर्मपाल की एक भैंस, राहुल पुत्र राजपाल की एक गाय, सुनील राणा पुत्र तेजपाल कि एक भैंस, नोमहल पुत्र करण की एक गाय,ऋषिपाल पुत्र सरजीत कि एक गाय, तिर. सपाल कि एक गाय, संतु शेख कि भी एक गाय की मौत हो चुकी है जबकि कुछ पशु बीमार भी बने हुए है। पशुपालक ग्राम निरपुडा में फैली इस बीमारी से काफ़ी चिंतित व परेशान हैं और पशुओ कि इस गंभीर बीमारी से बचाव की मांग कर रहे हैं। पशुपालन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण आए दिन ग्राम निरपुडा में पशुओं की मौत हो रही है। पशुपालको का लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है और वे कर्ज में डूब रहे हैं। वेदपाल, सुक्रमपाल, धर्मपाल, रामकुमार,और रामबली सहित अन्य ग्रामवासियों ने बीमारी के बारे में बचाव के उपाय उपलब्ध कराने की मांग पशुपालन विभाग से की है। यदि पशुपालन विभाग कोई कदम नहीं उठाया तो ग्रामवासियों को धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगें। **हाल ही में बीमार पशुओ का विवरण**, देविंद्र उर्फ पप्पू पुत्र प्रकाश 03 पशु बीमार है अड्डे पर मकान है विनोद पुत्र पीतम सिंह के यहाँ एक पशु बीमार है। सहदेव पुत्र कलिराम के पशु बीमार है। निवर्तमान प्रधान मुनेश के यहाँ पशु बीमार है नरेन्द दुलान के पशु बीमार है। जगबीरा धूलि के पशु बीमार है नरेंद्र मलंग के यहाँ पशु बीमार है राजू पुत्र बारू बढ़ाई (मिस्त्री) के यहाँ 04 पशु बीमार है जी अड्डे पर मंदिर के पास मकान है जी श्रीमान जी हाल ही में लगभग 100 घरों में निरपुडा गांव में पशु बीमार है।

## स्कूल में लेफ्टिनेंट कर्नल यमक भारद्वाज का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय सेना के जांबाज़ लेफ्टिनेंट कर्नल यमक भारद्वाज का सम्मान एवं स्वागत किया गया।

विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों ने लेफ्टिनेंट कर्नल यमक भारद्वाज का तिलक,पुष्पगुच्छ, और स्मृति-चिह्न द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी सफलता की यात्रा, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और कठिन परिश्रम के महत्व पर विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने इनके जीवन अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। विद्यालय में इस अवसर पर एक सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें छात्राओं ने स्वागत नृत्य, देशभक्ति स्किट एवं योगा की मनमोहक प्रस्तुति दी। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से भरा रहा। श्रीदर्शिनी कलाईकुडम चेन्नई तमिलनाडु द्वारा आयोजित कला प्रतियोगिता में राष्ट्रीय यूथ अवार्ड विजेता 2 छात्रों, बेस्ट प्रेजेंटेशन विजेता 15 छात्रों, स्टार अवार्ड विजेता 12 छात्रों को कर्नल यमन भारद्वाज ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सिस्टर डा.जेस्सी जोस ने लेफ्टिनेंट यमक की सफलता को गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इनकी मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों ने विद्यालय एवं पूरे जिले का नाम रोशन किया है।



## मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसआईआर जिला टोली और मॉनिटरिंग टीम के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में एसआईआर अभियान की प्रगति, बूथ स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा, बीएलओ के समन्वय तथा आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी चन्द्रमोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर को भाजपा के जिला कार्यालय पर एसआईआर को लेकर एक अतिआवश्यक बैठक आयोजित कि जायेगी। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री जशंवत सैनी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें, जिससे प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके।

## डीएम ने फील्ड कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर जांची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने फील्ड कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर भी जांची। उन्होंने यह भी कहा कि तैनात राजस्व एवं चकबंदी कार्मिक अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे ताकि जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं का मौके पर निपटारा हो सके।

इसके अलावा, जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कार्यालय में चल रही डिजिटाइजेशन प्रक्रिया, जैसे स्कैनिंग, डेटा एंट्री, रिकॉर्ड वर्गीकरण, ई-चकबंदी पोर्टल पर अपलोड की जा रही प्रविष्टियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीणों को सटीक भूमि अभिलेख उपलब्ध कराने में चकबंदी विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों की जमीनी प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने लंबित आपत्तियों, तस्दीक, पुनर्मापन और निस्तारण से संबंधित रजिस्टरों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसानों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य अक्सर वर्षों तक लंबित रहने से ग्रामीणों को परेशानी होती है, इसलिए अधिकारी तेज़ी से और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

## डीएम ने बीबीकेडीए कार्यालय का निरीक्षण कर भूमि क्रय प्रगति पर ली विस्तृत रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बागपत, बड़ौत, खेकड़ा विकास प्राधिकरण (बीबीकेडीए) कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्राधिकरण क्षेत्र में चल रही विकास गतिविधियों की अद्यतन स्थिति जानी और व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से टटीरी टाउनशिप परियोजना से संबंधित अभिलेखों का स्वयं अवलोकन किया। उन्होंने भूमि क्रय से जुड़े दस्तावेज, भुगतान अभिलेख, सहमति-पत्र, नक्शे, मास्टर प्लान और रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जनपद की पहली एकीकृत टाउनशिप है, इसलिए रिकॉर्ड संधारण से लेकर फील्ड कार्रवाई तक प्रत्येक कार्य पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाए। टटीरी टाउनशिप के लिए अनुमोदित भूमि 5.262 हेक्टेयर अब तक चार कृषकों से 0. 1435 हेक्टेयर भूमि 1,80,81,000 रुपये में क्रय की गई है। इसके अतिरिक्त 23 मई से अब तक कुल 15 किसानों से 0.8610 हेक्टेयर भूमि की खरीद की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शेष भूमि क्रय, बैनामा, डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट और सहमति प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि परियोजना का अगला चरण बिना देरी के आगे बढ़ सके। जिला. धिकारी ने यह भी कहा कि भूमि अधिग्रहण और विकास से संबंधित सभी कार्य किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए किए जाएं। उन्होंने मुआवजा वितरण, राजस्व प्रविष्टियों, अभिलेखा सत्यापन और फील्ड निरीक्षण से जुड़े बिंदुओं पर निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर कार्रवाई का जवाबदेही के साथ संचालन होना चाहिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय व्यवस्था, अभिलेख प्रबंधन, जनसुनवाई मामलों, शिकायत निस्तारण और विभागीय समन्वय को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की सभी परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण निर्माण, मानकों के पालन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि टाउनशिप के प्रस्तावित सड़क नेटवर्क, सार्वजनिक सुविधाओं, हरित क्षेत्र और आवासीय ब्लॉकों के डिजाइन में भविष्य की शहरी जरूरतों का ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनीत उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## बागपत बना री-यूज़ेबल पैड मॉडल लागू करने वाला पहला जिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में आज वह नई सोच गूंजी जिसने महिलाओं और किशो. रियों की दैनिक संघर्ष से जुड़ी एक बड़ी समस्या को सुशासन, संवाद और समाधान के साथ जोड़ दिया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आज बड़ौत से 'निरा' मुहिम का शुभारंभ किया, जो देश में पहली बार 100प्रतिशत कॉटन आधारित, पुन:प्रयोग योग्य, प्लास्टिक-रहित सेनेटरी पैड मॉडल को जनपद में लागू करने की पहल है। यह वह मुहिम है जिसका जन्म एक संवाद से हुआ जब एक बालिका ने मिशन शक्ति कार्यक्रम में धीमी आवाज़ में कहा था, ह्मैडम, पैड महंगा होता है। यह एक वाक्य प्रशासन के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत सिद्ध हुआ और निरा मुहिम साकार हुई।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरी जन्मतिथि 08.03.2004 दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजो में मेरी जन्मतिथि 07.07.2006 है जोकि सही एवं सत्य है।

रिजवान पुत्र कालू निवासी ककौर कलां तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वसीम व उसकी पत्नि रिहाना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

महीनु पुत्र कुतबी निवासी ग्राम रावण उर्फ बडागांव थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# हाईवे पर पड़ा मिला दो दिन से लापता युवक का शव

### सेना में भर्ती के लिए मामा के यहां आया था मुजफ्फरनगर का विपिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव दबथुवा में गुरूवार शाम हाईवे पर सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त गांव दबथुवा से दो दिन से गायब एक युवक के रूप में की, पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी करते हुए जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज की छानबीन कराई।

मुजफ्फरनगर जिले के गांव काकड़ा थाना शाहपुर निवासी विपिन पुत्र सुरेन्द्र बालियान अपने साथी कविन्द्र पुत्र इन्द्रपाल निवासी कमला. पुर थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर सरधना थाना क्षेत्र के गांव दबथुवा में अपने मामा दीपक पुत्र सतवीर के यहां सोमवार शाम आया था। जानकारी के अनुसार विपिन व कविन्द्र को पल्लवपुरम में आर्मी भर्ती में फिजिकल टेस्ट बुधवार का देना था।

मंगलवार सुबह करीब 7 बजे दोनों दोस्त दौड़ लगाने के लिए मेरठ करनाल हाईवे पर निकले थे। लेकिन दौड़ के दौरान पेट्रोल पंप के कविन्द्र रूक गया था, लेकिन विपिन आगे निकल गया था,जो वापस लौटकर नही आया था। परिजनों ने इस मामले में सरधना थाने में मंगलवार शाम गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुरूवार शाम हाईवे पर गांव पोहल्ली महाव. ीर कॉलेज के सामने आर्मी स्टेशन की दीवार से मिली झाड़ियों में विपिन का शव पड़ा हुआ मिला, जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी मिलते ही सीओ आशुतोष कुमार थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामलें की जानकारी जुटाई। सीओ का कहना था कि हत्या या हादसे के बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही क्लियर किया जायेगा। युवक के शव के चेहरे पर चोंट के निशान थे, युवक का शव मिलने के बाद परि. जनों का रो- रोकर बुरा हाल था।

## परतापुर पुलिस ने हत्या का खुलासा कर आरोपी को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते 27 नवंबर को पप्पू पुत्र मांगेराम मलियाना ने अपने भाई की हत्या के एक मामले की थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उनका आरोप था कि उनके भाई की हत्या कर शव को मोहकमपुर सेक्टर एरिया में फेंक दिया गया है। परतापुर पुलिस और स्वाट टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी हनी उर्फ विनीत निवासी शिवपुरम थाना टीपी नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मृतक से कहासुनी हो गई थी इसी कारण उसने उसकी हत्या कर शव को मो. हमपुर सेक्टर में फेंक दिया था यह जानकारी गुरुवार को एसपी सिटी में पत्रकारों को पुलिस लाइन में दी।

# एसआईआर सर्वेक्षण: एसडीएम सरधना ने की दलों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** चुनाव आयोग द्वारा चलाएं जा रहें मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण सर्वेक्षण के प्रकरण में गुरूवार को एसडीएम सरधना ने सभी दलों के साथ मिलकर बैठक का आयोजन किया।

जिसमें सामने आ रही शिकायतों को दूर करने के लिए मंथन किया गया। इस दौरान सत्ता व विपक्षी दलों के बीच गर्मा-गर्मी के माहौल बना रहा, बैठक के दौरान पुलिस फोर्स की तैनाती बनी रही। गुरूवार दोपहर तहसील परिसर के सभागर में आयोजित बैठक में एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर ने सपा विधायक अतुल प्रधान, लोकदल से आतिर रिजवी, भाजपा से संगीत सोम सेना के सचिन खटीक, विनोद ठाकुर, व कांग्रेस से सैयद रिहानुदीन समेत अन्य विपक्षी दलों के नेता व कार्यकर्ताओं के साथ बीएलओ व सुपरवाइजरों सर्वेक्षण के दौरान हो रही समस्याओं के बारें में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मतदाताओं के साथ होने वाली समस्याओं का समाधान व सर्वेक्षण जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बीएलओं को निर्देश दिए गये। इस दौरान आगा अली शाह, शाहवेज अंसारी, ललित गुर्जर, अशरफ राणा, कासिम अंसारी, चांद खान, सलीम अंसारी, समेत मौजूद रहें।

# जनहित के हर एक मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी निभा रही अपनी भूमिका: कर्मवीर गुमी

- जिलाध्यक्ष ने अशरफ अली को बनाया सरधना विधानसभा अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी द्वारा समाजवादी पार्टी जनपद मेरठ कि जिला कार्यकारिणी में मौ. अशरफ अली को विधानसभा अध्यक्ष सरधना पद पर मनोनीत किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि पूरे जनपद में पार्टी को मजबूत बनाना है अखिलेश यादव के निर्देश के अनुसार पार्टी लोगों की हर समस्या और जनहित के हर मुद्दे को लेकर मैदान में है साथ ही इस समय सबसे बड़ा टारगेट एसआईआर प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है और उन्हें जनहित का काम करते हुए एसआईआर की प्रक्रिया में लोगों की मदद करनी है।

कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग लगातार इस कार्य में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा के लोगों को यह पता चल जाएगा की जनता 2027 में क्या चाहती है। 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता अब अखिलेश यादव को गद्दी पर देखना चाहती है कर्मवीर ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता या जो भी पदाधिकारी पार्टी के लिए मजबूती और ईमानदारी से काम करेगा उसे पूरा सम्मान देंगे और पार्टी के मुखिया भी उसकी सराहना करेंगे। इस दौरान सरधना की सियासत में अपनी पहचान रखने वाले चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी, अजय अधाना, फैजान अंसारी, नकुल गुर्जर, फैजल खान, ई. संदीप यादव, अजय गहलोत, परमेश मुकद्दम सिंह, सुंदर वाल्मीकि, ललित गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।

## आठ को होगा मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजनान्तर्गत ड्रॉ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपनिदेशक राजीव राय ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत माह अप्रैल, 2024 से सितम्बर, 2025 तक छह तिमाही एवं तीन छमाही का ड्रा आयुक्त द्वारा नामित प्रति. निधि अपर आयुक्त की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से आयुक्त सभागार में 8 दिसम्बर को एक बजे नियत किया गया है। उन्होंने समस्त सचिव, मण्डी समितियां, मेरठ सम्भांग को निर्देशित किया कि अधिकाधिक किसानों के साथ सोमवार को समय अपरान्ह 12.05 बजे तक अनिवार्य रूप से आयुक्त सभागार में उपस्थित होकर आयोजन में नियत समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सभी सचिव प्र.सचिव, कूपन निर्गत करने सम्बन्धी रजिस्टर कूपन से सम्बन्धित समस्त अभिलेख, कूपन निर्गमनकर्ता कर्मचारी पटल प्रभारी के साथ उपस्थित रहें।

# भाकियू तोमर 13 को उत्तराखंड सीएम कार्यालय पर करेगी पंचायत

### सदरपुर में बैठक कर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने किसानों के साथ बनाई रणनीति

- किसान सौपेंगे 24 सूत्रीय मांग पत्र
- गन्ने का भाव 500 रूपये कुंतल के अलावा किसानों की कई समस्याओं से सरकार को कराएंगे अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने गुरुवार को गांव सदरपुर में मेरठ जिला महासचिव अमित कुमार के आवास पर कि पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का फूल मलाओ और ढोल नंगाड़ो के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने पंचायत मे मौजूद किसानो से आह्वान किया कि 13 दिसंबर को किसानो कि समस्याओं को लेकर संगठन मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी के कार्यालय को घेरने का काम करेगा। चौधरी संजीव तोमर ने बताया कि गन्ने का भाव 500 रूपये कुंतल किया जाये तथा बकाया भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये।

इकबालपुर शुगर मिल से किसानो का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये। पहाड़ी किसानो के लिए कृषि यंत्र फ्री दी जाये और खेत से मंडी तक का ट्रांसपोर्ट खर्च सरकार को देना चाहिए। पहाड़ में इंटरनेट सुविधा पर विशेष ध्यान दे। पहाड़ी किसान छोटा जमीरदार होता है तो उसे लोन में कम से कम 60 परसेंट की सब्सिडी दी जाये, और सड़क पूर्ण रुप से गड्ढा मुक्त किया जाये। किसानो के वाहनो से टोल टैक्स न लिया जाये या रोड टैक्स दोनो में से एक चीज लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाकियू तोमर इस तर्ज पर 24 सूत्रीय एक ज्ञापन सरकार को सौपेगे, और उनका समाधान कराने का काम करेंगे। सम्बोधन के बाद तोसीफ खान को युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सलाहकार इन्दरजीत सांगवान, राष्ट्रीय सलाहकार प्रतिनिधि एसपी सिंह, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष छम्मन खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री पप्मी, कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रज्जी खान, शिवाशु काकरान, ईकपाल राठी, विवेक लांबा, अरुण, ओमबीर सिह, एतेन्दर सिह, पवनीश सिंह, पम्पन, सचिन, आबिद, मुनसफ अली, शबी अहमद, आबीद, इरफान, मुकेश, शिराज, ताहीर, भूरा, हनी बालियान, सोनू आदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगों ने तीन खातों से उड़ाए 61 हजार, रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** साईबर ठगों ने तीन खातों से 61 हजार रुपए उड़ा दिये। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित हरबीर पुत्र हरनारायण सिंह ने बताया कि उनके व्हाट्सएप कॉल पर एक लिंक आया। जिसको उन्होंने खोल दिया। जैसे ही लिंक खोला तो उनके आरबीएल क्रेडिट कार्ड बैक ऑफ बडौदा एक्सिस बैंक से लगभग 61 हजार रुपए काट लिये। बैंक से पैसे कटते ही उनको मैसेज जाने शुरू हो गए। तभी उन्होंने बैंक में जाकर इसकी शिकायत की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित ने थाने पर जाकर साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पर एक प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### सर्दी ने पसारे पांव, बच्चों-बुजुर्गो को रखें ख्याल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जैसे-जैसे दिसम्बर का महीना आगे बढ़ रहा है। सूर्य देव की रोशनी धीमी पड़ रही है। और ठंड को फलने-फूलने का मौका मिल रहा है। ऐसे में हमारा लोगों से आग्रह है कि वह अपने बच्चों का ख्याल तो रखे ही लेकिन बुजुर्गो का भी ख्याल रखना न भूले क्योंकि इन बुजुर्गो के कारण ही आज हम इस दुनिया में है और कल हमें भी बुजुर्ग होना है। यहीं प्रकृति का सनातन सत्य है और हमें इस सर्दी के मौसम में अपने बुजुर्गो पर पूरा ध्यान रखना है।

# सदाचरण के लिए किए गए परिश्रम का कोई विकल्प नहीं: डॉ. विपिन टाडा

- दयावती मोदी एकेडमी में 45वें वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन, विभिन्न वर्ग में छात्रों को किया गया पुरूस्कृत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** दयावती मोदी एकड़ेमी में बुधवार को 45वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन एसएसपी डॉ. विपिन टाडा ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कलाओं में अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के दौरान ही विद्यालय के छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विपिन टाडा ने कहा कि सदाचरण के लिए किए गए परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। आधुनिक समय में तीव्रता से बदलते परिवेश में समाज जहां पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति की और तीव्र गति से अग्रसर हो रहा है, वहीं आधुनिक तकनीकी और सांस्कृतिक जीवन मूल्य पर आधारित शिक्षण शैली से सम्बद्ध रखते हुए नैतिक मूल्यों का संवर्धन करते हुए विद्यालय का सन्देशात्मक प्रयास सराहनीय है। पुरस्कार वितरण समारोह में लघु नाटिका के द्वारा लोक सांस्कृतिक परंपराओं को उजागर किया गया। जिसमें लगभग 850 विद्यार्थियों ने अभिनय और नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. ऋतु दीवान ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा निर्धारित कला एकीकृत की गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल और प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके बाद अकादमिक स्तर पर कक्षा 10 और कक्षा 12 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए कक्षा 12 की प्रकृति मलिक को मांजी दयावती मोदी गोल्ड कप, वाणिज्य वर्ग में कुमारी वसु को प्रेसिडेंट गोल्ड कप और कला वर्ग में सरगम गुप्ता को डायरेक्टर एजुकेशन गोल्ड कप, कक्षा 10 की शोनी मेहता को प्रिंसिपल गोल्ड कप और तीन विद्यार्थियों को ओवरऑल टॉपर, 17 विद्यार्थियों को सेक्शन वाइज टॉपर पदक से सम्मानित किया गया। लगातार 3 वर्षों तक 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 58 विद्यार्थियों को स्कॉलर ब्लेजर दिया गया। इसके अलावा 17 विद्यार्थियों को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। हाल ही में दिल्ली के राजौरी में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल प्रतियोगिता में दयावती मोदी एकेडमी के 28 छात्रों ने 31 पदक अपने नाम किए। इसको लेकर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10 और कक्षा 12 में 85 प्रतिशत से अधिक सब्जेक्ट एवरेज लाने वाले 15 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। लगातार 10 वर्षों तक विद्यालय की सेवा करने वाले नौ शिक्षकों को विशिष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## सामूहिक विवाह में शादी के बंधन में बंधे 9 जोड़े

### दर्पण समाज सेवा समिति ने कराया विवाह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में गुरूवार को दर्पण समाज सेवा समिति द्वारा नौवें सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 9 जोड़े शादी के बंधन में बंधकर एक-दूसरे के साथी बनें। मेरठ रोड स्थित सिटी पांइट में आयोजित कार्यक्रम में सर्व समाज की गरीब व जरूरतमंद बेटियों की शादी उत्साह के साथ कराई गई। संस्था की तरफ से प्रत्येक वर्ष सामूहिक शादी का आयोजन किया जाता है। इस दौरान कार्यक्रम में संयोजक के रूप में रहें शाहरूख उर्फ बंटी ने कहा कि निर्धन बच्चों के लिए संस्था हर जरूतमंद लोगों के साथ हमेशा खड़ा होने का प्रयास करता है। इस मौके पर सैय्यद मुमताज, हकीम कलीम, साजिद मलिक, शाहबुद्दीन मलिक, मंजूर मलिक, मिर्जा इस्माइल, दीपक शर्मा, शाहबाज त्यागी समेत सभी धर्म के लोगों का सहयोग रहा।




# बूथ डे पर जनता को जागरूक करने बूथ पर पहुंचे विधायक गुलाम मोहम्मद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया जोरों पर चल रही है सभी मतदाता अपने वोट को सुनिश्चित करने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया में बड़ी मजबूती के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। ऐसे में गुरुवार के दिन बूथ डे भी रहा और इस बूथ डे को जनता के बीच और इस दिन की महत्वता बताने के लिए खुद सिवाल खास विधानसभा के विधायक गुलाम मोहम्मद बूथ पर पहुंचे व पूरे दिन बूथ पर रहे।

उन्होंने लोगों को बूथ डे पर अपने-अपने भूत पर जाने के लिए और अपने बीएलओ से संपर्क करने के लिए सोशल मीडिया पर भी अपील की। उनका कहना था कि जब बूथ मजबूत होगा तो कोई भी वोट नहीं काट सकता भारत का रहने वाला प्रत्येक मतदाता अपने बूथ के जरिए अपने वोट को न सिर्फ मजबूत बना सकता है बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर सकता है। वह विधायक गुलाम मोहम्मद बूथ लेवल पर जाकर लोगों से मिले जहां पर वह बीएलओ के साथ बैठे और एसआइआर फॉर्म भरवा रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी तक बहुत से लोगों ने फार्म जमा नहीं कराए हैं वह तुरंत अपने बीएलओ को फॉर्म जमा कराए और अगर किसी को कोई समस्या आ रही है तो वह अपने नजदीकी बूथ पर पहुंचकर इसका समाधान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए भी बूथों पर उपस्थित रहे। इस दौरान उनकी अपील देखकर बहुत बीएलए अपने-अपने बूथ पर गए। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का एसआईआर फॉर्म अभी तक जमा नहीं हुआ है या मतदाता सूची से संबंधित कोई भी समस्या है, वे अपने नजदीकी बूथ पर पहुंचकर उसका समाधान करा सकते हैं। विधायक ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने के लिए अपना फॉर्म अवश्य भरें।

## अधिवक्ताओं के बंद को पीएल शर्मा व्यापार संघ ने दिया समर्थन

### 17 को हड़ताल कर हाईकोर्ट बैंच की होगी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पी.एल. शर्मा व्यापारी संघ, मेरठ द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय बेंच की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग के समर्थन में 17 दिसम्बर को मेरठ बंद के आह्वान को पूर्ण समर्थन दिया गया है।

गुरुवार को बार एसोसिएशन के चेयरमैन संजय शर्मा तथा संयोजक राजेन्द्र सिंह राणा अपने पदाधिकारियों के साथ पी.एल. शर्मा रोड स्थित अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर पहुंचे तथा उन्होंने 17 को मेरठ बंद को सफल बनाने हेतु समर्थन का अनुरोध पत्र सौंपा। इस अनुरोध पत्र का उपस्थित सभी व्यापारियों ने एक सुर में स्वागत किया और 17 दिसम्बर को पूर्णत मेरठ बंद के समर्थन का निर्णय लिया। इस अवसर पर कई प्रमुख व्यापारीगण उपस्थित रहे तथा समर्थन व्यक्त किया, जिनमें मुख्य रूप से सुभाष अग्रवाल अध्यक्ष, रमनीत सिंह, सरबजीत कपूर राष्ट्रपति पदक से अलंकृत, पंकज आहूजा, नवीन गुप्ता, संजय गैलेक्सी, प्रशांत, श्याम धींगरा, संजीव मित्तल, राहुल जैन, जसप्रीत कपूर आदि शामिल रहे और सभी ने एक स्वर में बंद को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता वर्षों से न्याय प्राप्ति में हो रही देरी, आर्थिक बोझ एवं लंबी दूरी की समस्या से जूझ रही है। उच्च न्यायालय बेंच की स्थापना से आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त होगा। हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए शांतिपूर्ण बंद के आह्वान तथा विभिन्न बार एसोसिएशनों, सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए समर्थन के क्रम में, पी.एल. शर्मा व्यापारी संघ, मेरठ ने यह निर्णय लिया है कि संघ इस बंद में पूर्ण रूप से भाग लेगा। उन्होंने कहा कि मेरठ के सभी व्यापारियों, दुकानदारों व बाजारों से अनुरोध किया जाएगा कि वे 17 तारीक यानी बुधवार को अपने प्रतिष्ठान पूर्णत बंद रखकर इस आंदोलन को सफल बनाएं।

## पलायन के मुद्दे पर टूटी नगर पालिका की नींद

- परिवारों के पलायन करने की धमकी के बाद नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के कालंद रोड स्थित बस्ती में पिछले कई दिनों से हो रहें जलभराव व डेयरियों संचालकों की समस्या से परेशान कई परिवारों के पलायन के बोर्ड घर के बाहर लगाने के जागी नगर पालिका की टीम ने गुरूवार सुबह मोहल्लें में पहुंचकर सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान पालिका की टीम ने नालियों व सड़कों को सफाई करने का कार्य किया। गौरतलब कि है सरधना नगर के कालंद रोड स्थित नई बस्ती में पिछले 15 दिनों से डेयरियों संचालकों की वजह से नालियों व सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ था, जिसकी शिकायत के बावजूद भी कोई समाधान नही हुआ था। गंदे पानी की वजह से लोगों को मच्छरों व बदबू का सामना करना पड़ रहा था। बुधवार को मोहल्ले के कई परिवारों ने घर बिकाउ करने व पलायन करने के नोटिस अपने घरों के बाहर लगा दिया था, मामला अखबारों व सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद नींद से जागी नगर पालिका की टीम ने गुरूवार सुबह ही मोहल्लें में पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। चेयरमैन पुत्र शाहवेज अंसारी नगर पालिका की टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।



# टॉस-ओस की मैच में अहम भूमिका रही

## गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती है उससे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है

**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में 358 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाने के कुछ ही देर बाद भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने कहा कि ओस से प्रभावित इन मैचों में टॉस 'बहुत बड़ी भूमिका निभाती है', जिससे बहुत ज्यादा फर्क पड़ता है।

यह लगातार 20वां वनडे था, जहां भारत ने टॉस हारा हो। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी चुनी और चार गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। प्रेजेंटेशन सेरमनी में ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए राहुल ने कहा कि बहुत ज्यादा ओस है, जिससे दूसरी पारी में गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। पिछले मैच में हमने इन सबके बावजूद बहुत अच्छा किया था। गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती हैं, उससे मुझे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। इसलिए लगातार दो टॉस हारने का मुझे खुद अफसोस हो रहा है। इसका वाकई बहुत बड़ा असर पड़ रहा है। राहुल ने कहा कि पीछे मुड़कर देखें तो हमेशा कुछ बातें होती हैं, जो हम बेहतर कर सकते थे। बल्लेबाजी में मुझे पता है कि 350 रन अच्छे लगते हैं, लेकिन पिछले मैच के बाद भी ड्रेसिंग रूम में यही चर्चा थी कि हम 20-25 रन और कैसे जोड़ सकते हैं, ताकि गीली गेंद से गेंदबाजी करते समय गेंदबाजों को थोड़ा सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि गेंदबाज दिल से पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में हमें सुधार की जरूरत है। फील्डिग में भी हमने कुछ आसान चौके दे दिए। अगर हम खेल के तीनों पहलुओं में कसावट ला सकें और थोड़ा और ते बन सकें, तो शायद वो 20-25 रन हमारे पक्ष में आ जाएं और हम शायद जीत-हार के दूसरी तरफ हों। भारत ने विराट कोहली और )तुराज गायकवाड़ के शतकों की बदौलत बड़ा स्कोर बनाया। यह 11वीं बार था, जब कोहली ने लगातार दो वनडे मैचों में शतक लगाया हो, जबकि गायकवाड़ का यह इस प्रारूप में पहला शतक था। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 156 गेंदों में 195 रन की साझेदारी की।

राहुल ने कहा कि विराट जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखना बहुत सुंदर था। जाहिर है, हमने उन्हें यह सब करते हुए अब 53 बार देखा है। वह अपना काम करते रहते हैं और हम सब इसे देखने के आदी हैं। ऋतु (गायकवाड़) जिस तरह से खेले, वह भी देखने में बहुत सुखद था। उन्होंने स्पिनरों पर आक्रमण किया और गैप में शॉट लगाए। जब उन्होंने पचासा पार किया, उसके बाद जिस लय में उन्होंने बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि वही हमें वह अतिरिक्त 20 रन दिला गए। इस मजबूत आधार के बावजूद भारत अंत में तेजी से रन नहीं बना सका। अंतिम 15 ओवर में आठ विकेट हाथ में रहते हुए भी केवल 103 रन बने, जबकि आखिरी दस ओवर में सिर्फ 74 रन बने। राहुल ने टीम शीट में टॉस के समय नंबर 6 पर नाम दर्ज होने के बाद नंबर 5 पर उतरकर 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन की आक्रामक पारी खेली। वाशिगटन सुंदर ने आठ गेंदों में एक रन बनाया, जबकि रवींद्र जाडेजा ने 27 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए, जिसमें केवल दो चौके शामिल थे। राहुल ने कहा कि जाहिर है 5-6-7 नंबर पर बल्लेबाजी को बेहतर किया जा सकता है। अगर निचला क्रम थोड़ा और योगदान दे सके और दो-तीन चौके और लगा सके, तो शायद वही 20 रन होते, जिनसे हम खुश होते। आज पहली बार मुझे नंबर 6 पर रखा गया और मैं नंबर 5 पर आया।

# ब्रेविस के पास हर गेंद पर छक्के मारने के ऑप्शन हैं: स्टेन



**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की कला का विश्लेषण किया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे चार विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ब्रेविस ने 34 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 54 रन की मोमेंटम बदलने वाली पारी खेली। जियोस्टार एक्सपर्ट डेल स्टेन ने डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की काबिलियत का अंदाजा लगाया कि ब्रेविस और उनकी छक्के मारने की काबिलियत के बारे में कुछ समय से बहुत बातें हो रही हैं, उनके अंडर-19 के दिनों से भी। मैं उनके बारे में सुनता रहता था और उन्हें पूरे मैदान में गेंद मारते हुए देखता था। अब हम इसे सबसे ऊंचे लेवल पर देखने लगे हैं। उनमें वह काबिलियत है, और बैट्समैन अब गेंद छोड़ना नहीं चाहते। उनमें रोप को पार करने का कॉन्फिडेंस है, स्लॉग से नहीं बल्कि अच्छे क्रिकेट शॉट्स से। स्टेन ने कहा कि वे इसी तरह ट्रेनिग करते हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एफईआई एशियन घुड़सवारी में आशीष ने जीता सोना

**पटाया, वार्ता।** भारत ने थाईलैंड के पटाया में एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक पांच मेडल जीतकर अपना अभियान खत्म किया। भारतीय राइडर्स ने इवेंटिग और ड्रेसेज प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी। आशीष लिमाए ने इवेंटिग में इंडिविजुअल गोल्ड मेडल जीतकर टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने शशांक सिंह व शशांक कनमुरी के साथ मिलकर इसी डिसिप्लिन में भारत को टीम सिल्वर दिलाने में भी मदद की। आशीष ने साई मीडिया से कहा कि यह हमारे लिए बहुत इमोशनल जीत थी क्योंकि पिछले एशियन गेम्स हमारे लिए अच्छे नहीं रहे थे। इसलिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी वापसी जैसा एहसास था और एक बड़ी राहत थी।

### भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम जर्मनी से 3-1 से हारी

सैंटियागो (चिली), वार्ता। महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के अपने दूसरे पूल सी मुकाबले में भारत को जर्मनी के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला टीम की ओर से एकमात्र गोल हिना बानो ने (58वें) मिनट में किया। जबकि जर्मनी के लिए लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट, एनिका शॉनहॉफ ने (52वें) मिनट और मार्टिना रीसेनेगर ने (59वें) मिनट में गोल किए। जर्मनी ने मैदान में ऊपर से दबाव बनाते हुए, शुरुआती मौकों पर भारत को बैकफुट पर धकेला और पांचवें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट में बिना कोई गलती गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। शुरुआती झटके के बावजूद, भारत धीरे-धीरे अपनी लय में आ गया और अपने मौके बनाने लगा।

# टॉम लेथम-रचिन रविंद्र के शतक न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

● **टॉम लेथम ने 145 और रचिन रवींद्र ने 176 रनों की शानदार पारी खेली**



**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (145) और रचिन रविद्र (176) की शतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में स्टंप्स के समय चार विकेट पर 417 रन बना लिए है और उसने कुल 481 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

सुबह यहां न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में कल के बिना कोई विकेट खोए 32 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड को पहला झटका ओजय शील्ड्स ने 27वें ओवर में डेवोन कॉन्वे (37) को आउटकर दिया। इसके बाद 33वें ओवर में केमार रोच ने केन विलियमसन (नौ) का शिकार कर लिया। उस समय टीम का स्कोर 100 रन था, ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आए रचिन रविद्र ने टॉम लेथम के साथ तीसरे विकेट के लिए 279 रनों की विशाल साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की खूब खबर ली और अपने-अपने शतक पूरे किए। 88वें ओवर में केमार रोच ने टॉम लेथम को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। टॉम लेथम ने 250 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 145 रनों की जुझारू पारी खेली। इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले ओजय शील्ड्स ने दूसरे शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविद्र को बोल्डकर वेस्टइंडीज को चौथी सफलता दिलाई। रचिन रविद्र ने 185 गेंदों में 27 चौके और एक छक्का लगाते हुए (176) रन बनाए। स्टंप्स के समय न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में चार विकेट पर पर 417 रन बना लिए थे। विल यंग (नाबाद 21) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद छह) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच और ओजय शील्ड्स ने दो-दो विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 231 रन बनाए थे इसके बाद वेस्टइंडीज पहली पारी में 167 रन पर ढ़ेर हो गई थी।

# नंबर-4 पर बल्लेबाजी से आश्वस्त था: ऋतुराज



**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक बनाने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने बताया कि 50 ओवर के क्रिकेट में कभी नंबर 4 पर बल्लेबाजी नहीं करने के बावजूद वह काघी आश्वस्त थे कि वह उस स्थान पर ढल जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के घ्लिाफ सीरीज से पहले लिस्ट ए की 86 पारियों में ऋतुराज ने नंबर 3 से नीचे बल्लेबाजी नहीं की थी। रांची में 14 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट होने के बाद रायपुर के दूसरे वनडे में बुधवार को गायकवाड़ ने 83 गेंदों में 105 रनों की शतकीय पारी खेली और बताया कि यह उनकी अभी तक की हर फॉर्मेट की सर्वश्रेष्ठ पारी है। गायकवाड़ ने मैच के बाद कहा कि टीम प्रबंधन ने मुझे बताया था कि मैं नंबर 4 पर ही बल्लेबाजी करने वाला हूं। एक ओपनर होने के बावघ्द प्रबंधन का इस तरह से मेरे ऊपर भरोसा दिखाना बघ्े ही सौभाग्य की बात है। गायकवाड़ ने कहा कि वनडे फॉर्मेट में अगर मैं ओपनिग के लिए भी आता हूं तो मेरी कोशिश रहती है कि मैं 45वें ओवर तक टिका रहूं। इसलिए मुझे पता है कि 11 से 40 ओवर के बीच कैसे खेलना है, स्ट्राइक कैसे रोटेट करनी है और बाउंड्री के क्या विकल्प हैं। इसलिए मुझे विश्वास था कि मुझे अपनी पारी कैसे आगे ले जानी है। मुझे सिर्घ् शुरू की 10-15 गेंदें देखनी थी कि मैं कैसे खेलता हूं और उसके बाद की प्रक्रिया उसी तरह से रही। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरी को. शिश थी कि अगर मैं टिकता हूं तो एक लंबी पारी खेल सकूं। गायकवाड़ ने कोहली के साथ 195 रनों की साझेदारी निभाई, जिन्होंने लगातार दो मैचों में अपना दूसरा शतक लगाया। इस साझेदारी के बारे में पूछने के बाद गायकवाड़ ने बताया कि यह एक सपने की तरह था। गायकवाड़ ने कहा कि मैं पिछले एक हघ्ते से उन्हें देख रहा हूं। जितने भी अभ्यास सत्र हुए हैं, उसमें वह शानदार बल्लेबाघ्ी कर रहे हैं। जिस तरह से वह मैच में भी अपनी पारी को बनाते हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है। इस मैच में भी मुझे काफी मजा आया। मैं अपने फोन में रहना चाहता था और वह किसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, इसके बारे में नहीं सोच रहा था। हमारे बीच बातचीत काफी स्पष्ट थी। हमने 5-5, 10-10 रन का टारगेट बनाया था और कैसे गैप निकालकर बाउंड्री निकालनी है, कैसे स्ट्राइक रोटेट करनी है, ए सब विचार-विमर्श किया था। मेरे हिसाब से हमारी विकेट के बीच दौघ् काघी अच्छी थी। आप इस तरह के लम्हों को लेकर सपना देखते हैं और इस तरह की साझेदारी निभाकर मुझे काफी अच्छा लगा। इस सीरीज से पहले गायकवाड़ ने 2023 में भारत के लिए वनडे खेला था। उसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल के लगातार ओपनिग करने के कारण गायकवाड़ पीछे रह गए। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल को भी उनके ऊपर प्राथमिकता दी गई।

# शिटोमन ने 110 मी. हर्डल्स का रिकॉर्ड तोड़ा

● **जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी सफलताओं को साबित किया**

**जयपुर, वार्ता।** जब सीबी शिटोमन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में पुरुषों के 110मी हर्डल्स फाइनल के लिए लाइन में खड़े हुए, तो स्टैंड में बैठे कुछ ही लोगों ने अंदाजा लगाया होगा कि वह एथलेटिक्स में कितनी देर से आए हैं या उनका सफर कितना मुश्किल रहा है। 2021 तक, उन्होंने कभी सिथेटिक ट्रैक पर कदम नहीं रखा था। उनकी जदिगी पढ़ाई, लोकल स्कूल फुटबॉल मैचों और केरल के इडुक्की जलि के एराट्टायर गांव के पास इलायची के बागानों में छुट्टियों के दौरान कभी-कभी मजदूरी करने के इर्द-गिर्द घूमती थी। लेकिन एक फुटबॉल गेम के दौरान एक मौके ने सब कुछ बदल दिया। केरल स्पोर्ट्स काउंसिल एकेडमी के कोच बैजू जोसेफ ने उनके मजबूत शरीर और जबरदस्त फिजिकल पोटेंशियल को देखा। यह यकीन होने पर कि यह युवा एथलेटिक्स के लिए ही बना है, बैजू ने उन्हें 400मी और हाई जंप आजमाने के लिए राजी किया। इन प्रयोगों से आखिरकार वह उस इवेंट तक पहुंचे जहां वह सच में फिट बैठते थे, 110मी हर्डल्स। सिर्फ दो सालों में, इस युवा ने जबरदस्त तरक्की की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में, 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी तेजी से बढ़ती सफलता को साबित किया, उन्होंने 14:32 सेकंड में दौड़ पूरी करके महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के लिए गोल्ड जीता। उनकी दौड़ एक रोमांचक फिनिश के साथ खत्म हुई, जिसमें शिवाजी यूनिवर्सिटी के विकास आनंदा (14-516) और विवि ऑफ कालीकट के राहिल (14-518) के बीच सिर्फ कुछ हजारवें सेकंड का फासला था।

# रायपुर में टॉस ने बहुत बड़ा फर्क पैदा किया: गावस्कर



**रायपुर, वार्ता।** विराट कोहली और रुतुराज गायकवाड़ की संेचुरी दक्षिण अफ्रीका की जबरदस्त और मिलकर की गई कोशिश के आगे फीकी पड़ गई, और मेहमान टीम ने रायपुर में दूसरे वनडे में चार विकेट से जीत हासिल करके सीरीज बराबर कर ली। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एडेन मार्करम के टेम्परामेंट, गीली गेंद से भारत की चुनौतियों और कोहली की संेचुरी की क्लास का विश्लेषण किया।

गावस्कर ने एडेन मार्करम की पारी के बारे में कहा कि मैं उस पारी को बहुत, बहुत ज्यादा रेट करता हूं। जब भी आप 350 से ज्यादा के टारगेट का पीछा कर रहे होते हैं, तो हमेशा प्रेशर रहता है। आप टीम को अच्छी शुरुआत देना चाहते हैं, शांत नहीं, और आस्किग रेट को कंट्रोल में रखना चाहते हैं। जब उन्होंने शुरुआत की तो रेट सात से थोड़ा ज्यादा था, और आप नहीं चाहते कि यह नौ से ज्यादा बढ़े, खासकर पावरप्ले के पहले 10 ओवर में जब सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर होते हैं। क्विटन डी कॉक, जिनका भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है, के फिर से फेल होने पर, जम्मिेदारी मार्करम पर आ गई। भारत, आईपीएल और दूसरी जगहों पर खेलने के अपने अनुभव के साथ, वह हालात को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने यह जिम्मेदारी खुद पर ली। पिछले मैच में उन्होंने कप्तानी की क्योंकि बावुमा फिट नहीं थे। रायपुर में, उन्होंने कप्तान के साथ मिलकर स्टेबल करने का काम किया। उस समय दक्षिण अफ्रीका को ठीक इसी की जरूरत थी। गावस्कर ने टॉस ने मैच पर असर के बारे में कहा कि यह बहुत जरूरी था। जरा देखिए आउटफील्ड कितनी गीली थी। शायद पहले आधे दर्जन ओवर को छोड़कर, बॉल हमेशा गीली होने वाली थी। इसका असर सिर्फ बॉलर पर ही नहीं बल्कि फील्डर पर भी पड़ता है, आप सही ग्रिप नहीं बना पाते। बॉल साबुन की टिकिया जैसी लगती है। जब आप रन आउट करने के लिए जोरदार रिटर्न करने की कोशिश करते हैं, तब भी वह आपके हाथ से फिसल जाती है। इसीलिए अगर आप इंडियन कंडीशन में टॉस जीतते हैं, तो आप हमेशा पहले बॉलिग करना चाहते हैं, ताकि डिफेंड करते समय आपको गीली बॉल से न निपटना पड़े। तो हां, टॉस ने बहुत बड़ा फर्क डाला। विराट कोहली की पारी पर गावस्कर ने कहा कि सच कहूं तो, किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि वह शतक नहीं बना पाएगा। पहली गेंद से ही ऐसा लगा जैसे वह रांची से ही खेल रहा हो। उसने हुक से छक्का लगाकर शुरुआत की, एक ऐसा शॉट जो वह अक्सर हवा में नहीं खेलता, जिससे उसके पिछले शतक का कॉन्फिडेंस दिखा।

उसके बाद, जब तक कुछ अनहोनी न हो जाए, शतक हमेशा पक्का लगता था। रुतुराज के साथ पार्टनरशिप बहुत बढ़िया थी। रुतुराज की पहली गेंद यानसन की एक जोरदार बाउंसर थी, जो जायसवाल को आउट करने के ठीक बाद आई थी। वह इसे चौके के लिए डालने में कामयाब रहा, और आप तुरंत कोहली को उसे दिलासा देने के लिए पिच पर जाते हुए देख सकते थे। और कोहली ने जो भी कहा, उसने उसे साफ तौर पर हिम्मत दी। अगली गेंद उसने फ्रंट फुट पर बहुत कॉन्फिडेंस के साथ खेली। कभी-कभी, यह सिर्फ आपके अपने रनों के बारे में नहीं होता।

# जर्मनी करेगा महिला यूरो 2029 की मेजबानी

**बर्लिन, वार्ता।** यूरोपीय फुटबॉल संघ ने घोषणा की है कि जर्मनी यूईएफए महिला यूरो 2029 की मेजबानी करेगा। डेनमार्क तथा स्वीडन की संयुक्त बोली से पहले जर्मनी ने मेजबानी के अधिकार जीते। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिनने कहा कि मैं पूरी प्रोसेस के दौरान उनकी बिना थके मेहनत और कमिटमेंट के लिए तीनों बोली लगाने वाले देशों का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। हर बिड ने नेशनल एसोसिएशन, सरकारों और लोकल एक्सपर्ट्स के बीच विजन और बेहतरीन टीमवर्क दिखाया, जो सभी पिछली गर्मियों में स्विट्जरलैंड द्वारा सेट किए गए बेंचमार्क से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि जर्मनी को बधाई। हम 2029 की गर्मियों में एक यादगार टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 16 टीमों का यह टूर्नामेंट जर्मनी के आठ स्टेडियम में खेला जाएगा।




# संधू ने तीन शॉट की बढ़त बनाई

● **चार अंडर -66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली**

**जयपुर, वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिग लीडर युवराज संधू ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इवेंट, विक्टोरियस चॉइस प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2025 पावर्ड बाय शुभाशीष होम्स के तीसरे राउंड में गुरूवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चार-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 के स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली।

युवराज संधू (65-63-66), जो तीसरे राउंड की शुरुआत में दूसरे स्थान पर थे और लीड से एक शॉट पीछे थे, ने अपने 66 के स्कोर के दौरान एक ईगल, चार बर्डी और दो बोगी लगाए और पेनल्टीमेट राउंड में बढ़त बना ली। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज, जो चार साल बाद जयपुर में खेल रहे हैं, अब इस सीजन में अपने छठे पीजीटीआई खिताब की तलाश में हैं। अगर युवराज 2025 में अपनी छठी जीत हासिल करते हैं, तो वह 2022 में मनु गंडास द्वारा बनाए गए एक सीजन में सबसे ज्यादा खिताब जीतने के पीजीटीआई रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। कुशाल सिंह (64-63-70), जो हाफवे लीडर थे और एक शॉट से आगे थे, का दिन मिला-जुला रहा, उन्होंने 70 का स्कोर किया जिसमें चार बर्डी और दो डबल-बोगी शामिल थे, जिससे वह 13-अंडर 197 के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। बांग्लादेश के बादल हुसैन (65-67-66) ने शानदार 66 का स्कोर बनाकर चार स्थान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 198 के साथ दिन का अंत तीसरे स्थान पर किया। युवराज संधू ने दिन की शुरुआत पहले होल पर बोगी से की, लेकिन फिर तीसरे और 12वें होल पर बर्डी लगाकर अच्छी प्रोग्रेस की, जिसमें बाद वाले पर टैप-इन और आठवें होल पर ईगल के लिए चिप-इन भी शामिल था। 15वें होल पर एक मिस अप एंड डाउन की वजह से संधू की दिन की दूसरी बोगी हुई, लेकिन उन्होंने आखिरी दो पार-5, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की। संधू, जिन्होंने 2018 में एमेच्योर रहते हुए रामबाग गोल्फ क्लब में अपना पहला पीजीटीआई इवेंट खेला था, ने आगे कहा कि अपनी मौजूदा हिटिंग फॉर्म के साथ मुझे लगता है कि मैं इस कोर्स पर अपना बेस्ट 10-अंडर का स्कोर हासिल कर सकता हूं, यह स्कोर मैंने 2021 में हासिल किया था जब मैंने आखिरी बार यहां खेला था। मैंने अपने बॉल-कंट्रोल में सुधार किया है और यह मेरे स्कोर में दिख रहा है। यह सब मेरे कोच गुरबाज मान के साथ की गई मेहनत की वजह से है। जयपुर के प्रोफेशनल हेमंत (तीन-अंडर 207) और प्रखर असावा (इवन-पार 212) क्रमश: 28वें और 42वें स्थान पर रहे।

# केएम आसिफ का पंजा केरल की चैंपियन मुंबई पर जीत

● **कप्तान संजू ने 46 और विष्णु विनोद ने नाबाद 43 रनों की पारी खेली, आसिफ ने पांच विकेट चटकाए**

**लखनऊ, वार्ता।** कप्तान संजू सैमसन (46), विष्णु विनोद (नाबाद 43) और शराफुद्दीन (नाबाद 35/ एक विकेट) के बाद केएम आसिफ (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर केरल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मुकाबले में गुरुवार को चैम्पियन मुंबई को 15 रनों से शिकस्त दी। मुंबई की इस सीजन में यह पहली हार है।

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में आयुष म्हात्रे (तीन) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज और अजिक्य रहाणे की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। अजिक्य रहाणे ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 32 रन बनाए। सरफराज खान, जिन्होंने पिछले गेम में अपना पहला टी-20 शतक बनाया था, ने 40 गेंदों पर 52 रन बनाकर अपना फॉर्म को बनाए रखा। सूर्यकुमार यादव 25 गेंदों में 32 रन, शिवम दुबे (11) और साईराज पाटिल 13 रन बनाकर आउट हुए। एक समय 17-1 ओवर में साईराज पाटिल का पांचवें बल्लेबाज के रूप में विकेट गिरा उस समय मुम्बई का स्कोर 148 रन था। के एम आसिफ ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और मुम्बई ने महज 15 रन जोड़कर अपने शेष पांच विकेट गंवा दिए। केरल के लिए के एम आसिफ ने 24 रन देकर पांच विकेट लिए। विग्नेश पुथुर को दो विकेट मिले। शराफुद्दीन, एम डी निधीष और अब्दुल बासित ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पड़ोसी परेशान

रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत की यात्रा के दौरान 25 समझौतों पर साइन होने की उम्मीद की जा रही है। इस दौरान भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में संबंध मजबूत होंगे। वहीं, पूरी दुनिया की पीएम मोदी और पुतिन के बीच हो रही इस मुलाकात पर नजर है। जहां अमेरिका और चीन की इस मुलाकात से टेंशन बढ़ रही है। मीडिया की मानें तो, वहीं ब्रिटेन का भी तनाव बढ़ता दिख रहा है। दरअसल, मास्को स्थित वैश्विक टीवी समाचार चैनल आरटी अब आरटी इंडिया की 5 दिसम्बर को शुरुआत करेगा। शिखर सम्मेलन के साथ-साथ, पुतिन भारत में आरटी टीवी चैनल के लॉन्च समारोह में भी शामिल होंगे। आरटी इंडिया दिल्ली के अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो से अपने टीवी प्रसारण की आधिकारिक शुरुआत करेगा। मास्को स्थित यह वैश्विक टीवी समाचार नेटवर्क अंग्रेजी में दिन के चार समाचार कार्यक्रम प्रसारित करेगा और इसका मकसद भारत और रूस के पारंपरिक संबंधों को मजबूत करना और दुनिया में दोनों देशों के बढ़ते प्रभाव को बढ़ावा देना है। जहां पुतिन के दौरे के दौरान आरटी इंडिया चैनल शुरू किया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। क्योंकि इस चैनल पर ब्रिटिश उपनिवेशवाद पर आधारित कई एपिसोड वाली एक कार्यक्रम सीरिज भी प्रसारित की जाएगी। इस सीरिज में भारतीय संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष शशि थरूर को दिखाया गया है। आरटी का अंग्रेजी-भाषा वाला अंतर्राष्ट्रीय चैनल पहले ही भारत के 18 प्रमुख आपरेटरों के पैकेज में उपलब्ध है, जिनकी संभावित दर्शक संख्या 675 मिलियन है। अब रूस का चैनल भारत में ब्रिटेन उपनिवेशवाद पर आधारित सीरिज दिखाएगा, इससे ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। वहीं व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पाकिस्तान सन्न है। एक तो पाकिस्तान रूस और भारत के हथियार सौदे से डरा हुआ है। दूसरा उसे डर है कि कहीं अफगानिस्तान वाला खेल उसके साथ न हो जाए, क्योंकि आतंक पर अगर पुतिन ने झटका दे दिया तो उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी। दरअसल दुनिया की राजनीति में जब कोई कदम हलचल मचाता है, तो उसकी गूंज सबसे पहले पड़ोसी देश सुनता है। इस बार वो गूंज है- व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की। 4 साल बाद पुतिन मास्को से सीधे दिल्ली पहुंच हैं, भारत का एजेंडा क्लियर है। रूस से दोस्ती और मजबूत होगी, लेकिन भारत और रूस की ये दोस्ती दुश्मनों को तीर की तरह चुभ रही है, लेकिन असली खौफ उन डील को लेकर है। जो हो गईं तो मुनीर की सेना का रहा सहा हौसला भी हवा हो जाएगा। पाकिस्तान का सोशल मीडिया अकाउंट और टीवी चैनलों पर यह दर्द साफ तौर पर देखा जा रहा है। एक टीवी चैनल से बात करते हुए पाकिस्तान के ये पत्रकार कह रहे हैं- ये जो दौरा होने जा रहा है रूस के सदर का भारत का, आप ये समझ लें कि पुतिन का जो भारत दौरा है। इसमें अफगानिस्तान को बढ़ावा दिया जा सकता है, क्योंकि हिंदुस्तान कोई साजिश प्लान कर सकता है। डिफेंस, आयल और हथियार, लेकिन पाकिस्तान की टेंशन इससे बड़ी है। पाकिस्तान की घबराहट ये है कि कहीं मोदी और पुतिन के बीच की बातचीत में पाकिस्तान और आतंकवाद की बात न छिड़ जाए। अफगानिस्तान और बलूचिस्तान की बात न छिड़ जाए, क्योंकि पाकिस्तान का हर सूबा खुद को मुनीर के चंगुल से आजाद कराने की जद्दोजेहद कर रहा है। ऐसे में अगर पाकिस्तान को लेकर पुतिन की नजर जरा सी भी टेढ़ी हो गई और कहीं पुतिन ने एक बार फिर अफगान तालिबान की मदद बढ़ा दी तो पाक की सेना चारों तरफ से पिटेगी। इसलिए मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता से जुड़ी खबरों पर पूरा पाकिस्तान पैनी नजर टिकाए हुए है। इस हवाले से आने वाली हर नई खबर पाकिस्तान को नया शाक दे रही है।

## राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है संस्कृति



जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं, राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं, संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग -अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी, जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है, पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# पुतिन की भारत यात्रा: तेल की धार पर कूटनीति की तलवार



**योगेश कुमार गोयल**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की 4-5 दिसम्बर की दो दिवसीय भारत यात्रा केवल एक प्रोटोकॉल विजिट नहीं बल्कि भू-राजनीति के नए शतरंज पर चली जाने वाली निर्णायक चाल मानी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक बढ़ाए गए टैरिफ के बीच यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। सोवियत दौर से लेकर आज के रूस तक, मास्को भारत का सबसे स्थाई रणनीतिक साझेदार रहा है, 1971 के युद्ध में कूटनीतिक बैकिंग से लेकर दशकों तक हथियारों, मिसाइलों और परमाणु ऊर्जा सहयोग तक लंबा इतिहास गवाह है। आज भी अनुमानत: 60-70 प्रतिशत भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म (फाइटर जेट, टैंक, पनडुब्बियां, एयर-डिफेंस सिस्टम इत्यादि) किसी न किसी रूप में रूसी मूल के हैं लेकिन 2022 के बाद समीकरण बदल गए हैं। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने तेल एशियाई बाजारों की ओर भारी छूट पर मोड़ दिया और भारत रातों-रात रूस के सबसे बड़े तेल ग्राहकों में बदल गया। 2021 में जहां रूसी तेल भारत के कुल आयात का मुश्किल से 1-2 प्रतिशत था, वहीं 2024 तक यह हिस्सेदारी 30-35 प्रतिशत तक जा पहुंची और रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। यही ऊर्जा समीकरण आज भारत-रूस व्यापार का मेरुदंड है। द्विपक्षीय व्यापार महामारी-पूर्व लगभग 10-13 अरब डॉलर से उछलकर करीब 70 अरब डॉलर तक जा पहुंचा लेकिन इसका बड़ा हिस्सा केवल तेल और ऊर्जा आयात है जबकि भारत का रूस को निर्यात लगभग 5 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद को बहाना बनाकर भारत के ऊपर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ थोप दिए, जिससे कई आइटम्स पर कुल ड्यूटी 50 प्रतिशत तक जा पहुंची। तर्क यह कि भारत सस्ते रूसी तेल के जरिए मॉस्को की वॉर मशीन को फंड कर रहा है। नतीजा यह कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार और महंगा तथा अनिश्चित हो गया। स्पष्ट है कि यह सिर्फ व्यापारिक व्यवस्था नहीं, राजनीतिक दबाव का औजार भी है। सवाल यह नहीं कि भारत रूस से तेल खरीदे या नहीं बल्कि सवाल यह है कि क्या वाशिंगटन किसी तीसरे देश को चुनकर उसकी ऊर्जा और रणनीतिक आजादी पर शर्तें तय कर सकता है और दिल्ली इसे कितनी दूर तक सहन करेगी। पुतिन की यह यात्रा इसी टैरिफ-दबाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। अमेरिका खुलकर चाहता है कि भारत रूसी तेल पर निर्भरता घटाए, साथ-साथ अमेरिकी हथियार और उत्पादों के लिए अपने बाजार और ज्यादा खोले। भारत को अब यह संतुलन बेहद बारीकी से साधना है और यही इस शिखर मुलाकात की असली कसौटी होगी। कच्चे तेल पर शुरुआती जबरदस्त छूट अब सिकुड़कर मामूली मार्जिन तक आ गई है। ऐसे में केवल 1.5-2 डॉलर प्रति बैरल के लाभ के लिए भारत अपनी छवि को युद्ध फाइनेंसर की तरह पेश नहीं होने दे सकता, यह बात दिल्ली और मॉस्को, दोनों को समझनी होगी। ऊर्जा सहयोग जरूरी है पर शर्तों पर पुनर्विचार भी उतना ही जरूरी है, दीर्घकालिक व पारदर्शी तेल-समझौते, कीमत, बीमा, शिपिंग और भुगतान पर साफ फार्मूला, ताकि हर तिमाही पर भू-राजनीति के हिसाब से अनिश्चितता न बनती रहे। एलएनजी, कोयला और परमाणु ऊर्जा में भी संतुलित साझेदारी जरूरी है, कुडनकुलम जैसे प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ें, नए रिएक्टरों पर स्पष्ट टाइमलाइन बने ताकि सहयोग केवल कच्चा तेल तक सीमित न रहे। ऊर्जा भारत के लिए जीवनरेखा है लेकिन यह रिश्ता तभी टिकाऊ होगा, जब इसके बदले में भारत को भी रूस के बाजार में वास्तविक और बड़े पैमाने पर जगह मिले, केवल भावनात्मक दोस्ती के भरोसे नहीं। आज की हकीकत यह है कि भारत रूस से कच्चा तेल, गैस, कोयला, उर्वरक और हीरे का भारी आयात करता है जबकि बदले में दवाएं, कुछ मशीनरी, केमिकल और सीमित उपभोक्ता वस्तुएं ही भेज पाता है। नतीजा यह कि रूस से आयात 60 अरब डॉलर से ज्यादा और रूस को निर्यात महज 5 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में तमाम दिग्गज विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली को पुतिन के सामने दो टूक बात रखनी होगी कि हम केवल तेल आयातक नहीं रह सकते। रूस को फार्मा, हैल्थकेयर इक्विपमेंट, आईटी सर्विसेज, ऑटो पार्ट्स, कृषि-उद्यानिक उत्पाद, मसाले, चाय-कॉफी, प्रोसेस्ड फूड, मोबाइल-इलैक्ट्रॉनिक्स और प्रोफैशनल सर्विसेज के लिए भारत को प्राथमिक सप्लायर बनाना होगा। आज रूस अपनी ज्यादातर नॉन-एनर्जी जरूरतों के लिए चीन की ओर देखता है, वहां प्रोडक्ट सस्ते हैं, लॉजिस्टिक नेटवर्क पुराना और मजबूत है लेकिन भारत को अपने डिमांड कार्ड का इस्तेमाल करके मॉस्को को यह संदेश देना होगा कि यदि भारत रूसी ऊर्जा और हथियारों के लिए खुला बाजार बना रहता है तो बदले में रूस को भी भारतीय सामान और सेवाओं के लिए अपने बाजार को संरचनात्मक रूप से खोलना पड़ेगा। यही संतुलन भारत को अमेरिकी टैरिफ-दबाव से आंशिक राहत दिला सकता है। जब रूस भारत से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाएगा, तब कम से कम एक धुरी पर भारतीय निर्यातकों के लिए नया और अपेक्षाकृत सुरक्षित बाजार बनेगा। रूस के साथ रक्षा सहयोग इस यात्रा का दूसरा बड़ा स्तंभ होगा। भारत ने एस-400 एयर-डिफेंस सिस्टम के लिए 2018 में समझौता किया, तीन स्क्वाड्रन मिल चुके हैं, दो की सप्लाई अभी बाकी है। यूक्रेन युद्ध, प्रोडक्शन प्रायोरिटी और लॉजिस्टिक बाधाओं के चलते डिलीवरी टाइमलाइन बार-बार खिसकती रही है। इसी तरह एसयू-30एमकेआई अपग्रेड, कलपुर्जों की सप्लाई, पनडुब्बियों और टैंकों के रखरखाव से जुड़े मुद्दे भी हैं। भारत अब एकल सप्लायर-निर्भरता से निकलकर फ्रांस, अमेरिका, इजराइल सहित कई स्रोतों से खरीद कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि रूस को क्लियर टाइमलाइन, पक्के सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट और जॉइंट प्रोडक्शन के ठोस प्रस्ताव देने होंगे और भारत को यह स्पष्ट संकेत देना होगा कि भरोसेमंद सप्लाई चेन और टैक्नोलॉजी ट्रांसफर ही तय करेगा कि अगली पीढ़ी के सौदों में रूस की हिस्सेदारी कितनी रहेगी। एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट पर भी बात होगी लेकिन भारत अब किसी एक प्रोजेक्ट पर आंख मूंदकर दांव लगाने की स्थिति में नहीं है। यह संवाद तभी सार्थक होगा, जब रूस को भी यह समझ आ जाए कि भारत आज खरीदार से ज्यादा भागीदार बनना चाहता है। अमेरिकी वित्तीय प्रतिबंधों के बाद भारत-रूस व्यापार ने डॉलर से हटकर दिरहम, रूपए और युआन जैसे विकल्पों की ओर रुख किया है। आज कच्चे तेल के भुगतान का बड़ा हिस्सा यूएई दिरहम के जरिए निपटता है, कुछ हिस्सा रूपए में और कभी-कभार युआन में। यह व्यवस्था कागज पर आकर्षक लगती है, डी-डॉलराइजेशन का नारा भी सुहावना लगता है लेकिन व्यवहार में इसमें तीन बड़ी समस्याएं हैं, निष्क्रिय रूपया बैलेंस, दिरहम पर निर्भरता और राजनीतिक जोखिम। रूस के पास जमा रूपया इस्तेमाल न होने पर यह भारत के लिए राजनीतिक व आर्थिक सिरदर्द बनता है। असल में हम डॉलर से निकलकर एक और मध्यस्थ मुद्रा पर निर्भर हो रहे हैं, जो खुद पश्चिमी वित्तीय व्यवस्था से जुड़ी है। किसी भी नए प्रतिबंध, सैकेंडरी सैंक्शन या पेमेंट रूल बदलने पर पूरी व्यवस्था हिल सकती है। या तो दोनों देश किसी स्थाई, स्पष्ट और कानूनन सुरक्षित पेमेंट फ्रेमवर्क पर सहमत हों या फिर ऊर्जा-सौदों को ऐसे कानूनी कवर में लाया जाए, जो बार-बार भू-राजनीतिक तूफानों में न डगमगाए। अमेरिका-यूरोप एक तरफ, रूस-चीन धुरी दूसरी तरफ, दुनिया नए तरह की शीत युद्ध जैसी ध्रुवीयता की ओर बढ़ती दिख रही है। भारत ने अब तक सफलतापूर्वक रणनीतिक स्वायत्तता की राह अपनाई है, क्वॉड में अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ बैठकर भी और ब्रिक्स तथा एससीओ में रूस-चीन के साथ साझेदारी निभाकर भी लेकिन ट्रंप टैरिफ और यूक्रेन युद्ध के बाद दबाव अब ठोस आर्थिक लागत में बदल चुका है। यही वह मोड़ है, जहां भारत को अपने लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत स्पष्ट करने होंगे। ऊर्जा सुरक्षा अनिवार्य है पर किसी एक स्रोत पर 35-40 प्रतिशत निर्भरता जोखिम है, रक्षा-सहयोग महत्वपूर्ण है पर एक सप्लायर पर लॉजिस्टिक निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम बन चुकी है, रणनीतिक स्वायत्तता जरूरी है पर इतनी भी मध्यमार्गी नहीं हो सकती कि दुनिया हमें खुले तौर पर युद्ध-वित्त पोषण के प्रतीक के रूप में देखने लगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हमारे शरीर की सारी वसा एक-सी नहीं होती

हमारे शरीर में वसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ शरीर के विकास के लिए भी आवश्यक हैं, लेकिन शरीर में वसा की अतिरिक्त मात्रा से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। भारत में औसतन 40 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से परेशान हैं। इससे निपटने के लिए सबसे अच्छा सुझाव तो नियमित रूप से व्यायाम और शारीरिक परिश्रम करना है, लेकिन ऐसा करना सबके लिए संभव नहीं हो पाता। इस विषय में कई तरह के शोध किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई ऐसा नुस्खा नहीं मिला जिससे आसानी से शरीर की वसा को नियंत्रित किया जा सके। हाल के वर्षों में एक अंतर्राष्ट्रीय शोध दल ने शरीर में उपस्थित अत्यधिक वसा से निपटने का तरीका खोज निकाला है।

गौरतलब है कि हमारे शरीर में मुख्य रूप से दो प्रकार की वसा होती हैरू ब्राउन फैट और व्हाइट फैट। ब्राउन फैट चयापचय, मोटापे और मधुमेह को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और दीर्घायु को संभव बनाती है। दूसरी ओर, व्हाइट फैट चयापचय की दृष्टि से अकार्यशील होता है। इसकी ऊर्जा का अधिक उपयोग नहीं किया जाता है और यह शरीर में जमा होता रहता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, तो यह एक महत्वपूर्ण सवाल रहा है कि शरीर में ब्राउन फैट को कैसे बढ़ाया व सक्रिय किया जाए। साथ ही यह भी एक मुद्दा रहा है कि क्या व्हाइट फैट को ब्राउन में तबदील करना संभव है। क्यूबैक स्थित शेरब्रुक युनिवर्सिटी हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में शरीर में उपस्थित ब्राउन फैट को सक्रिय करने का प्रयास किया गया है। वास्तव में ब्राउन फैट ठंड या कुछ रासायनिक संकेतों के प्रत्युत्तर में सक्रिय होकर शरीर में गर्मी उत्पन्न करता है। मनुष्यों के शरीर में ब्राउन फैट की मात्रा काफी कम होती है। वैज्ञानिकों का प्रयास रहा है कि किसी अन्य तरीके से ब्राउन फैट को सक्रिय किया जा सके या व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित किया जा सके ताकि चयापचय में सुधार हो। ब्राउन फैट नवजात शिशुओं की गर्दन और कंधों में पाया जाता है। यह काफी मात्रा में कैलोरी जलाता है और शरीर को गर्म रखने का काम करता है। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ यह कम होने लगता है और 6 वर्ष की आयु तक यह कुल फैट के 5 प्रतिशत से भी कम हो जाता है। इसके बाद हमारे शरीर में केवल निष्क्रिय व्हाइट फैट बनता है। इस व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में बदलने और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग किया। उन्होंने व्हाइट फैट की कोशिकाओं को लेकर उन्हें बहुसक्षम स्थिति में परिवर्तित किया और फिर कुछ एपीजेनेटिक स्विच के साथ छेड़छाड़ की तो वे ब्राउन फैट कोशिकाओं में परिवर्तित हो गईं। इसके बाद उन्होंने ब्राउन फैट कोशिकाओं को कल्चर किया और एक अन्य जीन को सक्रिय करके कोशिका की सतह पर ऐसे प्रोटीन की



संरचना को परिवर्तित कर दिया जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा करते हैं। ऐसा करने से ब्राउन फैट को भेड़ों में इंजेक्ट करने पर उनके शरीर ने इसे अस्वीकार नहीं किया। इस ब्राउन फैट को एक मोटी भेड़ में डाला गया। जैसी कि उम्मीद थी अधिक मात्रा में ब्राउन फैट वाली भेड़ दुबली हो गई और उसमें चयापचय सिंड्रोम तथा मधुमेह भी खत्म हो गया।


इस संदर्भ में डा. शिन्या यामानाका द्वारा वयस्क कोशिकाओं को उनकी मूल भ्रूण अवस्था में लाने का काम महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके लिए उन्होंने चार प्रकार के जीन को सक्रिय किया था जिन्हें यामानाका कारक कहा जाता है। ये कारक एक तरह से स्विच का काम करते हैं। भ्रूणीय अवस्था में आने के बाद ए कोशिकाएं ब्राउन फैट, व्हाइट फैट, हृदय। लीवर या गुर्दे वगैरह की कोशिकाएं बनाने में सक्षम हो जाती हैं। ब्राउन फैट को उपयोग करने में एक बड़ी समस्या रही है कि ब्राउन फैट द्वारा किए जाने वाले कार्यों को व्हाइट फैट में प्रोग्राम किया जाए। यह अब संभव हो गया है। डेलावेयर स्थित एक समूह ने एक मान्य उपचार के माध्यम से कुछ महिलाओं में निष्क्रिय ब्राउन फैट को सक्रिय किया तथा व्हाइट फैट को ब्राउन में भी परिवर्तित किया। इसकी मदद से व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने की तकनीकें विकसित की जा सकेंगी। यह ब्राउन फैट आपके वजन को कम करने के साथ मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, अस्थि रोग और डिमेंशिया के जोखिम को भी कम करेगा। यह तकनीक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। गौरतलब है कि 1974 से मधुमेह, अस्थिरोग और कैंसर जैसे बीमारियों के लिए व्हाइट फैट का बढ़ता स्तर सबसे बड़ा कारण है। इसके अलावा थकान और ताकत की कमी जैसे बुढ़ापे के लक्षणों के पीछे का कारण भी शरीर की अतिरिक्त वसा है। वसा के बढ़ने से जीवन प्रत्याशा में भी कमी आई है। यदि वैज्ञानिक मनुष्यों में व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने का रास्ता खोज निकालते हैं तो इससे कई बीमारियों के जोखिम में कमी आ सकती है।

**...स्रोत फीचर्स**

# फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात

भारतीय शोधकर्ताओं ने धान के पौधे से एक बैक्टीरिया खोजा है, जो रोगजनक फंगस (फफूंद) को खाता है, साथ ही शोधकर्ताओं ने उस बैक्टीरिया में एक फंगल-रोधी प्रोटीन की भी पहचान की है, जो कई तरह के फंगल इनफेक्शन से लड़ने में मददगार हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार बीजी-9562 नामक यह नया प्रोटीन पौधों के साथ-साथ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं में होने वाले फंगल इनफेक्शन को रोकने में कारगर साबित हो सकता है। यह शोध नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (एनआईपीजीआर) के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में शामिल प्रमुख शोधकर्ता डा. गोपालजी झा ने बताया कि बीजी-9562 एक फंगल-रोधी प्रोटीन है, जो फंगल-भोजी बैक्टीरिया बर्खोल्डेरिआ ग्लैडिओली के एक रूप एनजीजे 1 में पाया जाता है। एनजीजे 1 फंगस पर आश्रित रहता है और उसकी कोशिकाओं को नष्ट करने की क्षमता रखता है। धान की शीथ ब्लाइट नामक बीमारी के लिए जिम्मेदार फफूंद राइजोक्टोनिया सोलानी के नियंत्रण में एनजीजे 1 को प्रभावी पाया गया है, लेकिन पहले वैज्ञानिकों को यह मालूम नहीं था एनजीजे 1 में पाए जाने वाले इस गुण के लिए कौन-सा तत्व जिम्मेदार है। हालांकि अव वैज्ञानिकों का मानना है कि फफूंद को अपना भोजन बनाने के गुण के कारण किसी अन्य फंगल-रोधी बैक्टीरिया की अपेक्षा एनजीजे 1 ज्यादा प्रभावी जैव नियंत्रक साबित हो सकता है। यह अध्ययन हाल में शोध पत्रिका नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित किया गया है। डा. झा के अनुसार बीजी-9562 प्रोटीन फंगल-रोधी



उपचार में कई तरीकों से उपयोगी हो सकता है। उदाहरण के लिए इस प्रोटीन के उपयोग से तैयार मिश्रण खेतों में छिड़ककर फसल को रोगों से बचा सकते हैं।

फंगल संक्रमण के उपचार के लिए दवा बनाने में भी यह कारगर हो सकता है। इसके अलावा फंगल-रोधी पौधे विकसित करने में भी ट्रांसजीन के रूप में बीजी-9562 जीन का उपयोग हो सकता है। दुनिया भर में रोगजनक फफूंद कई रूपों में खतरा बने हुए हैं। राइजोक्टोनिया सोलानी, मैग्नापोर्थ ओराइजे, फ्यूसिरियम ऑक्सिसपोरम, एस्कोकाईटा रैबेई और वेंचुरिया इनैक्वालिस नामक फंगस पौधों के कुछ प्रमुख रोगजनक माने जाते हैं। कुछ फफूंद जैसे कि कैंडिडा एल्बिकैन्स मनुष्य और जानवरो में भी फंगल संक्रमण का कारण होते हैं। इनके नियंत्रण के प्रभावी उपाय खोजे जा रहे हैं। इस लिहाज से यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में डा. गोपालजी झा के अलावा दुर्गा माधव स्वैन, सुनील कुमार यादव, ईशा त्यागी, राहुल कुमार, राजीव कुमार, श्रेयान घोष और जयती दास शामिल थे।

# बच्चों के दोस्त बनकर रहें

आज फैशन, लाइफ स्टाइल, करियर, दोस्त और एजुकेशन को लेकर युवाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। घर का बच्चा कब जागता है, कब खाता है, क्या खाता है, कहां जाता है, कौन दोस्त है, उसकी पढ़ाई कैसी चल रही है, उसके मन-मस्तिष्क में किस तरह के झंझावात चल रहे हैं, आज घर वालों को इन बातों का रत्तीभर भी अंदाजा नहीं है। युवाओं के मन-मस्तिष्क को समझने वाले साइकोलॉजिस्ट कहते हैं कि बच्चे से युवा होते किशोर सबसे ज्यादा अपने दोस्तों से प्रभावित होते हैं। उन्हीं के हिसाब से फैसले लेते हैं, वे किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहते। लिहाजा जिद्दी हो जाते हैं, यही जिद उन्हें तनाव की तरफ ले जाती है। जीवन के प्रति आज बड़ों और युवाओं का नजरिया अलग-अलग है। आसानी से चीजों की प्राप्ति के लिए युवाओं के पास कई तरह के रास्ते हो सकते हैं, उन्हें कतार में खड़े रहना पसंद नहीं, जबकि बुजुर्ग रिश्तों की प्रतिबद्धता में विश्वास रखते हैं। उन्हें लगता हैं कि उनका बच्चा परिवार और पारिवारिक रिश्तों के प्रति जिम्मेदार है, जबकि युवाओं का अधिकांश वक्त दोस्तों और सोशल साइट्स पर बीत रहा है। न्यूक्लियर फैमिली की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बच्चों के लिए माता-पिता के पास वक्त नहीं है। उनकी हर जिद को पूरा करके माता-पिता सोचते हैं कि उनका बच्चा आइडियल संतान बन रहा है। महानगरों में कार्यरत माता-पिता नौकरीपेशा होते हैं। लिहाजा बच्चा किशोरवय की दहलीज पर पहुंचते-पहुंचते भटकाव के रास्ते पर आ खड़ा होता है। जिन तीन मामलों का ऊपर जिक्र किया उन तीनों में एक बात समान है कि तीनों युवाओं से घर वालों की बातचीत ज्यादा नहीं हो रही थी। माता-पिता सुबह काम पर चले जाते हैं। बच्चे को अगर किसी चीज की जरूरत होती है तो उसे झटपट पूरा करने के बाद वे समझ जाते हैं कि बच्चा खुश है। हमारा सामाजिक परिवेश तेजी से बदल रहा है। महानगरीय स्वरूप तीन दशकों में बिल्कुल बदल गया है। दादा-दादी, नाना-नानी, बुआ, चाचा फ्लैट कल्चर में समा नहीं पाते। इसका गंभीर प्रभाव युवाओं पर बुरा असर डाल रहा है। एक वक्त था जब दादा, चाचा, बुआ पल भर में बच्चे की मानसिक स्थिति को समझ जाते थे। उनके मन में क्या चल रहा है, समाज को समझने के लिए उनका नजरिया क्या होना चाहिए, पढ़ाई के दबाव से वे कैसे बाहर निकलेंगे, इन बातों के हल के लिए परिवार में मौजूद लोगों के पास सटीक नुस्खे होते थे। अवसाद से घिरा युवा समझ नहीं पाता कि कहां जाऊं और किससे बात करूं। इसीलिए घर से ज्यादा वक्त किशोर दोस्तों के साथ बिताना चाहता है। स्कूल में पढ़ाई का आधे से ज्यादा काम फेसबुक, मेल-आईडी और व्हाट्सएप के जरिए पूरा हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को शिक्षा से ज्यादा किशोर दूसरी चीजों में कर रहे हैं। स्कूलों की प्राथमिकताएं भी आदर्श छात्र बनाने से कहीं ज्यादा हाई-टेक स्कूल बनाने में है। देश की शिक्षा नीति सूचना प्रौद्योगिकी की तो हिमायत करती है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि अध्यापक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ही क्लासरूम का स्मार्टबोर्ड बना लें। एकल परिवार की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वह बच्चे से अत्याधिक अपेक्षाएं रखते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि बच्चों के दोस्त बनकर उनकी भावनाओं को समझा जा सकता है। उनकी तुलना किसी दूसरे से करने पर उनके किशोरमन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। परिजनों को समझना होगा कि हमारा बच्चा क्या चाहता है और उसकी चाहत का क्या मतलब है। बच्चों को समझाएं कि बदलाव जीवन का हिस्सा है। माता-पिता बच्चों के साथ उनके मन की बातों को साझा करें। बच्चों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं। पढ़ाई के साथ ही घर के कामकाज में भी उनकी भागेदारी तय करें। खुद पर नियंत्रण रखने की सीख दें। दूसरों को सम्मान देने की शिक्षा दें। बच्चों से कहें कि उनकी बौद्धिक क्षमता बहुत अच्छी है। बच्चों के साथ भेदभाव वाला बर्ताव न करें। माता-पिता अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। तभी हम किशोरों को बिखराव से बचा सकते हैं।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के रेडवानी बाला में भारतीय सेना की 1 राष्ट्रीय राइफल्स (महार रेजिमेंट) द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कतार में प्रतीक्षा करते ग्रामीण।

## विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा, ओमान ने की छुड़ाने में मदद

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं और जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी। बयान में कहा गया कि भारत सरकार इस रिहाई को संभव बनाने में सहयोग के लिए ओमान की सल्तनत की आभारी है।

## मोजाम्बिक में विस्थापितों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी मोजाम्बिक प्रांत में हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित किया। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने गुरुवार को दी। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव एवं आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने नामपुला प्रांत में 120000 विस्थापित लोगों के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (सीईआरएफ) से बुधवार को सहायता जारी की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि मंगलवार तक लगभग एक लाख लोग मध्य नवम्बर में प्रांत में हिंसा फैलने के बाद से अपने घरों से पलायन कर चुके हैं।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

## कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला, इस साल 8वीं बार क्रैश हुआ अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा भारतीय टाइम के मुताबिक रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्राना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ।

विमान ट्राना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया। इस साल यह आठवीं बार है जब एफ-16 क्रैश हुआ है। सबसे ज्यादा 3 बार यूक्रेन, 2 बार अमेरिका के अलावा यह फाइटर जेट पोलैंड, जापान और साउथ कोरिया में क्रैश कर चुका है।



■ सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डालर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपये) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ-16 फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57जी विंग पब्लिक अफेयर्स आफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी। एफ-16 अमेरिका का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था।


# पाक पीएम-आर्मी चीफ पर बैन की मांग

## 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहाः पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं।

यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। सी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। सांसदों ने 2024 के आम चुनावों में हुई धांधली का भी जिक्र किया, जिस पर स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' के अलावा खुद अमेरिकी विदेश विभाग ने भी गहरी चिंता जताई थी और पूरी जांच की मांग की थी। चिट्ठी में कहा गया कि 2024 के पाकिस्तानी चुनावों में भयंकर धांधली हुई थी। इसकी पूरी दुनिया ने निंदा की और एक स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' में सारी गड़बड़ियों का सबूत के साथ दस्तावेज तैयार किया गया है। इन चुनावों के जरिए सिर्फ एक कठपुतली सरकार बनाई गई है, जो बाहर से सही लगती है लेकिन असल में इसे सेना चलाती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भी उस समय कहा था कि चुनाव में बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। अब हालत यह है कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि आम नागरिकों का केस भी सैन्य अदालतों में चल सकता है। इससे अदालतें पूरी तरह सेना के कंट्रोल में आ गई हैं और जो अधिकारी या जनरल जुल्म करते हैं, उन्हें सजा मिलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा। 44 सांसदों ने लेटर पर साइन करके इसे अमेरिकी विदेश मंत्री के पास भेजा। आसिम मुनीर 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल चुके हैं। 18 जून को ट्रम्प ने उन्हें लंच के लिए व्हाइट हाउस बुलाया था। इस दौरान दोनों ने बंद कमरे में बैठक की थी।

अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया था। इसके बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से मुलाकात की थी। तीनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। अमेरिकी सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और दूसरे राजनीतिक कैदियों की रिहाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से आग्रह करते हैं कि जो अधिकारी नागरिकों की कानूनी आजादी को कमजोर कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। सांसदों ने आगे कहा कि ऐसे कदम मानवाधिकारों के तरफ अमेरिका की जवाबदेही को दिखाएंगे। पाकिस्तानी अमेरिकी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय दमन से बचाएंगे और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देंगे। इमरान खान पिछले दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से इमरान के परिवार को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा था।



■ पाक में सेना सरकार चला रही है आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा
■ पत्रकारों को धमकाकर देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा

### क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं...

**वाशिंगटन।** सांसदों के पत्र के अनुसार, शरीफ और मुनीर सहित वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जो अमेरिकी कानूनों के तहत संभव हैं। वीजा बैन-अमेरिका में यात्रा पर पूर्ण रोक, जिससे ये अधिकारी या उनके परिवार अमेरिका में कदम नहीं रख सकेंगे। यह उन अधिकारियों पर लागू होगा जो अमेरिकी नागरिकों या निवासियों को धमकाने, उनके पाकिस्तानी परिजनों का अपहरण कराने या हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं। संपत्ति जब्ती-अमेरिका या अमेरिकी प्रभाव वाले देशों में इनकी किसी भी संपत्ति, बैंक खातों या वित्तीय लेन-देन पर रोक। यह ग्लोबल मैग्निट्सकी एक्ट के तहत किया जा सकता है, जो मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आर्थिक दबाव डालता है।

## कट्टरपंथी विश्व अमेरिका के लिए खतराः मार्क रूबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी इस्लाम की 'ज्यादा क्षेत्रों और अधिक लोगों को नियंत्रित करने' की महत्वाकांक्षा दुनिया के लिए एक 'आसन्न खतरा' है। विदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमेरिका नाइजीरिया और विश्व स्तर पर 'ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को धन मुहैया कराने या उनका समर्थन करने वालों' के लिए वीजा प्रतिबंधित करेगा। रूबियो ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कट्टरपंथी इस्लामवादियों को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और दावा किया कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) अमेरिका को 'पृथ्वी पर बुराई का मुख्य स्रोत' मानते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह विचार इराक या सीरिया के किसी प्रांत को नियंत्रित करके ही संतुष्ट रहेगा, ऐसा इतिहास से सिद्ध नहीं होता है। इराक या सीरिया ने दिखाया है कि उनकी इच्छा सिर्फ दुनिया के एक हिस्से पर कब्जा करके अपने छोटे से खलीफा से संतुष्ट होना नहीं है, वे विस्तार करना चाहते हैं। रूबियो ने ईरान का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) प्रभाव हासिल करने के लिए और विभिन्न संस्कृतियों एवं समाजों पर हावी होने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को करीब दो माह का समय बीतने वाला है, लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है और संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं। ताजा इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है।

वहीं इजरायल का दावा है कि हमास के लड़ाकों ने उसके सैनिकों पर हमला किया, जिसमें उसके पांच सैनिक घायल हो गए। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इजरायली मिसाइल हमले में पांच नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ।

एजेंसी ने बताया कि कुवैत के फील्ड अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी कैंप में यह हमला हुआ। गाजा के एक अस्पताल ने भी हमले में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में आठ और 10 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं इजरायली सेना ने बयान जारी कर कहा कि दक्षिणी गाजा में 'हमास के लड़ाकों' ने उनके जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत बेहद गंभीर है। इजरायल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम समझौता हुआ था। संघर्ष विराम के बाद दोनों तरफ से सक्रिय और बड़े हमले तो रुक गए हैं, लेकिन इसके बावजूद छिटपुट हिंसा की घटनाएं अभी भी जारी हैं और दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं।



■ संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं
■ यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ

## चीन में नई शहरीकरण रणनीति लागू करने का आग्रह

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने जन-केंद्रित नई शहरीकरण रणनीति को लागू करने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के एकीकृत विकास में निहित घरेलू मांग को खोलने और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का आग्रह किया। ली ने यह टिप्पणी बुधवार को राज्य परिषद के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए की। ली ने कहा कि घरेलू मांग का विस्तार करने, औद्योगिक उन्नयन को बढ़ावा देने और घरेलू खपत को मजबूत करने के लिए नई शहरीकरण रणनीति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में पूरे देश में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और 15वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2026-2030) में नए शहरीकरण के विकास के लिए बहुत गुंजाइश है।

## भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**कोलंबो।** भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है।

द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवम्बर से चरम मौसम की वजह से बनी है। भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, आपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

## वियतनाम प्रौद्योगिकी नवाचार में 34 करोड़ अमरीकी डॉलर निवेश करेगा

**हनोई।** वियतनाम सरकार अगले वर्ष से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अपने वार्षिक बजट की चार प्रतिशत राशि आवंटित करेगी, जो नौ खरब वियतनामी डोंग के बराबर है। यह जानकारी वीएनइकोनॉमी ने गुरुवार को दी। कुल निवेश में से सार्वजनिक निवेश 5.5 खरब वियतनामी डोंग से अधिक होगा। नगर निगम की पीपुल्स कमेटी के उपाध्यक्ष त्रुओंग वियत डुंग ने कहा कि 2025 में आठ से 10 प्रतिशत और 2026 में 11 प्रतिशत के विकास लक्ष्य को बनाए रखने के लिए शहर के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम

## अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जारी किया बयान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है।

पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है। पुतिन का यह बयान मास्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है। बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए। बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है। इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है। उसी तरह यूक्रेन ने भी कुछ मुद्दों पर सहमति तो कुछ को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक के बाद कहा कि यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी। यह मुश्किल काम है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन की पहल पर रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की कोशिशों में तेजी आई है।

हालांकि रूस और यूक्रेन को 'रेड लाइन्स' प्रस्तावों को सुलझाना अभी भी टेढ़ी खीर बना हुआ है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ रूसी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से पहले यूरोप को धमकी देते हुए कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर यूरोप जंग चाहता है तो हम तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं करने जा रहे हैं, मैंने पहले ही कहा है। लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ जंग छेड़ना चाहता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर यूरोप रूस के साथ जंग शुरू करता है, तो श्ऐसी स्थिति बन सकती है जिसमें बातचीत करने के लिए कोई नहीं होगा।



■ शांति प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर रूस की असहमति

# हसीना के बेटे सजीब वाजेद के गिरफ्तारी वॉरंट जारी

## जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जाय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

ट्राइब्यूनल ने बताया कि जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जाय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया। जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1400 मौतों का अनुमान दिया था, जिसमें पुलिस और अवामी लीग कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की हिंसा भी शामिल थी। इसी विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में ट्राइब्यूनल ने पहले ही शेख हसीना और उनके तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई है। उनका ट्रायल अनुपस्थिति में हुआ क्योंकि दोनों देश छोड़ चुके थे। अदालत ने माना कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरकारी कार्रवाई बेहद क्रूर और योजनाबद्ध थी, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और दमन शामिल था। ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को एक और मामले में पूर्व विधि मंत्री अनिसुल हक और पूर्व निवेश सलाहकार सलमान एफ. रहमान के खिलाफ भी औपचारिक आरोप स्वीकार कर लिए। यह मामला कर्फ्यू लागू होने के बाद कथित सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है। दोनों नेता पहले से जेल में हैं और अदालत ने उन्हें 10 दिसम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इसी मामले में पूर्व आईसीटी राज्य मंत्री पलक को भी अदालत में पेश होना होगा। इन कार्रवाइयों के बाद बांग्लादेश की राजनीति में तनाव और गहराता दिख रहा है।



■ हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है
■ जाय हसीना सरकार में ICT मामलों के सलाहकार थे





